डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

आश्विन शुक्ल पक्ष 15, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 17 अक्टूबर 2024, वर्ष-31, अंक-04, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com





विदेश मंत्री बोले आतंक और व्यापार ...

संसेक्स 81,501.36 -318.76

डॉलर 84.056 -0.028

पलामू सर्राफा

10 ग्राम 76,810

01 किलो 92,530

## एक नजर

### आईएएस अलका तिवारी बन सकती हैं झारखंड की मुख्य सचिव

**रांची।** आईएएस अलका तिवारी को झारखंड का अगला मुख्य सचिव बनाया जा सकता है। केंद्र सरकार ने आईएएस अलका तिवारी को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से उनके मूल कैडर झारखंड में वापस करने का आदेश जारी किया है। सूत्रों का कहना है कि उन्हें मुख्य सचिव के पद पर पदस्थापित किया जा सकता है। अलका तिवारी 1988 बैच की आईएएस हैं। वह झारखंड के कई जिलों में डीसी के पद पर भी काम कर चुकी हैं। वर्तमान में झारखंड में मुख्य सचिव के पद पर आईएएस एल ख्यांग्ते पदस्थापित हैं। एल ख्यांगते इसी माह 31 अक्टूबर को सेवानिवृत होंगे। झारखंड में अचार संहिता लागू हो गया है। इस कारण मुख्य सचिव के पद पर पदस्थापन का फैसला चुनाव आयोग को ही लेना है।

### राज्य में बदला मौसम का मिजाज, 17-18 को गरज के साथ होगी बारिश

**रांची।** राजधानी रांची में मौसम का मिजाज बुधवार को बदला। आकाश में काले बादल छा गए और देखते ही देखते झमाझम बारिश होने लगी। बादल भी गरजने लगे। मौसम विभाग ने पूवानुर्मान में बताया कि राज्य के नौ जिलों में मौसम का मिजाज बदल सकता है। गरज के साथ बारिश हो सकती है। जिन जिलों के लिए पूवानुर्मान जारी किया है, उनमें रांची, खूंटी, लोहरदगा, रामगढ़, धनबाद, गुमला, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिले शामिल हैं। मौसम केंद्र ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में डिप्रेशन की वजह से मौसम ने करवट ली है। इस कारण बादल छाए हुए हैं और बारिश भी हो रही है। इसका येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, 17 और 18 अक्टूबर को राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश और वज्रपात की संभावना है। रांची सहित देवघर, धनबाद, गोड्डा, दुमका, गिरिडीह, जामताड़ा, पाकुड़ साहेबगंज, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा में 17 अक्टूबर को हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है जबकि 18 अक्टूबर को भी बारिश की संभावना है।

## आज | कल




# रेलवे अंडर पास न बनने पर ग्रामीणों का चुनाव बहिष्कार का ऐलान

**बेगमपुरा के ग्रामीणों ने लिया चुनाव बहिष्कार का संकल्प, प्रशासन से उठाई मांग**

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** थर्ड लाइन विस्तारीकरण के कारण घनी आबादी वाले गांवों के ग्रामीणों को आवागमन में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लटपौरी पंचायत के बेगमपुरा गांव के ग्रामीण भी इसी परेशानी से जूझ रहे हैं, जहां रेलवे अंडर पास न बनने के कारण लोगों को आवागमन में जोखिम उठाना पड़ रहा है। लंबे समय से इस मांग के बावजूद अंडर पास का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है।



बुधवार को बेगमपुरा गांव के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और विधानसभा चुनाव के बहिष्कार का संकल्प लिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जब तक रेलवे अंडर पास का निर्माण नहीं होता, तब तक वे चुनाव में हिस्सा नहीं लेंगे। ग्रामीणों ने यह भी संकल्प लिया कि वे किसी के बहकावे में नहीं आएंगे और अपनी मांग को लेकर अडिग रहेंगे। ग्रामीणों की इस घोषणा ने प्रशासन और राजनीतिक दलों के सामने चुनौती खड़ी कर दी है, क्योंकि आगामी चुनावों में यह मुद्दा बड़ी बाधा बन सकता है।

# झारखंड में चुनाव कराने के लिए 590 कंपनी पैरामिलिट्री फोर्स की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य की पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स की 590 कंपनियों की तैनाती की मांग की है। हाल में लोकसभा चुनाव के दौरान राज्य में तीन चरणों में मतदान कराया गया था और उस वक्त 230 कंपनी पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती की गई थी। विधानसभा में कुल 81 सीटों के लिए दो चरणों में 13 एवं 20 नवंबर को मतदान कराया जाना है। जबकि, मतगणना 23 नवंबर को कराई जाएगी। भारत के निर्वाचन आयोग ने राज्य में भयमुक्त एवं निष्पक्ष माहौल में चुनाव संपन्न कराने के लिए चाक-चौबंद इंतजाम के निर्देश दिए हैं। चुनाव की घोषणा के ठीक पहले आयोग के निर्देश पर



झारखंड को कुल 100 कंपनी पैरामिलिट्री फोर्स उपलब्ध कराई गई है। इनमें सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, बीएसएफ, एसएसबी और आईटीबीपी की टुकड़ियां शामिल हैं, जिन्हें राज्य के सभी 24 जिलों में तैनात किया जा रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि फिलहाल प्रत्येक जिले में 3 से 5 कंपनी पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती की जा रही है। इन्हें फ्लैग मार्च, क्षेत्रीय डोमिनेशन और चेकिंग जैसे कार्यों में लगाया जा रहा है, ताकि आम जनता का विश्वास बढ़े। झारखंड में चुनावों के दौरान नक्सलियों की गतिविधियों के कारण पुलिस-प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती होती है। हालांकि, बीते पांच वर्षों में पुलिस और सुरक्षाबलों के लगातार अभियान की वजह से नक्सलियों का प्रभाव घटा है। वर्ष 2019 में राज्य में जहां 24 में से 16 जिले नक्सल प्रभावित थे, वहीं अप्रैल 2024 में भारत सरकार के गृह विभाग की ओर से जारी सूची में राज्य के सिर्फ पांच जिलों पश्चिमी सिंहभूम, गिरिडीह, गुमला, लोहरदगा और लातेहार को नक्सल प्रभावित माना गया है। इनमें से पश्चिमी सिंहभूम को सबसे ज्यादा नक्सल प्रभावित श्रेणी में रखा गया है। जबकि, चार अन्य को 'डिस्ट्रिक्ट ऑफ कंसर्न' माना गया है।

# प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के नाम पर लेवी वसूलने की योजना बनाते 6 गिरफ्तार

**चार देशी राइफल, एक देशी कट्टा, चार 8 एमएम के कारतूस, छह मोबाइल व चार वर्दी बरामद**

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** पुलिस ने बुधवार को एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के नाम पर लेवी वसूलने की योजना बना रहे छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई में कई अवैध हथियार, कारतूस, मोबाइल, वर्दी भी बरामद की हैं। लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग प्रतिबंधित संगठन के नाम पर लेवी वसूलने की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भरत राम के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इसके बाद थाना प्रभारी मनिका और सशस्त्र बल के



सहयोग से छापेमारी अभियान मनिका थाना क्षेत्र के जंगुर गांव में चलाया गया। वहां से दामोदर यादव के पुत्र 24 वर्षीय अनिल कुमार यादव को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर मानिकपुरा के जंगल में स्थित एक तालाब के पास से अवैध हथियारों का जखीरा बरामद किया गया। बरामदगी में चार देशी राइफल, एक देशी कट्टा, चार 8 एमएम के कारतूस, छह मोबाइल व चार चितकबरा वर्दी शामिल हैं। अनिल यादव के साथ पांच अन्य आरोपी भी गिरफ्तार किए गए। इनकी पहचान सागर यादव (उम्र 22 वर्ष), अखिलेश यादव (उम्र 23 वर्ष), मिथिलेश यादव (उम्र 21 वर्ष), शिवनंदन यादव उर्फ शिव (उम्र 20 वर्ष) व जावेद अंसारी (उम्र 25 वर्ष) के रूप में हुई है। ये सभी लातेहार जिले के विभिन्न क्षेत्रों के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार ये सभी आरोपी मिलकर पिछले एक साल से ग्रामीणों और ठेकेदारों को धमका कर व जान से मारने का भय दिखाकर जबरन लेवी वसूलने का काम कर रहे थे। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ था। पुलिस की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। मुख्य आरोपी अनिल कुमार यादव पहले भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है और पलामू जिले के तरहसी थाना से जेल जा चुका है। पुलिस ने इस मामले में मनिका थाना में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है, जिनमें बीएनएस अधिनियम, आर्म्स एक्ट और सीएलए एक्ट की धाराएं शामिल हैं। छापेमारी में अभियान में थाना प्रभारी शशि कुमार, पुअनि सत्येंद्र कुमार, रंजन पासवान व अन्य पुलिसकर्मियों ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बताया कि इस कार्रवाई से जिले में उग्रवादी गतिविधियों पर लगाम लगेगी और आगे भी इस प्रकार की गतिविधियों पर सख्ती से नजर रखी जाएगी।

# झारखंड में सभी सरकारों ने आदिवासियों को छला : व्यास जी गोंड



**समाजवादी पार्टी ने 11 सीटों पर लड़ने का किया ऐलान, गठबंधन पर दो दिनों में होगा निर्णय**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** समाजवादी पार्टी के उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं झारखंड चुनाव प्रभारी व्यास जी गोंड और प्रदेश अध्यक्ष केश्वर यादव उर्फ रंजन यादव ने संयुक्त रूप से मेदिनीनगर में आयोजित एक प्रेस वार्ता में आगामी झारखंड विधानसभा चुनावों की रणनीति का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि पार्टी झारखंड में 11 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला कर चुकी है। पलामू, चतरा और हजारीबाग के बरही सहित इन क्षेत्रों पर पार्टी की नजर है। उन्होंने बताया कि 'इंडिया' गठबंधन के तहत अगले दो दिनों में स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। यदि 11 सीटों पर प्रत्याशी उतारने शेष पृष्ठ 11 पर

**गठबंधन की स्थिति स्पष्ट नहीं, कई दलों के नेता संपर्क में**

प्रदेश अध्यक्ष केश्वर यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी कांग्रेस के साथ गठबंधन पर विचार कर रही है, लेकिन अगर यह गठबंधन नहीं हुआ, तो स्थिति बिल्कुल उलट हो सकती है। उन्होंने दावा किया कि कई अन्य दलों के नेता भी समाजवादी पार्टी के संपर्क में हैं। यादव ने केंद्र और राज्य सरकारों की आलोचना करते हुए कहा कि दोनों सरकारें युवाओं के रोजगार और पलायन की समस्या को हल करने में असफल रही हैं। उन्होंने शेष पृष्ठ 11 पर

# झापा 20 सीटों पर लड़ेगी, पांच उम्मीदवारों की घोषणा, एनोस के पुत्र-पुत्री भी मैदान में

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** 'झारखंड पार्टी' ने राज्य में 20 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने का ऐलान किया है। पार्टी के अध्यक्ष एनोस एक्का ने बुधवार को रांची में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पांच सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की। कोल्हान प्रमंडल की चाईबासा सीट से कोलंबस हांसदा, मनोहरपुर से महेंद्र जमुदा, सिमडेगा से आयरिन एक्का, कांके से अनिल कुमार पासवान और कोलेबिरा से संदेश एक्का को उम्मीदवार बनाया गया है। दिलचस्प बात यह है कि इन पांच प्रत्याशियों में से दो आयरिन एक्का और संदेश एक्का पार्टी के प्रमुख एनोस एक्का के पुत्र एवं पुत्री हैं। पूर्व में झारखंड सरकार में मंत्री रह चुके एनोस एक्का ने कहा कि पार्टी झारखंड के हितों की बात करने वाले और समान विचारधारा वाले दलों से गठबंधन की पक्षधर है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में चुनाव के बाद बनने वाली सरकार में झारखंड पार्टी अहम भागीदार होगी। रांची के एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित मिलन समारोह में झारखंड के पूर्व मंत्री स्वर्गीय रमेश सिंह मुंडा के बड़े पुत्र और तमाड़ सीट से झामुमो के विधायक विकास मुंडा के भाई राजकुमार मुंडा ने अपने समर्थकों के साथ झारखंड पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। संभावना व्यक्त की जा रही है कि राजकुमार मुंडा तमाड़ सीट पर झारखंड पार्टी के उम्मीदवार होंगे, जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से उनके भाई और मौजूदा विधायक विकास मुंडा का भी मैदान में उतरना तय माना जा रहा है। यानी, इस सीट पर भाई-भाई में मुकाबले की तस्वीर बनती दिख रही है।

# केंद्र सरकार ने रबी फसलों के लिए एमएसपी में किया इजाफा

-आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने बुधवार को 2025-26 के लिए सभी जरूरी रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को बढ़ा दिया है। कैबिनेट बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एमएसपी में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी सरसों के लिए 300 रुपये प्रति क्विंटल की गई है, इसके बाद मसूर की एमएसपी को 275 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया गया है। चना, गेहूं, कुसुम और जौ के लिए क्रमशः 210 रुपये प्रति क्विंटल, 150 रुपये प्रति क्विंटल, 140 रुपये प्रति क्विंटल और 130 रुपये प्रति क्विंटल शेष पृष्ठ 11 पर

**एमएसपी में बढ़ोतरी**

**सरसों : 5650 से 5950 रुपये प्रति क्विंटल, बढ़ोतरी 300 रु**
**सूरजमुखी : 5800 से 5940 रुपये प्रति क्विंटल, बढ़ोतरी 140 रु**
**चना : 5440 से 5650 रुपये प्रति क्विंटल, बढ़ोतरी 210 रु**
**गेहूं : 2275 से 2425 रुपये प्रति क्विंटल, बढ़ोतरी 150 रु**
**जौ : 1850 से 1980 रुपये प्रति क्विंटल, बढ़ोतरी 130 रु**
**मसूर : 6425 से 6700 रुपये प्रति क्विंटल, बढ़ोतरी 275 रु**

**किसान को औसत मार्जिन**

**गेहूं :** 105 प्रतिशत
**सरसों :** 98 प्रतिशत
**दाल :** 89 प्रतिशत
**चने :** 60 प्रतिशत
**जौ :** 60 प्रतिशत
**कुसुम :** 50 प्रतिशत

### केंद्रीय कर्मचारियों को दीवाली का उपहार, डीए में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी

-ब्यूरो

नई दिल्ली। केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। दिवाली से पहले हुई इस बढ़ोतरी के बाद महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत से बढ़कर 53 प्रतिशत हो गया है। इसका लाभ लगभग 49.18 लाख केंद्रीय कर्मचारियों व 64.89 लाख पेंशन पाने वालों को होगा। मालूम हो कि यह डीए हर 6 महीने में बढ़ता है। यह बढ़ोतरी 1 जुलाई से लागू होगा। इस तरह कर्मचारियों को 3 महीने का एरियर मिलेगा।

# इंडिया | महतो, मांझी, भ्रष्टाचार या वोटकटवा कौन तय करेगा ताज ?



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में झारखंड में विपक्षी इंडी गठबंधन से दस फीसदी अधिक वोट हासिल करने के बावजूद भाजपा को राज्य की सभी पांच आदिवासी सीटें गंवानी पड़ी थीं। भ्रष्टाचार के आरोप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद आदिवासी वर्ग में प्रचारित अत्याचार से सहानुभूति का लाभ मिला था जो अब मध्यम पड़ गया है। लोकसभा चुनाव के बाद से सक्रिय भाजपा अब विधानसभा चुनाव में आदिवासी वर्ग में अपनी खोई साख वापस पाने की चुनौती है, तो हेमंत सोरेन के सामने मईंया सम्मान योजना से महिलाओं को दी जा रही एक हजार प्रति माह से उमड़ी भीड़ को बचाकर रखने की क्योंकि भाजपा ने सरकार बनाने पर 2100 देने की गोगो दीदी योजना की घोषणा कर खलबली मचा दी है। इसके जवाब में झामुमो ने आचार संहिता लागू होने के एक दिन पहले कैबिनेट से पास कराकर मईंया सम्मान की राशि को बढ़ाकर 2500 कर दिया है इसे लागू किया जा सकेगा या नहीं इसमें तकनीकी पेंच है। महिला वोटरों की संख्या राज्य में एक करोड़ तीस लाख है जो जीत हार में बदलने की क्षमता रखती है ।वैसे बदले समीकरणों के अनुसार 24 साल पहले अस्तित्व में आए इस राज्य में राजनीतिक दलों का फैसला डबल एम यानी महतो (कुर्मी) और मांझी (आदिवासी) करते रहे हैं पर इस बार लोकसभा की तरह तीसरे एम (मुसलमान) के अलावा टिकट कटने से असंतुष्ट डी (डीसीडेंट)भी करेंगे । दो एम बिरादरी की राज्य की आबादी में हिस्सेदारी लगभग आधी है और तीसरे एम के वोट भाजपा उम्मीदवारों को हराने के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं तीनों हार और जीत का फैसला करते हैं। यही कारण है कि राज्य में दोनों गठबंधनों की रणनीति के केंद्र में यही दो प्रथम एम बिरादरी हैं ।बीते विधानसभा चुनाव में मिली हार और लोकसभा चुनाव में छिटके आदिवासी वोट बैंक से सबक लेकर भाजपा ने कई भूल सुधार किए। गैरआदिवासी रघुवर दास को सीएम बनाने और आजसू से परे अपने दम पर चुनाव लड़ने से हुए सियासी नुकसान के बाद पार्टी ने आदिवासी नेतृत्व को आगे बढ़ाने के साथ आजसू से फिर गठबंधन किया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के आदिवासी वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए सोरेन परिवार की बहू सीता सोरेन के बाद हेमंत के करीबी चंपाई सोरेन को पार्टी में शामिल किया है। पार्टी की योजना ओबीसी वोट बैंक पर पकड़ बनाए रखने के लिए जदयू से भी तालमेल करने की है। पार्टी ने इस दौरान परिवर्तन यात्राओं के जरिये माहौल को अपने पक्ष में करने की कोशिश की है। इंडी गठबंधन को हेमंत से करिश्मे की आस है जो जमानत पर बाहर आने के बाद फिर से सरकार की बागडोर संभालते ही आदिवासी सीएम के साथ ज्यादती की बात हर मंच से दुहराई है ।भाजपा ने ओबीसी वोट बैंक को साधने और झामुमो के आदिवासी वोट बैंक में सेंध लगाने की रणनीति के तहत घुसपैठ से आदिवासी इलाकों उनकी घटी जनसंख्या और भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाया है। वहीं, झामुमो के नेतृत्व में सत्तारूढ़ गठबंधन आदिवासी स्वाभिमान को मुद्दा बनाने की कोशिश में है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को गठबंधन के मुकाबले दस फीसदी अधिक वोट मिले थे। हालांकि 2019 के मुकाबले छह फीसदी अधिक वोट हासिल कर गठबंधन पांच सीटें जीतने में कामयाब रहा था। अभी तो तरकश से तीर निकलने शुरू हुए हैं और भाजपा वादाखिलाफी के विज्ञापन निकालकर झामुमो को घेरना शुरू कर चुकी है तो इंडी इडी के साथ निर्वाचन आयोग पर सवाल उठा रहा है ।गठबंधन में देर होने से एनडीए और इंडी गठबंधन में तूफान के पूर्व की शांति है ।बीते लोकसभा चुनाव में महतो वोट में खतियान और पहचान के नाम पर बड़ी सेंध लगाने वाली जयराम महतो की पार्टी आजसू का कद छोटा कर रही है तो झारखंड में स्थानीयता के मुद्दे पर सभी पार्टियों को परेशान कर रही है ।ओबीसी के लिए भाजपा और सत्ता दोनों महत्वपूर्ण है तो कॉर्पोरेट के लिए राजा जिसके धनबल की बड़ी भूमिका होगी जबकि मोदी को केंद्र की योजनाओं पर भरोसा है जिसपर उनके चुनाव प्रचार में टिप्पणी होगी ।बाकी कसर नए उम्मीदवार या असंतुष्ट पूरी करेंगे जिन्हें वोटकटवा कहा जाता है। मतदाता बड़े स्टेडियम से दूर टीवी के दर्शक बन तमाशा देख रही है जो मीडिया के बयानों से दिख रहा है। अभी तो खेल शुरू ही हुआ है जैसे जैसे दिन बढ़ेंगे खेल और बयानों में तेजी और तल्खी दिखेगी पर सभी के बीच झारखंड के मूल मुद्दे खाली खेत, विमुख किसान, सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार से त्रस्त झारखंडियों का पलायन और मानव व्यापार के कारक जैसे मुद्दे गायब हैं।




# सिविल सर्जन 70 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**देवघर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने बुधवार को देवघर के सिविल सर्जन डॉ. रंजन सिन्हा को 70 हजार घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। नर्सिंग होम का लाइसेंस रिन्युअल कराने के नाम पर सिविल सर्जन अपने बेलाबगान स्थित आवास नवजीवन हास्पीटल एण्ड रिसर्च सेन्टर पर घूस ले रहा था। गिरफ्तारी के बाद टीम उसे दुमका ले गई। एसीबी के अनुसार बंगाल के नार्थ आसनसोल निवासी मो महफुज आलम ने लिखित आवेदन दिया था कि कॉलेज रोड मधुपुर में आवेदक ने वर्ष 2020 में बंगाल नर्सिंग होम के नाम से एक दस बेड के हॉस्पीटल की शुरूआत किया था। इनके नर्सिंग होम का 9 जून तक का प्रोविजनल प्रमाण पत्र का रेनुवल कराना था। इस बीच इनके गॉल ब्लाडर का ऑपरेशन होने के कारण आवेदक ने 24 दिन की देरी से 3 जुलाई को प्रमाण पत्र रेनुवल का आवेदन देवघर सिविल सर्जन कार्यालय को दिया था। काफी दिन के बाद भी जब इनके आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वे सिविल सर्जन डॉ रंजन सिन्हा से मिले। सिविल सर्जन देवघर डॉ रंजन सिन्हा ने आवेदक के नर्सिंग होम का प्रमाण पत्र रेनुवल के लिए एक लाख रुपये की मांग की। आवेदक के आरजू विनती करने पर डॉ रंजन सिन्हा बोले कि तीन-चार बार में उक्त राशि दे देना रेनुवल हो जायेगा। शिकायतकर्ता के आवेदन का एसीबी ने सत्यापन कराया। सत्यापन के क्रम में आरोपित सिविल सर्जन डॉ रंजन सिन्हा के द्वारा घूस की रकम 1,00,000 रुपये से बढ़ाकर 1,50,000 रुपये करने की पुष्टि हुई थी। आरोपित को घूस की रकम के प्रथम किस्त 70,000 रुपये के साथ बुधवार को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।



## एक नजर

### कुंदरी कांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, जेल गया

**नीलांबर पीतांबरपुर।** थाना क्षेत्र के कुंदरी कांड के मुख्य आरोपी कुंदरी निवासी स्व ओम प्रकाश विश्वकर्मा के पुत्र काशीनाथ विश्वकर्मा को बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया है। यह जानकारी थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने दी। बता दें कि कुंदरी में जेपीएस बस जलाने और बस चालक के साथ मारपीट के बाद ईलाज के दौरान बस चालक की मृत्यु होने सहित कई मामले का मुख्य आरोपी काशीनाथ विश्वकर्मा रहा है। जेपीएस बस ने काशीनाथ विश्वकर्मा के भाई को पहले चपेट में लिया। उसके बाद उग्र भीड़ ने बस को जला दिया और चालक की पिटायी कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसके बाद बस चालक की रांची में ईलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस कांड के कई आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी काशीनाथ विश्वकर्मा अपने घर पर है। पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को कुंदरी घर से गिरफ्तार कर लिया।

### सदाबह नदी में प्रतिवर्ष गिरता है नाला का गंदा पानी, छठ व्रतियों को होती है असुविधाएं

**हैदरनगर।** बाजार क्षेत्र का मुख्य छठ घाट दक्षिण सदाबह के तट पर है। कई स्तरों के सहयोग से दोनों बगल पक्का घाट का निर्माण तो कराया गया। पर अब तक खासकर महिला श्रद्धालुओं के लिये स्नानागार, शौचालय की स्थायी व्यवस्था नहीं है। पानी, पूजन सामग्री, दूध से लेकर आम की लकड़ी तक स्वयंसेवी संगठनों के युवा सदस्यों की तत्परता से की जाती है। बताया गया कि इस वर्ष इस नदी में आठ वर्ष पानी का ठहराव देख गया है। पिछले कई वर्षों से इस नदी व घाट परिसर में मलमूत्रों की साफ सफाई के अलावे नदी के बेड लेबल की सफाई व चूना का छिड़काव करने के बाद सदैव कई पंपसेटों से जलभंडारण कर श्रद्धालुओं की सेवा में सौंपने का काम सन 1986 से सक्रिय विजेता क्लब व जगराता क्लब करती रही है।

# सड़क के किनारे लगे राजनीतिक दलों के बैनर-पोस्टर हटाने का कार्य शुरू

**चुनाव आदर्श आचार संहिता लागू**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद, जिला प्रशासन के निर्देश पर हुसैनाबाद अनुमंडल प्रशासन ने आदर्श आचार संहिता को सख्ती से लागू करना शुरू कर दिया है। बुधवार को हुसैनाबाद नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देश पर नगर पंचायत कर्मियों ने शहर के विभिन्न चौक-चौराहों और मार्गों से राजनीतिक दलों के पोस्टर-बैनर को हटाने का काम शुरू कर दिया है। नगर पंचायत कर्मियों की टीम ने इलाके का दौरा करते हुए लगे पोस्टर और बैनर हटाए, और यह सुनिश्चित किया कि आदर्श आचार संहिता का पूरी तरह से पालन हो। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति के किसी भी राजनीतिक दल का झंडा या पोस्टर सार्वजनिक स्थानों पर नहीं लगाया जा सकता। नियमों के उल्लंघन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि मंगलवार को चुनाव आयोग द्वारा झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की गई थी, जिसके बाद से हुसैनाबाद और हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्रों में बैनर-पोस्टर हटाने का काम तेजी से चल रहा है। इस क्षेत्र में मतदान 13 नवंबर को होगा।

### महिला चौकीदार की गुमशुदगी की सनहा दर्ज

**हैदरनगर।** थाना क्षेत्र के कबरा कला गांव निवासी रमेश कुमार पासवान के पुत्र अखिलेश पासवान ने अपनी मां तालुका देवी की गुमशुदगी के संबध में हैदरनगर थाना में सनहा दर्ज कराया है। अखिलेश के अनुसार उनकी मां तालुका देवी चौकीदार के पद पर कार्यरत हैं। 30 सितंबर से लापता हैं। उन्होंने बताया कि उनकी मां की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। उन्हें अंतिम बार 2 अक्टूबर को कुछ ग्रामीणों ने सोन नदी के तट पर देखा था। अखिलेश ने अपनी मां की पहचान के बारे में बताया कि उनकी ऊंचाई लगभग 5 फीट 3 इंच है। उन्होंने थाना प्रभारी से मां की खोजबीन करने का आग्रह किया है।

## न्यूज बॉक्स

### मनरेगा का तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम अव्यवस्था के बीच संपन्न



**हैदरनगर।** प्रखंड सभागार हैदरनगर में आयोजित तीन दिवसीय मनरेगा तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम अव्यवस्था के बीच संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण मुखिया और पंचायत सचिवों के लिए आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे और अंतिम दिन बुधवार को मास्टर ट्रेनर पूनम सिंह और प्रशिक्षक मुखिया अमरेंद्र ठाकुर ने प्रशिक्षण दिया। बभंडी पंचायत के मुखिया जितेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मनरेगा ऑपरेटर द्वारा समय पर पंचायत का आईडी और पासवर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया। जिससे प्रशिक्षण दो दिन पूरी तरह प्रभावित रहा। तीसरे दिन अन्य पंचायतों का आईडी और पासवर्ड लेकर किसी तरह से प्रशिक्षण जारी रख मात्र औपचारिकता पूरी की गई। कार्यक्रम के अंतिम दिन में आईडी और पासवर्ड की समस्याओं के बावजूद प्रशिक्षण कार्यक्रम की समाप्ति भी हो गई है। मुखिया ने इस अव्यवस्था पर नाराजगी के साथ ही भविष्य में इसतरह की दिक्कतों से बचने की अपील की है। इसमें कई मुखिया व पंचायत सचिव मौजूद थे।

### बीडीओ ने बैनर, पोस्टर हटाने का आदेश दिया



**हैदरनगर।** विधानसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी होते ही बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने 24 घंटे के भीतर सभी बैनर, पोस्टर को हटाने का लिखित आदेश जारी किया है। उन्होंने सभी सरकारी भवनों से 24 घंटे, सार्वजनिक स्थलों से 48 घंटे और निजी भवनों से 72 घंटे के भीतर इस प्रखंड क्षेत्रों में लगे होडिंग, बैनर, राजनीतिक पार्टी का झंडा, दिवाल लेखन आदि हटाने का आदेश दिया है। इस आदेश की प्रतिलिपि सभी पंचायत सचिव व ग्राम रोजगार सेवक, सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक को देते हुए कहा है कि अपने अधिनस्त सभी स्वास्थ केन्दों, उप स्वास्थ्या केन्द्रों के दीवार, भवनों पर लगे बैनर, पोस्टर की जांच पड़ताल सख्ती से करने को कहा है। इसकी सूचना कनीय अभियंता बिजली विभाग, थाना प्रभारी को भी अनुपालनार्थ अपने स्तर से सरकारी भवनों, बिजली, टेलीफोन के खंभों व अन्य सार्वजनिक स्थलों से होर्डिंग, बैनर, पार्टी का झंडा दीवार लेखन आदि हटाने का निर्देश दिया है। प्रमुख, उपप्रमुख, सभी पंचायत समिति सदस्य प्रखंड हैदरनगर को भी इसकी सूचना दे दी गई है।

## पीएम आवास के लाभुक किश्त की राशि भुगतान के लिए दर-दर की ठोकरे खा रहें है



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** नगर पंचायत छतरपुर के दर्जनों लाभुकों ने अपना आवास का कार्य पूरा कर लिया है, बावजूद उनके अंतिम किश्त का भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण वे खासे परेशान हैं। खास कर जिन्होंने कर्ज लेकर घर बनाया है, उनके लिए उनका पीएम आवास ही सरदर्द बन चुका है। यही नहीं कई ऐसे लाभुक हैं, जिन्हें आवास आवंटन होने के बाद भी किसी भी किश्त का भुगतान अब तक नहीं हो पाया है। यह बातें नगर पंचायत के सामाजिक कार्यकर्ता सह नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने पत्रकारों को दी। उन्होंने इस आशय का ज्ञापन भी कार्यपालिका अधिकारी और सिटी मैनेजर को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रेषित किया है। उन्होंने मांग किया है कि आवास पूर्ण कर चुके लाभुकों को अविलम्ब किश्तों का भुगतान किया जाए, अन्यथा बाध्य होकर आंदोलन करने को विवश हो जाएंगे।

## सड़क दुर्घटना में डीलर घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**नोट:फोटो घायल डीलर व अन्य**

**मयूरहंड (चतरा)।** थाना क्षेत्र के जिहू इटखोरी मुख्य मार्ग तेतरीया मोड़ के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से सड़क दुर्घटना में पथरा गांव निवासी डीलर धनेश्वर भगत गंभीर रूप से घायल हो गएं। प्राप्त जानकारी अनुसार डीलर भगत पदमा से अपने घर पथरा जा रहे थें। इस बीच तेतरीया मोड़ के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से दुर्घटना ग्रस्त हो गया, जिसमें दाहिने पैर व कंधा में गंभीर चोट आई है। राहगिरों ने सड़क किनारे दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल को देख रुके और झाड़ी से उठाकर घर वालों को जानकारी दिया। क्षेत्र भ्रमण पर निकले झामुमो नेता मनोज चंद्रा घटना स्थल पर पहुंच दुर्घटना ग्रस्त डीलर से मिलकर बेहतर उपचार के लिए भेजवाया और हर संभव मदद का भरोसा दिया। परिजन बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग लेकर गए,जहां उपचार किया जा रहा है।

## बीडीओ ने प्रखंड कर्मियों के साथ की बैठक विस चुनाव व आचार संहिता पर की चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विधानसभा चुनाव को लेकर विश्रामपुर बीडीओ राजीव सिंह ने बुधवार को कार्यालय कक्ष में प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक कर चुनाव की तैयारीयों की विंदुवार समीक्षा की। बैठक के दौरान बीडीओ ने निर्वाचन कार्य से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए आदर्श आचार संहिता का सख्ती से अनुपालन कराने का निर्देश कर्मियों को दिया। बीडीओ ने बैठक में कर्मियों को मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था कराने, मतदाताओं के बीच मतदान के लिए प्रचार प्रसार करने,स्वीप गतिविधियों का संचालन सहित



अन्य विषयों पर जानकारी देते हुए कई निर्देश दिया। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर लगे सभी पार्टियों के बैनर पोस्टर को बुधवार से ही हटाने का निर्देश दिया। इसके अलावा चुनाव अवधि में चुनाव संबंधी सभी कार्य समय पर निष्पादित करने का भी निर्देश दिया। बीडीओ के आदेश के बाद प्रखंड परिसर में लगे बैनर पोस्टर को स्थानीय प्रशासन द्वारा आज ही उखाड़ दिया। बीडीओ ने सभी राजनीतिक पार्टी से अपने अपने बैनर पोस्टर को हटाने की अपील की।

## निः शुल्क मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन शिविर 20 से

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला अंधापन नियंत्रण समिति और राधा लक्ष्मी ट्रस्ट दंगवार के संयुक्त तत्वावधान में हुसैनाबाद के पुराने स्वास्थ्य केन्द्र में आगामी 20 अक्टूबर से शिविर आयोजित की जाएगी। राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के निदेशक डॉ.अखिलेश गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक दिन ऑखों की जांच व रविवार को मरीजों का ऑपरेशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष दो तीन माह कैंप लगाकर इस तरह के गरीब और असहाय लोगों को कल्याणकारी कार्य की जाती रही हैं, जो सराहनीय है। उन्होंने बताया कि मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन नेत्र चिकित्सक डॉ.धीरज प्रसाद और विवेकानंद उपाध्याय द्वारा आईएलओ द्वारा लेंस प्रत्यारोपण किया जाएगा। यहां अब तक 164 मरीजों का लेंसप्रत्यारोपन किया गया है। उन्होंने बताया कि रविवार को सभी मरीजों को निःशुल्क दवा और चश्मा भी दिया जाएगा। मरीजों को अपने साथ आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर कार्ड का फोटो कॉपी, पासपोर्ट साइज का तीन रंगीन फोटो लाना अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन कराने के लिए सीधे काउंटर पर आने की अपील की है। साथ ही बिचौलियों से सावधान रहने का आग्रह किया है।

## अनुमंडल में निषेधाज्ञा लागू, शांतिपूर्ण निर्वाचन सुनिश्चित करने लिए लिए उठाए गए कदम

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** विधानसभा चुनाव 2024 की घोषणा के बाद, हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए अनुमंडल दण्डाधिकारी श्रीकृष्ण कांत कनवाडिया ने धारा 163 भानासुस के अंतर्गत निषेधाज्ञा आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति तक प्रभावी रहेगा, जिसका उद्देश्य चुनावी माहौल में शांति और सुरक्षा बनाए रखना है।

**निषेधाज्ञा के प्रमुख बिंदु जनसभा और जुलूस पर नियंत्रण:** किसी भी राजनैतिक दल, संगठन, उम्मीदवार, या व्यक्ति द्वारा बिना पूर्व अनुमति के किसी भी प्रकार की जनसभा, जुलूस, या धरना प्रदर्शन का आयोजन नहीं किया जा सकेगा। जुलूस में किसी भी प्रकार के घातक शस्त्र (जैसे धारदार हथियार) के साथ चलने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा,




जिससे चुनाव के दौरान शांति भंग न हो और मतदाताओं पर दबाव न बनाया जा सके। लाउडस्पीकर नियंत्रण अधिनियम 1955 के तहत, रात 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। यह कदम ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने और चुनाव प्रचार के समय सीमा का पालन सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। किसी भी सार्वजनिक या सरकारी संपत्ति पर बिना अनुमति के नारे लिखना, पोस्टर चिपकाना, झंडे या बैनर लगाना पूरी तरह से निषिद्ध होगा। इसके उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निजी संपत्ति पर भी बिना संपत्ति मालिक की लिखित अनुमति के प्रचार सामग्री लगाने की अनुमति नहीं होगी। भारतीय न्याय संहिता के तहत, किसी भी स्थान पर पांच या उससे अधिक व्यक्तियों का शांति भंग करने के उद्देश्य से एकत्रित होना प्रतिबंधित रहेगा। इस आदेश का उद्देश्य चुनावी माहौल में किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति या हिंसा को रोकना है। साथ ही किसी भी राजनैतिक दल, उम्मीदवार या व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया (व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम) या अन्य मंचों पर ऐसा कोई संदेश, पोस्टर, आलेख या फोटो का प्रसार नहीं किया जाएगा जिससे किसी व्यक्ति, जाति, समुदाय या धर्म की भावनाएं आहत हों। इस प्रकार की गतिविधियां आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मानी जाएंगी, और संबंधित व्यक्तियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी राजनैतिक दल, संगठन या उम्मीदवार द्वारा धार्मिक स्थलों का प्रयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जाएगा। सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के प्रयासों पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। मतदाताओं को डराने, धमकाने या उन्हें किसी प्रकार का प्रलोभन देने का प्रयास भी निषिद्ध होगा। यह कदम चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और स्वच्छ बनाए रखने के लिए उठाया गया है। इसके अलावा सरकारी स्वामित्व वाली संपत्तियों, जैसे गेस्ट हाउस या भवनों का कोई भी हिस्सा राजनैतिक गतिविधियों के लिए उपयोग नहीं किया जा सकेगा। इसका उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई होगी। इसके अलावा भी कई निर्देश दिया गया है।

### बिहार महोत्सव में नौटंकी प्रतियोगिता आयोजित

**हुसैनाबाद।** नबीनगर टंडवा थाना क्षेत्र के बड़की बेला, बिहार में आयोजित नौटंकी प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में कई टीमों ने भाग लिया, लेकिन हैदरनगर प्रखंड के कुकही गांव की 'स्वर संगम' नौटंकी टीम ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से विजयी खिताब अपने नाम कर लिया। 'स्वर संगम' टीम के निर्देशन का कार्यभार गोपाल शर्मा ने संभाला, जबकि प्रमुख कलाकारों में अजय ठाकुर, मनोज प्रसाद, दिनेश राम, उमेश राम, चंदन कुमार, रविंद्र कुमार, सुग्रीव राजवंशी, संतन, सदानंद और श्रवण जैसे मुख्य अनुभवी कलाकार शामिल थे। इन कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट अभिनय क्षमता और भावनाओं से भरी प्रस्तुति के माध्यम से दर्शकों का दिल जीत लिया।

## चैनपुरः तालाब में मछली पकड़ने को लेकर दो पक्षों में विवाद, एक गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर पथरा गांव में तालाब में मछली पकड़ने के विवाद में दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया, जिसमें संजय कुमार महतो (50 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें तुरंत मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घायल संजय महतो ने बताया कि बुधवार सुबह 4 बजे वह अपने परिवार के साथ तालाब में मछलियों को दाना डालने और पकड़ने गए थे। तभी गांव के विश्वनाथ महतो, प्रदीप महतो, राजू चौरसिया, विजय चौरसिया, सरोज महतो, लक्ष्मीनारायण चौरसिया और राजेश चौरसिया हथियारों से लैस होकर पहुंचे और उन पर हमला कर दिया। हमले में संजय महतो के सिर पर गंभीर चोट आई। इस झगड़े में दूसरे



पक्ष के भी दो लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना घायल संजय महतो के परिजनों ने चैनपुर थाना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। चैनपुर थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।

## वित्त रहित शिक्षकों ने नए डीईओ का स्वागत किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिला में पदस्थापित नए जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश को उनके कार्यालय में झारखंड राज्य वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने बुके देकर स्वागत किया है। उनमें अध्यक्ष मंडल के सदस्य अरविंद कुमार सिंह, प्राचार्य अवध बिहारी सिंह, जोगेंद्र सिंह, बसंत पाठक, विनय कुमार, दिनेश प्रसाद, सुशील सिंह, दिग्विजय सिंह, आमोद सहित अन्य शिक्षक कर्मचारी नए जिला शिक्षा पदाधिकारी से स्वागत किया। साथ ही उनसे आग्रह किया कि पलामू जिला अंतर्गत जितने भी वित्त रहित शिक्षण संस्थाएं हैं। सभी संस्थानों को पूर्ण सहयोग की अपेक्षा है। साथ ही उनके मार्गदर्शन में सभी संस्थाएं विकास की ओर अग्रसर हो।


**अव्यवस्था** / **विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों के समक्ष खड़ा होगा बड़ा मुद्दा**

## दो दशक बाद भी काशीसोत डैम से लक्ष्य तक खेतों की सिंचाई नहीं

- पुनरीक्षित योजना की 12.47 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति के बाद भी नहीं हुआ कोई काम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** गोड़ाडीह पंचायत क्षेत्र के काशीसोत नदी पर बने डैम से खेतों की सिंचाई का सपना दो दशक बाद भी अधूरा है। पूर्व मुखिया पंचम खान ने बताया कि डैम का निर्माण रमवां जमींदारी बांध की जगह किया गया, लेकिन इसके बावजूद खेतों तक पानी नहीं पहुंच सका। लंकासुर से गोड़ाडीह के पासवान टोला तक वितरणी नहर का निर्माण नहीं



हुआ, जिससे आसपास की हजारों एकड़ भूमि बिना सिंचाई के परती पड़ी हुई है। काशीसोत डैम का निर्माण पहले 2003 में तत्कालीन सिंचाई मंत्री रामचंद्र केसरी और फिर 2013 में अन्नपूर्णा देवी द्वारा शिलान्यास के बाद शुरू हुआ था। डैम तो बन गया, लेकिन वितरणी नहर का काम अब तक अधूरा है। झारखंड सरकार द्वारा 12.47 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति के बावजूद, चुनावी शंखनाद के बाद भी कोई प्रगति नहीं हुई। जिला पार्षद अंजू देवी और विधायक कमलेश कुमार सिंह के प्रयास से इस योजना को पुनरीक्षित किया गया, लेकिन किसानों का मानना है कि यह राशि पर्याप्त नहीं है। किसानों का सवाल है कि अधिग्रहित भूमि का मुआवजा मिलेगा या काम पूरा होगा, यह अब भी स्पष्ट नहीं है। विधानसभा चुनाव में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाने की तैयारी है, क्योंकि किसानों के अनुसार, पर्याप्त जल भंडारण होने के बावजूद सिंचाई की समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

### रेहला में हुई कांग्रेस की आपात बैठक

**विश्रामपुर।** रेहला में कांग्रेस की एक आपात बैठक बुधवार को हुई। जिसमे विश्रामपुर नगर, बिश्रामपुर प्रखंड, अंटारी, पांडू व नवाबाजार प्रखंड कमिटी के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने किया। संचालन प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला गुड्डू ने किया। बैठक में बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से गठबंधन के तहत कांग्रेस प्रत्याशी को ही चुनाव मैदान में उतारने का प्रस्ताव पारित किया गया। पारित प्रस्ताव को प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व को भेजा जायेगा। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विजय चौबे ने कहा कि बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से नौ बार कांग्रेस प्रत्यासी की जीत हुई है। इसलिए इस विस सीट पर कांग्रेस का ही दावा मजबूत है।

## एक नजर

### केंद्रीय पुस्तकालय नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय ने किया पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन आज

**नई शिक्षा नीति की पुस्तकों के लिए प्रदर्शनी का आयोजन, शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए विशेष अवसर**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा 17 अक्टूबर, दिन बृहस्पतिवार को एसबीआई बैंक, कॉलेज कैंपस के सामने पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का आयोजन न्यू एज इंटरनेशनल पब्लिकेशन, नई दिल्ली द्वारा किया गया है। प्रदर्शनी में नई शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम से संबंधित पुस्तकें उपलब्ध होंगी। सभी शिक्षक और विद्यार्थियों से अनुरोध है कि प्रदर्शनी में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाएं। इस संबंध में जानकारी यूआर अजय पासवान ने दी।

# बिहार बॉर्डर से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** विधान सभा चुनाव को लेकर एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर हरिहरगंज पुलिस ने बुधवार को एक बोलेरो पर लदे भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया है। बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक बोलेरो पर भारी मात्रा में अवैध शराब बिहार की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना के आलोक में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सघन छापामारी अभियान चलाया। छापामारी के क्रम में कौवाखोह एनएच 139 पर शराब के साथ बोलेरो को पकड़ा गया। उक्त बोलेरो चालक को पुलिस गिरफ्तार कर ली। बोलेरो की तलाशी लेने पर उसपर लदे 264 बोतल बीयर बरामद किया गया। जिसमें




गॉडफादर का 650 मिली के 216 बीयर तथा गॉडफादर का 500 मिली के 48 केन बीयर पाया गया। इसका अनुमानित मूल्य 44 हजार है। पुलिस ने बोलेरो तथा शराब को तत्काल ही जब्त कर लिया। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि जब्त शराब बिहार ले जाया जा रहा था। तस्करी में शामिल लोगों के बारे में तफ्तीश की जा रही है। जल्द ही तस्करों को भी गिरफ्त में लेकर कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी दल में एसआइ सतीश कुमार गुप्ता, धनंजय कुमार गोप, हेमंती बास्की तथा राकेश कुमार सिंह सहित कई पुलिस कर्मी शामिल थे।

## पलामू जिला भाजपा कार्यालय में सुचिता सिंह का स्वागत, संगठनात्मक बैठक में हुई चुनावी चर्चा

**महिला मोर्चा ने किया संगठन सुदृढ़ बनाने और चुनावी तैयारियों पर विचार-विमर्श**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (महिला मोर्चा) की प्रदेश मंत्री सह पलामू जिला महिला मोर्चा प्रभारी सुचिता सिंह का आगमन पलामू भाजपा जिला कार्यालय में हुआ। जिला महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा रीना किशोर ने उनका स्वागत किया। सुचिता सिंह ने कार्यालय में एक संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक की शुरूआत जिलाध्यक्ष द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों और सदस्यों का परिचय कराकर की गई। बैठक में संगठन को सुदृढ़ बनाने और आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी को लेकर




विस्तृत चर्चा हुई। इसमें केंद्र और राज्य से मिले निर्देशों के अनुसार कार्य करने पर जोर दिया गया। श्रीमती सुचिता सिंह ने महिलाओं को आगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी से अधिक पार्टी को प्राथमिकता देते हुए भाजपा को विजयी बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रीना किशोर ने की, जबकि संचालन जिला मंत्री पिंकी विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रदेश महिला उपाध्यक्ष श्रीमती रूपा सिंह, जिला पदाधिकारी सुमिता सिंह, किरण अग्रवाल, प्रिया श्रीवास्तव, उपासना सिंह, ललिता सहाय, रेखा देवी, बबीता देवी, शुशीला चंद्रवंशी, संजू देवी, और पूर्व अध्यक्ष श्रीमती मंजू गुप्ता सहित कई अन्य महिलाएं भी उपस्थित रहीं। धन्यवाद ज्ञापन सुमिता सिंह ने किया।

## पलामू की सभी पांच विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी हम पार्टी

**आशुतोष कुमार तिवारी ने किया प्रत्याशी उतारने की घोषणा, चुनावी तैयारियों में जुटी हम पार्टी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) के जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार तिवारी ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान घोषणा की कि आगामी विधानसभा चुनाव में हम पार्टी पलामू जिले की सभी पांच विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। उन्होंने कहा कि डाल्टनगंज, बिश्रामपुर, पांकी, हुसैनाबाद, और छतरपुर विधानसभा सीटों के लिए



प्रत्याशियों के नाम का पैनल तैयार कर केंद्रीय नेतृत्व को भेजा जा रहा है, और जल्द ही प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की जाएगी। तिवारी ने बताया कि प्रत्याशी चयन में उन नेताओं को प्राथमिकता दी जाएगी, जो जनता के बीच लोकप्रिय हैं और उनकी समस्याओं को लेकर संघर्ष करते रहे हैं। उन्होंने बताया कि हम पार्टी का संगठन जिले में मजबूत स्थिति में है और प्रखंड स्तर से लेकर बूथ स्तर तक कमेटियों का गठन किया जा चुका है। कार्यकर्ताओं की मांग पर पार्टी ने सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। तिवारी ने कहा कि हम पार्टी गरीबों के स्वाभिमान की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है और पूरे देश में गरीबों की बुलंद आवाज बन चुकी है। उन्होंने यह भी बताया कि जल्द ही पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया जाएगा और उन्हें पूरा विश्वास है कि इस बार हम पार्टी पलामू से अपना खाता खोलने में कामयाब होगी। इस अवसर पर एससी एसटी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष चंदन कुमार भुईयां, जिला महासचिव अबू फैजल, जिला सचिव वारिस आलम, मोहम्मद फैज, सुशील कुमार चंद्रवंशी समेत अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सहित दो घायल

**चालक की घटनास्थल पर मौत, बिहार के बाराचट्टी थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना**

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** भीषण सड़क हादसे में ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि चालक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। यह सड़क दुर्घटना मंगलवार की रात बिहार के बाराचट्टी थाना क्षेत्र में हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात ब्रह्मदेव प्रसाद रांची से गया जा रहे थे। गया जिले के बाराचट्टी थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी इनोवा कार को जोरदार टकर मार दी। घटना रात्रि एक बजे की बताई जा रही है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और






घटनास्थल पर ही चालक विजय शर्मा की मौत हो गई। कार में सवार मंच अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद व संतोष ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलावस्था में श्री प्रसाद व संतोष ठाकुर को गया स्थित रिम्स में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद श्री प्रसाद की गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। वहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। यहां बताते चलें कि ब्रह्मदेव प्रसाद विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र में काफी लोकप्रिय हैं। वह यहां से दो बार विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। हालांकि उन्हें दोनों बार ही हार का सामना करना पड़ा है। इस बार भी वे पूरी ताकत के साथ चुनावी समर में उतरे हुए हैं, लेकिन इस दुर्घटना के बाद उनके समर्थक काफी दुःखी और मायूस हैं।ओबीसी एकता अधिकार मंच के पदाधिकारी,सदस्य व समर्थक उनके जल्द स्वस्थ होने के लिए विशेष पूजा और हवन करवा रहे हैं। इधर दुर्घटना पर कई लोगों ने दुःख जाहिर करते हुए श्री प्रसाद के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

## शरद पूर्णिमा पर दिखा साल का सबसे चमकीला चांद, खुले आसमान रख खाई जाती है खीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सनातन धर्म में शरद पूर्णिमा का विशेष महत्व है। इस दिन चांद की किरणें बहुत तेज और स्पष्ट होती हैं। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को कोजोगार पूर्णिमा, रास पूर्णिमा और शरद पूर्णिमा भी कहा जाता है। शरद पूर्णिमा हमें स्वस्थ्य और निरोग रखने का दिन है। इस रात चन्द्रमा पृथ्वी के सबसे निकट होता है और वह अपनी सोलह कलाओं से परिपूर्ण रहता है। इस रात्रि में चन्द्रमा का ओज सबसे तेजवान और ऊजार्वान होता है। प्रतिवर्ष किया जाने वाला यह व्रत लक्ष्मी जी को प्रसन्न करने वाला है।

**इसलिए खास है ये पूर्णिमा :** पौराणिक मान्यता के अनुसार चन्द्रमा का जन्म समुद्र मंथन से हुआ था। समुद्र के इसी मंथन से देवी लक्ष्मी भी प्रकट हुई थीं और उन्होंने भगवान विष्णु का वरण किया। माता लक्ष्मी का जन्म शरद पूर्णिमा के दिन हुआ था इसीलिए देश के कई हिस्सों में शरद पूर्णिमा को लक्ष्मीजी का पूजन किया जाता है। कुंआरी कन्याएं इस दिन सुबह सूर्य और चन्द्र देव की पूजा अर्चना करें तो उन्हें मनचाहे वर की प्राप्ति होती है। सुख-समृद्धि एवं सौभाग्य के लिए इस दिन चन्द्रमा की भी पूजा अर्चना करनी चाहिए।

### खुले आसमान के नीचे खीर रखने का महत्व

शरद पूर्णिमा की शीतल चांदनी में खीर रखने का विधान है, खीर में मिश्रित दूध, चीनी और चावल के कारक भी चन्द्रमा ही है, अतः इनमें चन्द्रमा का प्रभाव सर्वाधिक रहता है। 3-4 घंटे तक खीर पर जब चन्द्रमा की किरणें पड़ती है तो यही खीर अमृत तुल्य हो जाती है, जिसको प्रसाद रूप में ग्रहण करने से व्यक्ति वर्ष भर निरोग रहता है। इस रात्रि में चन्द्रमा की तरफ एकटक निहारने से या सुई में धागा पिरोने से नेत्र ज्योति बढ़ती है।


### एसडीएम ने अवैध गिट्टी लदे ट्रक को पकड़ा

**चैनपुर।** चैनपुर-डाल्टनगंज मुख्य मार्ग पर स्थित चैनपुर वन विभाग के नाका के पास मंगलवार रात 12 बजे एसडीएम सुलोचना मीणा और अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस चेकिंग के दौरान एक अवैध रूप से गिट्टी लदे ट्रक जब्त किया गया। जानकारी के अनुसार, यह ट्रक सलतुआ की ओर से डाल्टनगंज जा रहा था और चेकिंग के दौरान इसे चैनपुर वन विभाग के नाके पर पकड़ा गया। ट्रक के पास आवश्यक चालान नहीं था, जिसके बाद एसडीएम सुलोचना मीणा ने गंभीरता से कार्रवाई की। उन्होंने अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल को निर्देश दिया कि अवैध गिट्टी लदे ट्रक के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया जाए। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन की सख्ती का संकेत मिलता है।

## पलामू: 108 एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी, स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का आज तीसरा दिन है, लेकिन अब तक उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। तीन महीने से वेतन न मिलने के कारण इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (ईएमटी) और ड्राइवरों सहित 92 कर्मचारी हड़ताल पर हैं। उनकी



प्रमुख मांगों में एनआरएचएम के माध्यम से वेतन भुगतान, तीन महीने का बकाया वेतन तुरंत जारी करना, भारत सरकार के न्यूनतम मानदेय के अनुसार वेतन देना, पीएफ और ईएसआईसी की सुविधा प्रदान करना, और कंपनी टेंडर प्रक्रिया को प्रति वर्ष बंद करना शामिल है। हड़ताल के कारण जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। गरीब मरीजों और आकस्मिक दुर्घटनाओं के मामलों में, जहां 108 एंबुलेंस को ही प्राथमिकता दी जाती है। वह सेवा बाधित हो गई है, जिससे मरीजों और उनके परिवारों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में पलामू सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने बताया कि वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में प्राइवेट तथा ममता एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है, ताकि मरीजों को किसी भी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े। 108 एंबुलेंस के ड्राइवरो की भी हड़ताल कल सुबह तक खत्म हो जाएंगे। उनका मुख्य मांग तीन माह का वेतन आ जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान जागरूकता का होगा आयोजन



**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर, जिला शिक्षा विभाग द्वारा स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं में जागरूकता उत्पन्न करना और मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है।

**कार्यक्रम की रूपरेखा :** सभी सरकारी विद्यालयों में प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जिसमें छात्र-छात्राएं मतदान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाएंगे। इसके अलावा, पेंटिंग, रंगोली और मेहंदी जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिससे छात्र मतदान के प्रति अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का परिचय देंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश ने बताया कि 13 नवंबर को होने वाले प्रथम चरण के मतदान के लिए विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा, मतदान भारत के सभी नागरिकों का अधिकार है। हम सभी को अपने मत का उपयोग कर सरकार बनाने में योगदान देना चाहिए। लोकतंत्र में जनता के हाथों में पूरी ताकत होती है। संविधान की नजर में हम सभी बराबर हैं और सबको वोट देने का अधिकार है। सौरभ प्रकाश ने कहा कि इस बार हमारा प्रयास है कि विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो।

### आदर्श आचार संहिता के तहत पोस्टर हटाने की कार्रवाई



**मेदिनीनगर।** आदर्श आचार संहिता के तहत आज प्रमंडलीय सूचना एवं संपर्क कार्यालय के कर्मी अरुण कुमार द्वारा विभिन्न योजनाओं के पोस्टर हटाए गए। अरुण कुमार ने बताया कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान सभी बैंकों के पोस्टर 48 घंटे के अंदर हटा दिए जाते हैं। उन्होंने कहा, 'अब यह देखा जाएगा कि कहीं सरकारी भवनों या सरकारी संस्थानों पर कोई बैनर या पोस्टर लगा हुआ है तो उसे हटाने का काम किया जा रहा है। यह कार्रवाई युद्ध स्तर पर की जा रही है।'

### स्टेशन मास्टरों का उपवास, डिमांड बैज लगाकर किया कार्य

**मेदिनीनगर।** ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन के केंद्रीय आह्वान पर बरवाडीह से गढ़वा रोड तक के सभी स्टेशन मास्टरों ने बुधवार को सुबह 10 बजे से उपवास रखते हुए अपनी ड्यूटी पूरी की। डालटनगंज स्टेशन पर स्टेशन मैनेजरों ने डिमांड बैज लगाकर कार्य किया और पलामू सांसद विष्णु दयाल राम को अपनी 10 सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। स्टेशन मास्टर्स ने सांसद से अनुरोध किया कि वह उनकी लंबित मांगों को पूरा कराने की दिशा में पहल करें। मौके पर स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी ने कहा कि रेलवे के माध्यम से राष्ट्र की सेवा करने के बावजूद स्टेशन मास्टरों की कई महत्वपूर्ण मांगें अब तक लंबित हैं। रेलवे बोर्ड द्वारा इन मांगों का समाधान नहीं किया गया है, जिसके चलते उन्हें विवश होकर भूख हड़ताल करना पड़ा। स्टेशन मास्टरों की मांगों में एमएसीपी वेतनमान सुधार 2016 से लागू किया जाये, एल आठ व एल नौ के स्टेशन मास्टरों को रात्रि ड्यूटी भत्ता दिया जाये, कैडर रिस्ट्रक्चरिंग और गजेटेड रैंक में सुधार करने, पदनाम परिवर्तन, सुरक्षा और तनाव भत्ता, सभी स्टेशनों पर सुपरवाइजरी स्टेशन मास्टर की पोस्टिंग करने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने, अंतर रेलवे और अंतर मंडल स्थानांतरण करने, 12 घंटे का ड्यूटी रोस्टर समाप्त करने सहित अन्य मांग शामिल हैं। मौके पर लक्ष्मण ऊरांव, श्रवण सिंह समेत कई स्टेशन मास्टर मौजूद थे।

## 42 वर्षों से पौधों के प्रति समर्पित टिकैत विजेंद्र नाथ शाही सजावटी पौधों के साथ मेदिनीनगर में हरियाली का प्रतीक



**नर्सरी में खास किस्म के पौधे और 80 वर्ष की उम्र में भी जुनून कायम**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आधुनिक समय में घरों की सजावट में पौधों की भूमिका अहम हो गई है। आकर्षक और खुशबूदार पौधे घरों की पहली पसंद बन चुके हैं, साथ ही कई लोग इन्हें वास्तु के अनुसार भी अपने घरों में रखते हैं। लेकिन मेदिनीनगर के आबादगंज में रहने वाले 80 वर्षीय टिकैत विजेंद्र नाथ शाही का पौधों के प्रति यह जुनून कोई नया नहीं है। 1944 में सोनपुरा राजघराने में जन्मे शाही पिछले 42 वर्षों से सजावटी पौधे बेच रहे हैं और आज भी अपना अधिकांश समय अपनी नर्सरी में बिताते हैं। शाही ने 1982 में 'त्रिवेणी' नामक नर्सरी की शुरूआत की। वाराणसी में स्नातक की पढ़ाई के दौरान वहां के घरों में पौधों की हरियाली से प्रभावित होकर उन्हें पौधों में रुचि जागी। अपने पिता की मृत्यु के बाद, वे वापस मेदिनीनगर आए और शौकिया तौर पर नर्सरी की शुरूआत की। उनका यह शौक धीरे-धीरे जुनून में बदल गया और उन्होंने नर्सरी का विस्तार किया। उस समय पलामू में पौधे लगाने का प्रचलन कम था, लेकिन शाही ने इसे सुलभ बनाने का प्रयास किया, जिससे धीरे-धीरे लोग उनकी नर्सरी से पौधे लेने लगे।

### नर्सरी की खासियत और पौधों की विविधता

उनकी नर्सरी में कई खास पौधे उपलब्ध हैं, जिन्हें वे पश्चिम बंगाल के 24 नॉर्थ परगना से मंगवाते हैं। नर्सरी में कई आकर्षक और पत्तीदार पौधे जैसे ड्रेसिना विक्टोरिया, रूजिना, और कैक्टस शामिल हैं। इसके अलावा, फलदार पौधों में आम की विभिन्न किस्में जैसे आम्रपाली, दशहरी, चौसा, लंगड़ा, और अमरूद की इलाहाबादी सफेदा, लखनऊ 49, थाई पिंक जैसे पौधे भी यहां मिलते हैं। शाही की नर्सरी में 25 साल पुराना लवलीना का पेड़ भी लोगों के आकर्षण का केंद्र है। इसके साथ ही, नर्सरी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहां 40% पौधे पलामू के वातावरण के अनुकूल यहीं तैयार किए जाते हैं, ताकि वे कहीं और लगने पर भी खिलखिलाते रहें। यहां की नर्सरी में डॉल्टनगंज में शूट हुई एक फिल्म की भी शूटिंग हो चुकी है, जो इसकी पहचान को और मजबूत करती है। नर्सरी का संचालन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक होता है, जहां लोग सजावटी पौधों के साथ-साथ वास्तु और स्वास्थ्य के अनुसार भी पौधों की खरीदारी कर सकते हैं।

### आपसी मारपीट में दोनों पक्ष के तीन लोग घायल

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नरसिंहपुर पथरा स्थित तलाब में मछली मारने को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में 50 वर्षीय संजय कुमार महतो घायल हो गए हैं। परिजनों उन्हें घायल अवस्था में इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया है। वहां इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस संबंध में घायल संजय महतो ने बताया कि बुधवार की सुबह 4 बजे वह अपने अन्य परिवार के साथ मछलियों को दाना डालने तथा तालाब से मछली निकाल रहे थे। इस बीच गांव के ही विश्वनाथ महतो, प्रदीप महतो, राजू चौरसिया, विजय चौरसिया, सरोज महतो, लक्ष्मी नारायण चौरसिया, राजेश चौरसिया हथियारों से लैश होकर पहुंचे। सभी एक साथ मिल कर उस पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान टांगी से उसके सिर पर वार किया गया जिससे उसका सिर फट गया। इस मारपीट की घटना में दूसरे पक्ष के भी दो लोग घायल हुए हैं। उनका इलाज भी एमएमसीएचस में चल रहा है। मेदनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में चल रहा है। घायल संतोष महतो के परिजनों ने घटना की जानकारी चैनपुर थाना की पुलिस को दी है। इस संबंध में चैनपुर थाना प्रभारी ने बताया कि मारपीट का मामला थाना में दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। आरोपी जल्द ही पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

## एक नजर

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**श्री बंशीधर नगर।** नगर उंटारी थाना क्षेत्र के ठरका गांव निवासी सत्येंद्र पासवान का 20 वर्षीय पुत्र सोनू पासवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जानकारी देते हुए परिजनो ने बताया कि सोनू अपने पिता के साथ बाहर कमाने जा रहा था, जिसके बाद वह आधे रास्ते से ही भागकर वापस आ गया। इसके बाद घर में आपसी कलह बढ़ गया और उसने गुस्से में आकर फांसी लगा ली। इधर मामले की जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है।

### लोकहित अधिकार पार्टी प्रखंड संयोजक मंडली का गठन

**डंडई।** लोकहीत अधिकार पार्टी के भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र प्रत्याशी जय राम पासवान की उपस्थिति में बुधवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी उमेश रजक, जिला कोषाध्यक्ष शिवकुमार विश्वकर्मा, एवं उन्नत देव ठाकुर के साथ-साथ बड़ी संख्या में गांव के ग्रामीणों ने भाग लिया।इस दौरान उनके द्वारा प्रखंड स्तरीय संयोजक मंडली का गठन किया गया। जिसमें बसंत साहू, राजब अली, संजय साहू, राजनाथ पासवान, विट्ठल सिंह, मुन्ना साह, प्रेम कुमार गुप्ता को संयोजक मंडली का सदस्य बनाया गया। मौके पर जय राम ने कहा कि बैठक में सिर्फ प्रखंड स्तरीय संयोजक मंडली का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि आगामी 20 तारीख को संपन्न होने वाली बैठक में प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन किया जाएगा। निर्धारित तिथि के दिन बड़ी संख्या में प्रखंड के लोगों को भाग लेने की उन्होंने अपील की। जय राम ने बताया कि भनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी की नई शुरूआत है।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ की बैठक

# इंटर स्टेट चेक पोस्ट पर प्रशासन की होगी पैनी नजर: उपायुक्त




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर ने विधानसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद जिले के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के जारी निदेशों के अनुसार विधानसभा क्षेत्र 80-गढ़वा, 81-भवनाथपुर, 76-डालटनगंज पार्ट, और 77-विश्रामपुर पार्ट की विधानसभा के लिए निर्धारित कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने आदर्श आचार संहिता लागू होने के 24 घंटे व 72 घंटे के अंदर आवश्यक कार्रवाई की जानकारी भी साझा की। इसके तहत सभी सरकारी योजनाओं से संबंधित बैनर, पोस्टर आदि हटाने के निर्देश दिए गए।

**चेक पोस्ट और निगरानी :** जिले से सटे इंटर स्टेट बॉर्डर खरौंधी, नगर ऊंटारी, बरगढ़, गोदरमाना, हरिहरपुर आदि स्थानों पर चेक पोस्ट लगाया गया है। इसके अलावा वन विभाग से जुड़े क्षेत्रों पर भी चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं। पुलिस विभाग द्वारा कंट्रोल रूम भी बनाया गया है और हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। चुनाव के दौरान गड़बड़ी करने वाले असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जाएगी, और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के लिए एक अलग टीम का गठन किया गया है। बैठक में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, रंका एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा संजय प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार, और उत्पाद अधीक्षक निर्मल कुमार समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

#### कोषांगों का गठन किया गया

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर विभिन्न कोषांगों का गठन किया गया है। गठित कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों की संपर्क संख्या भी प्रेस प्रतिनिधियों के साथ साझा की गई।

#### मतदान स्थलों की तैयारी

उपायुक्त ने कहा कि एएमएफ के तहत सभी पोलिंग स्टेशन पर आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है, जिसमें पेयजल, शौचालय, रैंप, प्रकाश, फर्नीचर, और हेल्पडेस्क शामिल हैं। इसके साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर वॉलिंटियर्स के रूप में एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड और ईएलसी फॉर फ्यूचर वोटर्स के सदस्य तैनात किए जाएंगे। मतदाता सूची से संबंधित जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1950 भी सक्रिय हो गया है।

#### चुनाव प्रबंधन केंद्र की दी जानकारी

80-गढ़वा और 81-भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए श्री सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय को डिस्पैच सेंटर बनाया गया है, जबकि रिसीविंग सेंटर कृषि उत्पादन बाजार समिति है।

#### मतदाताओं की संख्या

- बैठक में विधानसभा क्षेत्रवार मतदाताओं की संख्या का विवरण भी साझा किया गया:
- 80 गढ़वा: पुरुष मतदाता: 213618, महिला मतदाता: 201489, कुल: 415107
- 81 भवनाथपुर: पुरुष मतदाता: 226547, महिला मतदाता: 209251, कुल: 435798

#### पुलिस की तैयारियाँ

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि हम भयमुक्त वातावरण में मतदान कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं और पुलिस बल की तैनाती आवश्यकतानुसार की जाएगी। उन्होंने बताया कि फ्लाइंग स्क्वायड टीम पूरी तरह से सक्रिय है और जिले के विभिन्न चौक चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

## अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टरों को पुलिस ने पकड़ा

**नवीन मेल संवददाता**

**गढ़वा।** कोयल नदी से अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टरों को पुलिस ने पकड़ा है। पकड़े गए दोनों ट्रैक्टर कोयल नदी से बालू की निकासी कर अवैध बालू ले जा रहे थे। पुलिस ने दोनों ट्रैक्टरों को पड़कर थाना ले आया। इस संबंध में गढ़वा सदर इंस्पेक्टर बृज कुमार ने कहा कि कोयल नदी से अवैध बालू निकासी की सूचना पर घाटों पर छापेमारी की गई। पुलिस जैसे ही लापो कोयल नदी घाट पहुंची। नदी से बालू का अवैध उत्खनन कर रहे कारोबारी व चालक पुलिस को देखते ही बालू लदे ट्रैक्टरों को छोड़कर भाग गए। ऐसे में बालू लदे ट्रैक्टरों को पुलिस के जवान खुद ड्राइव कर थाना लाए। फिलहाल बालू लदे दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया गया है और अग्रेतर कार्रवाई के लिए खनन विभाग को प्रतिवेदित किया गया है। इस संबंध में गढ़वा सदर एसडीओ संजय कुमार ने कहा कि अवैध उत्खनन के विरुद्ध प्रशासन का लगातार छापेमारी अभियान चलेगा और पकड़े गए वाहनों एवं उसके संचालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी को भी बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि चुनाव बाद सघन छापेमारी अभियान चलाकर खनिजों के अवैध कारोबार का कमर तोड़ दिया जाएगा।

# आचार संहिता के बाद भी मनरेगा घोटाला, 163 नई योजनाओं पर सवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** मनरेगा के तहत घोटालों की खबरें अक्सर सुनने को मिलती हैं, लेकिन इस बार आचार संहिता लागू होने के बावजूद योजनाओं को चालू दिखाकर पेमेंट करने का मामला सामने आया है। यह एक बड़े घोटाले की ओर संकेत कर रहा है। समय रहते इस मामले का संज्ञान नहीं लिया जाता तो लाखों रुपये का गबन हो सकता था।

**24 घंटे में स्पष्टीकरण :** प्रखंड विकास पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके।

#### नियमों का उल्लंघन: बीडीओ

बीडीओ प्रशांत कुमार ने मुकुन्दपुर, बलिगढ़ और परती कुशवानी पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक से स्पष्टीकरण मांगा है। आरोप है कि पहले से लंबित 2329 योजनाओं को बंद किए बिना और जिला कार्यालय द्वारा रोक के बावजूद 163 नई योजनाएं शुरू कर दी गईं। इन पंचायतों में कुल 96, 58, और 96 मेडबंदी और टीसीबी योजनाएं क्रमशः चालू की गई हैं।

#### अनुशासनहीनता का मामला

बीडीओ ने बताया कि इन योजनाओं के तहत मजदूरों के खातों में एक-एक दिन का मांग पत्र लगाकर मजदूरी का भुगतान कर दिया गया है, जो नियमों के विपरीत है। जिला कार्यालय के निर्देश थे कि जब तक पुरानी योजनाएं एमआइएस में बंद नहीं होतीं, तब तक नई योजनाओं को शुरू न किया जाए, लेकिन इसके बावजूद इन पंचायतों में कार्य आरंभ किया गया।

## अनुमंडल प्रशासन ने सीमावर्ती क्षेत्र का निरीक्षण किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड विधान सभा चुनाव की घोषणा होते ही भवनाथपुर विधान सभा क्षेत्र में जिला प्रशासन के निर्देश पर अनुमंडल प्रशासन ने बुधवार को एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह, भूमि उप समाहर्ता शिलवंत भट्ट, सीओ विकाश कुमार सिंह, नप के कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य नायक, धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने झारखंड, उत्तरप्रदेश सीमावर्ती बिलासपुर में लगाए गए चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चेक पोस्ट पर उपस्थित मजिस्ट्रेट को उतर प्रदेश की ओर से आने ओर जाने वाले वाहनों का सही तरीके से जांच करने का निर्देश दिया। एसडीओ ने कहा कि किसी प्रकार जांच के दौरान संदेहास्पद पाया तो तत्काल सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इधर भूमि उप समाहर्ता शिलवंत भट्ट, सीओ विकाश कुमार सिंह, नप के कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल ने शहरी क्षेत्र में विद्युत खंभे में लगे विभिन्न राजनीतिक दलों के झंडों और पोस्टर हटवाया। साथ ही साथ नगर पंचायत के कर्मियों को 24 घंटे के अंदर शहर के घरों के बाहर लगे राजनीतिक दलों के लिए बैनर पोस्टर हटाने का निर्देश दिया।

## इग्नू में विभिन्न कोर्स में नामांकन

**गढ़वा।** इग्नू में सत्र जुलाई 2024 में नामांकन की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर तक बढ़ा दिया गया है। इग्नू अध्ययन केंद्र सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज में स्नातक प्रतिष्ठा व सामान्य, स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा व डिप्लोमा आदि पाठ्यकर्मो में नामांकन जारी है। इच्छुक विद्यार्थी अब 31 अक्टूबर तक नामांकन करा सकते हैं। ऑनलाइन नामांकन की सुविधा उपलब्ध है। वैसे व्यक्ति जो किसी भी कारण से रेगुलर पढ़ने में असमर्थ हैं या अपनी शिक्षा को और बढ़ाना चाहते हैं नौकरी पेशा करने वाले इच्छुक व्यक्ति भी अपना नामांकन करा सकते हैं।

# पढ़ता है जहां सारा खुतबा गौसे आजम का, रुतबा...

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सुन्नते इस्लामिया कमेटी ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में बीती रात्रि अजीमुस्सान गौसुल आजम कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जामा मस्जिद में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत हाफिज यूसुफ ने कुरान-ए-पाक की आयत तिलावत कर की। इसके बाद हाफिज यूसुफ ने पढ़ता है जहां सारा खुतबा गौसे आजम का, रुतबा है कितना बड़ा गौसे आजम का ...नातिया कलाम पेश कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। हाफिज यूसुफ ने बिगड़ा हुआ नसीब बनाते है गौसे पाक, मुर्दे को एक पल में जिलाते हैं गौसे पाक ... नात शरीफ पेश कर खूब वाहवाही लूटी। इसी तरह अन्य शायरों ने भी एक से बढ़ कर नातिया कलाम पेश कर लोगों को नारा लगाने पर मजबूर कर दिया। मौके पर उपस्थित लोगों के बीच तकरीर करते हुए मुफ़्ती नूर आलम अमजदी ने कहा कि कुरआन-ए-पाक की तिलावत करने से दिल को सुकून मिलता है। इसलिए सभी मुसलमानों को रोजाना कुरआन-ए-पाक की तिलावत करनी चाहिए। वहीं पांचों वक्त नमाज पढ़नी चाहिए। इसके अलावे जकात निकालने के साथ ही हज भी करना चाहिए। जामा मस्जिद इराकी मोहल्ला के पेश इमाम हाफिज अब्दुस्समद ने कहा कि हजरत शेख अब्दुल कादिर जीलानी अलैहिर्रहमां (गौस-ए-पाक) की पूरी जिंदगी करामात से कम नहीं है। अल्लाह और उसके रसूल-ए-पाक के बताए रास्ते पर चलने की फिक्र, लोगों के साथ सलीके से पेश आना, सभी का ख्याल रखना, शरीयत की पाबंदी यही उनकी जिंदगी का मकसद रहा। उन्होंने अमानतदारी, वादा पूरा करना, झूठ से बचने, दूसरें के हुकूक का ख्याल, मां-बाप की खिदमत, उस्ताद की फरमाबरदारी का पैगाम दिया। उन्होंने कहा कि हजरत शेख अब्दुल कादिर की करामात से पूरी दुनिया वाकिफ है। शेख ने एक पल में बारह साल पहले डूबी हुई कश्ती को बारातियों के साथ जिन्दा निकाला। जिनके मकान में एक चोर चोरी की नियत से आया तो वक़्त का वली बन गया। जिन्होंने एक हजार साल पुरानी कब्र को कहा कुमबी इजनिल्लाह यानी अल्लाह के हुक्म खड़ा हो जा।

## झामुमो महिला मार्चो ने मिथिलेश ठाकुर को विजयी बनाने का लिया संकल्प

**गढ़वा।** झामुमो महिला मोर्चा की बुधवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर बैठक हुई। बैठक में महिला मोर्चा के सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने मंत्री मिथिलेश ठाकुर को ऐतिहासिक मतों से जीताने का संकल्प लिया। सभी ने अपने-अपने क्षेत्र में जाकर सघन जनसंपर्क अभियान चलाते हुए लोगों को झारखंड सरकार के कार्यों से अवगत कराने व बूथ कमेटी को मजबूत करने का निर्णय लिया। मौके पर मंत्री ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार ने काफी विषम परिस्थितियों के बावजूद राज्यहित औ जनहित में बहुत ही बेहतर कार्य की है। राज्य सरकार की ओर से चलायी जा रही सभी जनहित की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचायें। साथ ही विरोधियों की झूठ फरेब की नीति से भी जनता को अवगत करायें। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता तन, मन से लोकतंत्र के महापर्व चुनाव में लग जायें। उन्होंने सभी कार्यकताओं को अपने बूथ को मजबूत करते हुए चुनाव जीतने की टिप्स भी बताया। मंत्री ने कहा कि विरोधी चाहे जिजनी भी ताकत लगा लें, जनता भ्रमित होने वाली नहीं है। आगामी विस चुनाव में हर हाल में महागठबंधन बहुमत के आंकड़े को पार करेगा। गढ़वा की जनता विकास करने वाले को ही अपना जनप्रतिनिधि चुनेगी।

## कार्यक्रम

## 200 से अधिक झामुमो कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा

# केन्द्र की मोदी सरकार ने कई महत्वकांक्षी योजनाएं की शुरूआत की है: सत्येंद्रनाथ तिवारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** मंगलवार की देर रात और बुधवार को भाजपा के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी के आवास पर गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के करीब आधा दर्जन से अधिक गांवों के दो सौ से अधिक लोगों ने झामुमो सहित अन्य दलों को छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी को पूर्व विधायक ने पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। भाजपा और पीएम मोदी पर बढ़ा विश्वास मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि गढ़वा सहित झारखंड के सभी जगहों पर भाजपा और पीएम मोदी के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। यही कारण है कि प्रतिदिन भारी संख्या में लोग दूसरे दलों को छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने गरीबों के हित में कई महत्वकांक्षी योजनाएं शुरू की हैं। लेकिन झारखंड की हेमंत सरकार ने केन्द्र की योजनाओं का लाभ गरीबों तक नहीं पहुंचने दिया। सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि केन्द्र प्रायोजित सभी योजनाओं में भारी घोटाले किए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक सह मंत्री के पिछले पांच वर्ष के कार्यकाल में सिर्फ लूट हुई है। गरीबों की जमीन को खुलेआम लूटा गया है। आदिवासियों की हिमायती बताने वाली हेमंत सरकार में आदिवासी स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने पिछले पांच वर्ष के दौरान शहर के व्यवसायियों पर एक विशेष समुदाय के द्वारा किए गए जुल्म की चर्चा की और जिला प्रशासन के अधिकारियों से निष्पक्षता से काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिला और पुलिस प्रशासन आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद भी मंत्री के इशारे पर काम कर रहे हैं। तिवारी ने चेतावनी दी कि यदि दो दिनों के अंदर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी निष्पक्षता से काम नहीं करते हैं, तो वह चुनाव आयोग के समक्ष अधिकारियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की गुहार लगाने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि गढ़वा की जनता इस बार भाजपा को प्रचंड बहुमत के साथ जीत दिलाने के लिए एकजुट हो चुकी है। मंत्री और उनके लोग पूरी ताकत लगा लें, लेकिन उनकी जमानत बचाना मुश्किल होगा।



#### दुर्गा विसर्जन विवाद

तिवारी ने कहा कि मंत्री के इशारे पर सदर प्रखंड के लखना में मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जन करने से रोका गया था, जो एक विशेष समुदाय को खुश करने के लिए किया गया था। उन्होंने उस दिन लखना गांव जाकर दोनों पक्षों के साथ सहमति बनाते हुए मां दुर्गा का विसर्जन कराया। उन्होंने कहा कि मंत्री के इशारे पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी उन्हें डराने के लिए केस दर्ज कराने का प्रयास कर रहे हैं। तिवारी ने स्पष्ट किया कि यदि मां दुर्गा के अपमान का बदला लेने के लिए उन्हें सौ बार भी जेल जाना पड़े, तो वह पीछे नहीं हटेंगे।

#### भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले लोग

पार्टी में मेराल प्रखंड के पढ़ुआ, सोहबरियां, कजराठ, सदर प्रखंड के लगमा, कोरवाडीह सहित अन्य गांवों के दो सौ से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से अरविंद कुमार, प्रमोद कुमार, कुलदीप भुईया, बाबूलाल भुईया, रोहित कुमार, रामचंद्र राम, अमरावती देवी, सुनीता देवी, मीरा देवी, कालो देवी, संजू देवी, दुर्गेश चंद्रवंशी, विनोद राम, कमलेश यादव, अखिलेश तिवारी, सुरेश प्रसाद यादव, नरेश मेहता, उपाध्याय यादव, राजेश्वर यादव, सुमेर मेहता, अनिल चौधरी, महेंद्र चौधरी, शिवनाथ चौधरी समेत अन्य लोग शामिल हैं।

## न्यूज बॉक्स

### 37 मरीजों का निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन हुआ

**गढ़वा।** शहर के चिरोजिया मोड़ स्थित राधिका नेत्रालय में बुधवार को 37 मोतियाबिंद मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया गया। मौके पर राधिका नेत्रालय के निदेशक डॉ सुशील कुमार ने बताया कि राधिका नेत्रालय में लगातार मोतियाबिंद के मरीजों का निशुल्क का ऑपरेशन किया जा रहा है। गढ़वा जिले के सुदरवर्ती इलाके से लेकर शहरी इलाके के लोग अस्पताल पहुंचकर अपना जांच करा ले। साथ ही उन्होने कहा की जिन मरीज में मोतियाबिंद पाया जायेगा। उनका रजिस्ट्रेशन कर निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। साथ ही साथ ऑपरेशन के बाद उन्हें निशुल्क चश्मा और दवा भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वैसे लोग जो मोतियाबिंद से ग्रसित हैं। वह राधिका नेत्रालय में आकर रजिस्ट्रेशन रजिस्ट्रेशन कराते हुए मोतियाबिंद जांच के बाद अपना ऑपरेशन करा सकते हैं। उसके लिए उनके साथ आधार कार्ड राशन कार्ड लाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया की आज 37 लोग का सफल मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। जबकि अब तक राधिका नेत्रालय में 2024 से 2025 में अब तक 493 मोतियाबिंद मरीज का ऑपरेशन किया गया है।

### एसडीओ ने मान्यता प्राप्त दलों के साथ बैठक की

**गढ़वा।** 80-गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्हें आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों, निषेधाज्ञा के प्रावधानों व 'क्या करें, क्या ना करें' से अवगत कराया। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के आईटी एप्लीकेशंस सी-विजिल एवं सुविधा एप के बारे में विस्तार से बताया। राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को नामांकन की तिथि, समय आदि के अलावा नामांकन के क्रम में जरूरी दस्तावेजों के बारे में भी बताया गया। उन्हें बताया गया कि किसी भी प्रकार की परमिशन आदि लेने के लिए उन्हें ऑनलाइन सुविधा पोर्टल का उपयोग करना होगा। जानकारी दी गयी कि सभी उम्मीदवारों को चुनाव व्यय संबंधी पृथक से खाता खोल कर रखना होगा। हेट स्पीच तथा सोशल मीडिया पर तथ्यहीन दुष्प्रचार से बचने की सभी को नसीहत दी गई। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी शंकाओं से संबंधित कुछ प्रश्न भी रखे जिनका समाधान रिटर्निंग ऑफिसर संजय कुमार के द्वारा मौखिक रूप से किया गया। साथ ही इनसे संबंधित आवश्यक नियमावली, प्रेस नोट आदि उन्हें उपलब्ध कराए गए।

### भूमि विवाद में एक पक्ष में महिला सहित चार घायल

**गढ़वा।** खरौंधी थाना क्षेत्र के भगोडीह गांव में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में एक पक्ष के महिला सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों में करीमन यादव उसकी पत्नी नीरा देवी मुन्ना यादव का पुत्र अरविंद कुमार एवं सरिता देवी के नाम शामिल है। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल मे भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में घायलों ने आरोप लगाया है कि विजय यादव धर्मेंद्र यादव गोरेलाल यादव पंकज यादव सुनीता देवी रूबी देवी सुषमा देवी आदि उसके जमीन से रास्ता का मांग कर रहे थे। इसके बाद उसे रास्ता भी दे दिया गया था। इसके बावजूद भी वो लोग उसे रास्ता को छोड़कर दूसरे रास्ते का मांग कर रहे थे। इसी बात को लेकर दूसरे पक्ष के लोगों ने उक्त सभी के साथ मारपीट कर घायल कर दिया।

### मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के लाभुक ऋण के लिए एक माह से भटक रहे है

**गढ़वा।** बुधवार को एक दर्जन से अधिक लोग मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत ऋण के लिए जिले के विभिन्न प्रखंडों से समाहरणालय पहुंचे थे। जो पिछले एक माह से भटक रहे हैं। कल्याण विभाग का चक्कर लगा रहे हैं। यहीं नहीं लोगों ने कहा कि दस प्रतिशत ब्याज पर रुपये लेकर योजना में सब्सिडी की राशि जमा किए हैं। समय जैसे जैसे बीत रहा है ब्याज भरने की चिंता सता रही है। समाहरणालय पहुंचे डंडई प्रखंड से राजा कुमरा, रंका से प्रमोद कुमार रवि, बरडीहा प्रखंड से अजय पासवान, गढ़वा प्रखंड के करके से मनोज पासवान, लगमा से राहुल कुमार चौधरी, राम कुमार पासवान, मेराल प्रखंड से कृष्णा चौधरी आदि ने बताया कि वे लोग डेढ़ वर्ष पूर्व योजना के तहत ऋण के लिए आवेदन जमा किए थे। कार्यालय के प्रक्रिया पूरा होते होते समय गुजर गया। एक माह पूर्व सब्सिडी की राशि भी जमा कर दिए। बावजूद अब तक ऋण नहीं मिल सका है। वहीं चुनाव की घोषणा भी हो चुकी है। ऐसे में समय और भी लगेगा। लोगों ने कहा कि विभागीय प्रक्रिया पूरी होने में कार्यालय कर्मियों ने काफी समय लगा दिया। वहीं सब काम छोड़ कर लगातार हमलोग कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। लोग उपायुक्त से भी मुलाकात करना चाहते थे। मगर मुलाकात नहीं हो सकी।

### स्वीप कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों के बीच कब्बड्डी प्रतियोगिता आयोजित

**खरौंधी।** विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी शेखर जमुआर के निर्देश पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में सभी उत्क्रमित मध्य विद्यालयों और मध्य विद्यालयों में स्कूली बच्चों के बीच कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं को खेल के माध्यम से मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना था। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों को मतदान के महत्व, लोकतांत्रिक अधिकारों, और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अलावा, उन्हें यह भी सिखाया गया कि वे कैसे अपने परिवार और आस-पास के समुदाय में मतदान के प्रति जागरूकता फैला सकते हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी शेखर जमुआर के निर्देश पर इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हर विद्यालय में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बीपीएम नवीन प्रकाश ने बताया कि इस कबड्डी प्रतियोगिता के माध्यम से न केवल छात्रों को खेल भावना का विकास करने का अवसर मिला, बल्कि उन्हें चुनावी प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने का एक रचनात्मक तरीका भी अपनाया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को समझाया गया कि जैसे खेल में नियमों का पालन आवश्यक है, वैसे ही लोकतंत्र में मतदान करना भी प्रत्येक नागरिक का महत्वपूर्ण कर्तव्य है। इस तरह के कार्यक्रमों से चुनावों में युवाओं और नए मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है। यह कार्यक्रम न केवल बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित कर रहा है, बल्कि उनके माध्यम से व्यापक स्तर पर समाज में मतदाता जागरूकता भी फैलाई जा रही है। मौके पर सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, छात्रों ने महती भूमिका निभाई।

### विधानसभा चुनाव को लेकर गढ़वा व रंका अनुमंडल में धारा 163 लागू

**गढ़वा।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से 15 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता प्रभावि हो गया है। इसी क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के निर्देश गढ़वा एसडीओ संजय कुमार व रंका एसडीओ रुद्र प्रताप ने अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत भयमुक्त, शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने, विधि-व्यवस्था को लेकर धारा 163 लगाया है। विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया की समाप्ति तक लागू रहेगा। इसके तहत किसी भी प्रकार के घातक हथियार, आग्नेयास्त्र या विस्फोटक पदार्थ लाने-ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। किसी उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित जुलूस ऐसे क्षेत्र या मार्ग से होकर नहीं निकल जाएगा जिसमें कोई प्रतिबंधात्मक आदेश लागू हो। जुलूस के निकलने के स्थान, समय और मार्ग व समापन के बारे में स्थानीय पुलिस थाने में कम से कम दो दिन पहले सूचना देनी होगी। जुलूस के कारण यातायात में कोई बाधा न हो। जुलूस में लोगों को ऐसी चीज लेकर चलने से रोका जाएगा, जिसको लेकर चलने पर प्रतिबंध हो या जिनका उत्तेजना के क्षणों में दुरुपयोग किया जा सकता हो। कोई भी व्यक्ति, समूह, अभ्यर्थी या राजनीतिक दल के सदस्य बिना सक्षम पदाधिकारी के पूर्वानुमति के जुलूस नहीं निकालेंगे।

## एक नजर

### बीडीओ ने दिया योगदान



**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय में 15 वें प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में अमित कुमार पासवान ने बुधवार को पदभार संभाला। तत्कालीन बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम ने विधिवत बीडीओ का प्रभार सौपा। नंदकुमार राम ने सीओ के पद पर ही बने रहेंगे। नव पदस्थापित बीडीओ ने कहा कि क्षेत्र में ग्रामीणों की कोई भी समस्या है तो वह उनसे मिलकर बात कर सकते हैं। समस्याओं का समाधान करना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होने कहा कि प्रखंड के सभी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है, ताकि सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ सभी योग लाभुकों को मिल सके। मौके पर प्रखंड व अंचल कर्मी सहित अन्य उपस्थित थे।

### विधायक उम्मीदवारी के लिए संजय ने कराया निबंध



**बालूमाथ।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के उम्मीदवार अपनी उम्मीदवारी के लिए पार्टी कार्यालय में पहुंच कर अपनी उम्मीदवारी पेश कर रहे हैं। इस क्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा कार्यकर्ता संजय कुमार रवि ने लातेहार विधानसभा क्षेत्र के आरक्षित सीट 74 क्रमांक से अपना उम्मीदवारी पेश की। वह रांची तेतर टोली स्थित झामुमो केंद्रीय समिति कार्यालय में निर्धारित शुल्क अदा कर निबंध कर अपनी उम्मीदवारी का दावा किया है। उन्होंने बताया कि लातेहार आरक्षित सीट है। इस क्षेत्र से अगर उन्हें पार्टी मौका देती है तो यह सीट पार्टी के लिए पुनः जीत कर देंगे। निबंध के दौरान संजय कुमार रवि के अलावा पार्टी के कार्यकर्ता सुरेश उरांव, जितेंद्र सिंह, रवि शंकर यादव आदि लोग उपस्थित थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ बैठक की, चुनावी खर्च पर सख्ती

# 10 लाख से अधिक की निकासी पर निर्वाचन व्यय कोषांग को सूचित करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिले के सभी बैंक शाखा प्रबंधकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में उन्होंने आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद संदेहास्पद लेन-देन और एक खाते से दूसरे खाते में राशि हस्तांतरण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी उम्मीदवार द्वारा 10 लाख रुपये से अधिक की नकद निकासी या संदेहास्पद लेन-देन की स्थिति में बैंक प्रबंधकों को तुरंत निर्वाचन व्यय अनुश्रवाण कोषांग और आयकर विभाग को सूचित करना अनिवार्य होगा।

उपायुक्त ने सभी बैंक शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया कि वे चुनावी अवधि में संदेहास्पद नकद निकासी, खाता से खाता में बड़े पैमाने पर धन हस्तांतरण, और एकमुश्त बड़ी राशि की निकासी पर कड़ी नजर रखें।

**आयकर विभाग को सूचना दें :** निर्वाचन आयोग की दिशा-निर्देशों के अनुसार, बैंकों को किसी भी उम्मीदवार द्वारा बड़ी नकदी निकासी के मामले में आयकर विभाग को सूचित करना अनिवार्य है। इस कदम का उद्देश्य काले धन के उपयोग को रोकना है।



**नोडल पदाधिकारियों की नियुक्ति**

जिले के अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देश दिया गया कि वे प्रत्येक बैंक से एक नोडल अधिकारी नामित करें, जो इस काम की प्रगति की समीक्षा करेंगे और निर्वाचन व्यय कोषांग को नियमित रिपोर्ट देंगे। इसके अलावा, नोडल पदाधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि वे चुनावी खर्च पर निगरानी सुनिश्चित कर सकें।

**चुनावी खर्च के लिए अलग खाता**

सभी उम्मीदवारों को चुनावी खर्च के लिए एक अलग बैंक खाता खोलना होगा, जिसे केवल चेकबुक से संचालित किया जाएगा। इस खाते का विवरण उम्मीदवारों को निर्वाचन आयोग को देना होगा, और बैंक प्रबंधक इस प्रक्रिया में उम्मीदवारों को हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे।

**नकदी निकासी पर सख्ती**

अगर कोई उम्मीदवार या उसका प्रतिनिधि बैंकों से एकमुश्त 10 लाख रुपये से अधिक की राशि निकालता है, तो बैंक शाखाओं को तुरंत व्यय अनुश्रवाण कोषांग और आयकर विभाग को सूचित करना होगा। इसके अलावा, किसी भी संदेहास्पद लेन-देन की रिपोर्टिंग अनिवार्य होगी।

**परिवहन नियमों का पालन करें :** बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि बैंक प्रबंधक गृह मंत्रालय द्वारा 20 फरवरी 2013 को जारी किए गए परिवहन से जुड़े नियमों का अक्षरशः पालन करें। इसमें विशेष रूप से उम्मीदवारों द्वारा बड़ी मात्रा में नकदी ले जाने पर सख्त निगरानी का आदेश शामिल है। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी बताया कि उम्मीदवारों को चुनावी खर्च के लिए अलग बैंक खाता खोलना होगा, जिसके संचालन में बैंक शाखाएं उन्हें पूरा सहयोग प्रदान करेंगी।

## न्यूज बॉक्स

### क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करना प्राथमिका : विक्रांत



**बालूमाथ।** थाना के नए थाना अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार ने बुधवार को योगदान दिया है। निवर्तमान थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय का तबादला हो जाने के बाद नए थाना प्रभारी ने योगदान दिया है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था के साथ चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न करना ही प्राथमिकता होगी। क्षेत्र में आम जन थाना से जुड़ें और निःसंदेह अपनी समस्या बता सकते हैं। त्वरित समाधान के लिए पहला प्रयास करेंगे।

### चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराना प्राथमिकता : देवेंद्र कुमार



**बारियातू।** थाना परिसर में बुधवार को देवेंद्र कुमार ने तीसरे थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण कर देवेंद्र कुमार ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता कानून व्यवस्था को मजबूत करना तथा क्षेत्र में कोई भी समस्या को लेकर बारियातू पुलिस हमेशा तैयार रहेगी। विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना मेरी प्राथमिकता है। मौके पर थाना के पुलिस पदाधिकारी व पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

### पुलिस को सहयोग करें जनता : पारसमणी

**गारू (लातेहार)।** गारू थाना प्रभारी सोनू कुमार के हजारीबाग जिले में स्थानांतरण के बाद लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने पारसमणी को गारू का नया थाना प्रभारी नियुक्त किया है। पारसमणी ने अपने पद पर कार्यभार संभालते ही क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को बनाए रखने और उग्रवाद पर नियंत्रण करने का बात कही। उन्होंने कहा कि गारू प्रखंड में शांति स्थापित करना उनकी प्राथमिकता है। ग्रामीणों से अपील की कि वह पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत दें। उनका मानना है कि पुलिस और स्थानीय समुदाय के बीच मजबूत तालमेल होना आवश्यक है, ताकि क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उग्रवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे और क्षेत्र में किसी भी तरह की अव्यवस्था को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शांति स्थापित करने के लिए मिलकर काम करना होगा।

## मछली मारने गए दादा व पोती की नहर में डूबने से मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड (चतरा)।** थाना क्षेत्र के महेशा गांव में बुधवार को एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत अंजनवा नहर में डूबने से हो गई। दोनों मृतक एक ही परिवार से थे और रिश्ते में दादा व पोती थे। परिजनों के अनुसार प्रतिदिन की भांति कल्लू भुइयां उम्र 55 वर्ष अपने 11 वर्षीय पोती के साथ अंजनवा डैम से निकलने वाले पानी नली में मछली मारने गिरगिरा व अन्य उपकरण को लेकर गए थे। वहां मछली मारने के लिए नाले में पहले पोती उतरी। वहां पानी अधिक रहने से डूबने लगी, जिसे देख दादा बचाने के क्रम में दुर्भाग्य से दोनों के डूबने से मौके पर ही मौत हो गई। नहर में गिरगिरा व अन्य समान बहता देख मृतक बच्ची के पिता मुकेश भुइयां देख घटना स्थल पर पहुंचे। दोनों दादा पोती को पानी में डूबा पाया। इसके बाद हो हल्ला सुनकर अन्य ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंच दोनों शवों को बाहर निकाला। इसके बाद घटना की जानकारी स्थानीय थाना को दिया गया। सूचना पाकर अवर निरीक्षक शिवदोय तिर्की दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना की सूचना पाकर जेएमएम नेता मनोज चंद्रा व मुखिया मंजीत सिंह मृतक के परिजनों से मुलाकात कर आर्थिक मदद कर हर संभव भरोसा दिलाया। मौके पर सुरज कुमार सिंह, ध्रमेंद्र दांगी, विजय यादव केअलावा ग्रामीण उपस्थित थे। घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है व गांव में मातम पसरा है।

## आदर्श आचार संहिता के तहत गारू में पोस्टर-बैनर हटाने का काम शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**गारू (लातेहार)।** विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद जिला प्रशासन ने आदर्श आचार संहिता को सख्ती से लागू करना शुरू कर दिया है। इस क्रम में गारू में बीडीओ अभय कुमार, अंचल अधिकारी दिनेश मिश्रा और थाना प्रभारी पारस मणि के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने सार्वजनिक स्थानों से सभी राजनीतिक दलों के पोस्टर, बैनर और झंडों को हटाने का अभियान चलाया। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर यह कार्रवाई 24 घंटे के भीतर पूरी की गई। गारू प्रखंड मुख्यालय, गारू बाजार, अरमु मोड़ और खेल मैदान जैसी जगहों पर लगे सभी राजनीतिक दलों के प्रचार सामग्री को हटाया गया। टीम ने घूम-घूमकर इलाके में लगे पोस्टर और बैनर को हटाया और यह सुनिश्चित किया कि आचार संहिता का पूरी तरह पालन हो। अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी राजनीतिक दल द्वारा बिना अनुमति के झंडा या पोस्टर नहीं लगाए जा सकते हैं। यदि किसी राजनीतिक संगठन ने नियमों का उल्लंघन किया, तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ अभय कुमार ने कहा कि आदर्श आचार संहिता का पालन करना सभी के लिए अनिवार्य है। प्रशासन इसकी निगरानी करेगा। गौरतलब है कि मंगलवार को चुनाव आयोग द्वारा झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की गई, जिसके अनुसार राज्य में दो चरणों में चुनाव होंगे। लातेहार जिले की दोनों विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा। इसके मद्देनजर जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है और प्रशासन हर गतिविधि पर नजर रख रहा है। प्रशासन की इस सख्ती का उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाना है, ताकि सभी दलों को समान अवसर मिल सके और आचार संहिता का उल्लंघन न हो।



### प्रशासन ने राजनीतिक दलो का झंडा, बैनर, पोस्टर हटाया

**हेरहंज।** विधानसभा चुनाव की तिथि की घोषणा होने के बाद राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होते ही प्रखंड प्रशासन पूरी तरह से एक्शन मोड में है। बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, थाना प्रभारी कृष्ण पाल सिंह आदर्श आचार संहिता का पालन करने को लेकर सार्वजनिक स्थल और सड़क किनारे लगे राजनीतिक दलों के झंडा, बैनर, पोस्टर को हटाया। यह कार्रवाई प्रशासनिक पदाधिकारी द्वारा सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर के 2 बजे तक की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सभी राजनीतिक दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता आदर्श आचार संहिता का पालन करें। अगर इसका उल्लंघन करते पाए गए तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**कृष्ण मुरारी सिंह इंटर कॉलेज, कोरामी, नौडीहा बाजार, छत्तरपुर, पलामू।**

**आवश्यकता**

कार्यालय के पत्रांकः Kmsic/02/2024, दिनांकः 05.10.2024 के आलोक में सभी संकाय (कला, विज्ञान, वाणिज्य) में व्याख्याता पद हेतु, साथ ही लिपिक एवं अनुसेवक पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**योग्यताः**
(क) **व्याख्याता के लिए :** संबंधित विषय में स्नातकोत्तर के साथ B.Ed अनिवार्य।
(ख) **लिपिक के लिए :** स्नातक के साथ कार्यालयी कार्य का अनुभव/टंकण दक्षता।
(ग) **अनुसेवक के लिए :** आज्ञाकारी स्वभाव।

अहर्ताधारी अभ्यर्थी अपना आवेदन सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ अंतिम तिथि 25.10.2024 तक पंजीकृत डाक से भेज सकते हैं।
इंटरव्यू के लिए अभ्यर्थी को ईमेल या मोबाइल संदेश द्वारा सूचित किया जाएगा।
उच्च योग्यताधारी, अनुभवी एवं कार्यरत लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**पत्राचार का पता**
**सचिव :** श्री प्रेम भसीन
गुरुद्वारा रोड, बेलवाटीका, मेदिनीनगर, **पिनः** 822101
**जिला :** पलामू, झारखंड।

**नोटः** अंतिम निर्णय हमारे महाविद्यालय की आंतरिक समिति द्वारा लिया जाएगा।

## दहेज के कारण नवविवाहिता की हत्या, कुएं से शव बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**



**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के द्वारी पंचायत स्थित इंदिरा गांव में मंगलवार को दहेज के कारण ने एक नवविवाहिता को पीट-पीट कर मार डाला। इतना ही नहीं साक्ष्य छुपाने के लिए शव को कुएं में डाल दिया। सूचना मिलने के पश्चात गिद्धौर पुलिस मंगलवार की देर रात घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कुएं से बरामद कर अपने कब्जे में कर लिया। बुधवार को शव को अंतपरीक्षण के लिए चतरा भेज दिया गया। मृतक नवविवाहिता इंदिरा गांव के कामाख्या यादव की पत्नी काजल देवी (20) बतायी जाती है। मृतका के पिता सह राजपुर थाना क्षेत्र के गडीया अमकुदर निवासी विजय यादव ने दामाद कामाख्या यादव एवं मृतक के सास सोनवा देवी,ससुर हीरा यादव व देवर भरोसे कुमार के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न व हत्या करने की प्राथमिक दर्ज कराई है। मृतिका के पिता विजय यादव ने बताया कि 9 माह पूर्व गिद्धौर थाना क्षेत्र के इंदिरा गांव निवासी हीरा यादव के पुत्र कामाख्या यादव के साथ शादी हुई थी। शादी के दो-तीन महीने के बाद मृतिका के ससुराल वाले पांच लाख रुपया एवं एक हीरो मोटरसाइकिल की मांग दहेज के रूप में करने लगे। इस बात को लेकर काजल के साथ मारपीट करते हुए प्रताड़ित भी करने लगे। इसकी सूचना पुत्री काजल ने कई बार दूरभाष से दिया था। इस बात को लेकर कई बार मौखिक रूप से इंदिरा गांव में ही पंचायत भी हुई है, लेकिन दहेज को लेकर इन लोगों द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। इस बीच बीते मंगलवार को ग्रामीणों द्वारा सूचना दिया गया कि उनकी बेटी को मार कर ससुराल वाले कुआं में फेंक दिया है। इसके बाद अपने गांव से दो-चार व्यक्ति को लेकर इंदिरा गांव पहुंचा, तो देखा कि मेरी बेटी का शव कुआं में फेंका है। जबकि ससुराल वाले सभी फरार हैं। इसकी सूचना गिद्धौर पुलिस को दिया। घटना स्थल पर पुलिस पहुंच कर शव को बरामद कर लिया। बुधवार को शव को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दी गई। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों को धर पकड़ के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

## स्वीप गतिविधियों का आयोजन करें : डीडीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में इएलसी मास्टर ट्रेनर के साथ बैठक की गई। उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि सभी ईएलसी मास्टर ट्रेनर अपने अधीन सभी बीएलओ सुपरवाइजर तथा बीएलओ के साथ संपर्क कर मतदाता सूची में पंजीकरण हेतु फॉर्म 6 प्राप्त करेंगे। प्रत्येक दिन प्राप्त फॉर्म 6 की संख्या की सूचना बीएलओ सुपरवाइजर के साथ अपने संयुक्त हस्ताक्षर से स्वीप कोषांग को देंगे। लो वाटर टर्न आउट बूथ में प्रखंड विकास पदाधिकारी के सहयोग से पिछले बार के चुनाव में कम मतदान प्रतिशत के कारणों की जानकारी प्राप्त करेंगे तथा उसी के अनुरूप स्वीप गतिविधियों का आयोजन कर फोटो वीडियो स्वीप कोषांग को उपलब्ध कराएंगे। उन्होने कहा कि चुनाव आयोग से प्राप्त पोस्टर्स निर्वाचन कोषांग से प्राप्त कर अपने क्षेत्र में प्रचार प्रसार हेतु लगाएंगे। मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के फोटो, वीडियो प्रतिदिन बूथ नंबर एवं विवरण के साथ लातेहार व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर करेंगे तथा प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को साप्ताहिक रिपोर्ट स्वीप कोषांग को उपलब्ध कराएंगे। बैठक में स्वीप नोडल पदाधिकारी अनिल मिंज, स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन , इएलसी मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

**समाहरणालय, गढ़वा (जिला निर्वाचन शाखा)**

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**आदेश**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या ECI/PN/149/2024 दिनांक 15.10.2024 के अलोक में गढ़वा जिला अंतर्गत विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 हेतु मतदान की तिथि दिनांक 13.11.2024 (बुधवार) को प्रातः 07:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक निर्धारित है। इस निमित्त दूसरे राज्यों से आने वाले केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल का आवासन हेतु गढ़वा जिला के विभिन्न भवनों को पुलिस अधीक्षक, गढ़वा द्वारा चिन्हित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक, गढ़वा का पत्रांक 102/चु0को0 दिनांक 14.10.2024 से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार चिन्हित भवन का विवरण निम्न प्रकार हैः–

| कम | थाना/ओ.पी. का नाम | आवासन स्थल का नाम |
|---|---|---|
| 1 | मेराल | सामुदायिक तकनीकी महाविद्यालय, नेनुआ मोड़, मेराल। |
| 2 | केतार | बलिका उच्च विद्यालय कस्तूरबा गॉधी आवासीय विद्यालय, केतार। |

उक्त के परिप्रेक्ष्य में मैं शेखर जमुआर (भा0प्र0से0), जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, गढ़वा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए का उपरोक्त सारणी में अंकित भवन के कमरों को (इन कमरों/भवनों में उपलब्ध सभी उपस्करों सहित) दिनांक 16.10.2024 से 25.11.2024 तक की अवधि के लिए निर्वाचन कार्य हेतु अधिग्रहित करता हूं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 339158 Election(24-25)#D

**आसन्न विधानसभा आम निर्वाचन, 2024**
**समाहरणालय, गढ़वा, (जिला निर्वाचन शाखा)**
**(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के लिए आयोग द्वारा प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 15/10/2024 को जारी कर दी गई है। प्रेस विज्ञप्ति निर्गत तिथि से ही पूरे गढ़वा जिला में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। आम जनता के लाभ के निमित्त् चुनाव की प्रक्रिया के दौरान प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मिडिया में चुनाव खर्च की निगरानी के लिए रिश्वत और निर्वाचनों असम्यक असर डालने के संदर्भ में BNS Section 170 और 171 पूर्ववर्ती IPC की धारा 171बी और 171सी गढ़वा जिला में लागू रहेगा।

**BNS Section 170 पूर्ववर्ती IPC की धारा 171बी – रिश्वत –**

1. जो कोई –
(i) किसी व्यक्ति को इस उद्देश्य से परितोषण देता है कि उस व्यक्ति को या किसी अन्य व्यक्ति को किसी निर्वाचन अधिकार का प्रयोग करने के लिए उत्प्रेरित करे या किसी व्यक्ति को इसलिए इनाम दे कि उसने ऐसे अधिकार का प्रयोग किया है; अथवा
(ii) स्वयं अपने लिए या किसी अन्य व्यक्ति के लिए कोई परितोषण ऐसे किसी अधिकार में प्रयोग में लाने के लिए या किसी अन्य व्यक्ति को ऐसे किसी अधिकार को प्रयोग में लाने के लिए उत्प्रेरित करने या उत्प्रेरित करने का प्रयत्न करने के लिए इनाम के रूप में प्रतिगृहित करता है, वह रिश्वत का अपराध करता है:
परन्तु लोक नीति की घोषणा या लोक कार्यवाही का वचन इस धारा के अधीन अपराध न होगा।
2. जो व्यक्ति परितोषण देने की प्रस्थापना करता है या देने को सहमत होता है या उपाप्त करने की प्रस्थापना या प्रयत्न करता है, यह समझा जाएगा कि वह परितोषण देता है।
3. जो व्यक्ति परितोषण अभिप्राप्त करता है या प्रतिगृहित करने को सहमत होता है या अभिप्राप्त करने का प्रयत्न करता है, यह समझा जाएगा कि वह परितोषण प्रतिगृहित करता है और जो व्यक्ति वह बात करने के लिए जिसे करने का उसका आशय नहीं है, हेतु स्वरूप, या जो बात उसने नहीं की है उसे करने के लिए इनाम के रूप में परितोषण प्रतिगृहित करता है, यह समझा जाएगा कि उसने परितोषण को इनाम के रूप में प्रतिगृहित किया है।

**BNS Section 171 पूर्ववर्ती IPC की धारा 171सी – निर्वाचनों में असम्यक् असर डालना –**

1. जो कोई किसी निर्वाचन अधिकार के निर्बाध प्रयोग में स्वच्छया हस्तक्षेप करता है या हस्तक्षेप करने का प्रयत्न करता है, वह निर्वाचन में असम्यक् असर डालने का अपराध करता है।
2. उपधारा (1) के उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना जो कोई–
(क) किसी अभ्यर्थी या मतदाता को, या किसी ऐसे व्यक्ति को जिससे अभ्यर्थी या मतदाता हितबद्ध है, किसी प्रकार की क्षति की धमकी देता है, अथवा
(ख) किसी अभ्यर्थी या मतदाता को यह विश्वास करने के लिए उत्प्रेरित करता है या उत्प्रेरित करने का प्रयत्न करता है कि वह या कोई ऐसा व्यक्ति, जिससे वह हितबद्ध है, दैवीय अप्रसाद या आध्यात्मिक परिनिन्दा का भाजन हो जाएगा, या बना दिया जाएगा,
यह समझा जाएगा कि वह उपधारा (1) के अर्थ के अन्तर्गत ऐसे अभ्यर्थी या मतदाता के निर्वाचन अधिकार के निर्बाध प्रयोग में हस्तक्षेप करता है।
3. लोकनीति की घोषणा या लोक कार्यवाही का वचन या किसी वैध अधिकार का प्रयोग मात्र, जो किसी निर्वाचन अधिकार में हस्तक्षेप करने के आशय के बिना है, इस धारा के अर्थ के अन्तर्गत हस्तक्षेप करना नहीं समझा जाएगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 339149 Election(24-25).D

## डीडीसी ने एमसीएमसी कोषांग की बैठक की

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** विधान सभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर उप विकास आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी, एमसीएमसी कोषांग प्रभारी सुरजीत कुमार सिंह ने बुधवार को जिला जनसंपर्क कार्यालय में एमसीएमसी कोषांग के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने एमसीएमसी कोषांग की गतिविधियों की जानकारी लेते हुए मीडिया प्रमाणन तथा मीडिया प्रबंधन से संबंधित तथ्यों पर चर्चा की। पेड न्यूज, फेक न्यूज की जानकारी देते हुए बताया गया कि इस पर विशेष निगाह रखने के लिए गठित मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनीटरिंग कमेटी को जिम्मेवारी दी गई है। जिसके लिए एमसीएमसी कोषांग का भी गठन किया गया है। इस कोषांग को सुचारू रूप से संचालन कर जिले में संचालित न्यूज चैनलों, अखबार में छपी खबरों और अन्य विज्ञापनों पर विशेष नजर रखने का कार्य करने का निर्देश दिया गया। बैठक में डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी चंदन, समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## अफीम उन्मूलन के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया

# कुंदा थाना क्षेत्र के कई गांवों में लोगों को अफीम के दुष्प्रभावों के प्रति किया गया सचेत

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुंदा (चतरा)।** बुधवार को कुंदा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में अफीम की खेती रोकने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। मरगड़ा, एकता और गेंदरा जैसे गांवों में स्थानीय लोगों को अफीम के दुरुपयोग और उसके सामाजिक खतरों के बारे में जागरूक किया गया। अधिकारियों ने इस मौके पर ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें अफीम के सेवन और खेती से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में बताया।



इस अभियान के दौरान कुंदा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह, एएसआई अणेश्वर सिंह, प्रभारी वनपाल और वनरक्षी सहित थाना के अन्य जवान भी मौजूद थे। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि अफीम की खेती रोकने में पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें, जिससे समाज को इस समस्या से मुक्त किया जा सके।

# बारिश और जलजमाव से कैरो प्रखंड वार्ड 7 व 8 के लोग हैं परेशान





**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो / लोहरदगा।** जिले के कैरो प्रखंड मुख्यालय वार्ड नम्बर 7 और 8 पर हो रहे जलजमाव से स्थानीय लोग परेशान। तस्वीरों को देखकर लग रहा होगा कोई नदी है लेकिन इये कोई नदी नही प्रखंड मुख्यालय की सड़क है जो नदी में तब्दील हो गई है। बुधवार शाम हुए जोरदार बारिश के बाद सड़क का हाल बेहाल हो गया बारिस के बाद सड़क पर महीनों तक कीचड़ रहता है। इस मार्ग पर मार्ग पर रोजाना सैकड़ो बच्चों का स्कूल आवागमन का मुख्य मार्ग है। बावजूद सड़क की हालत आप देख सकते है। सड़क पर जल जमाव के कारण राहगीरों की मुश्किलें भी बढ़ जाती है। लेकिन इस बात से प्रसासन या किसी भी जनप्रतिनिधि को कोई फर्क नही पड़ता। ग्रामीणों का कहना है कि इस हाल में जीने की आदत पड़ गई कोई हमारी समस्या को सुनने वाला नही है।

# अंचलाधिकारी सह प्रखंड निबंधन निवार्ची पदाधिकारी ने हटवाया पोस्टर बैनर



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की तिथि घोषित होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है। प्रखंड क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता का पालन कराने को लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अंचलाधिकारी सह प्रखंड निबंधन निवार्ची पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सर नजर मंसूरी द्वारा अंचल क्षेत्र के सभी बूथों और पंचायतों से राजनीतिक दलों का पोस्टर, बैनर, दीवार लेखन सहित अन्य चीजों को हटवाने का कार्य किया गया।साथ ही क्षेत्र भ्रमण के दौरान बूथ स्तर पर उपस्थित सभी बीएलओ को निर्देशते हुए अंचलाधिकारी सह प्रखंड निबंधन निवार्ची पदाधिकारी ने कहा क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता का पालन को लेकर सभी बीएलओ अपने अपने बूथ क्षेत्र में लगे पोस्टर,बैनर और राजनीतिक दल के द्वारा दीवार लेखन अन्य चीजों को 24 घण्टे के अंदर हटवाने का काम शीघ्र करें तथा बूथ स्तर पर मतदाताओं का सुविधा के लिए रैम्प, शौचालय, पेयजल, बिजली एवं फर्नीचर सहित अन्य चीजों का व्यवस्था को दुरुस्त कराने का भी सख्त निर्देश दिया। मौके पर बीपीरओ सुजीत उराँव, पंचायत सचिव रिझवान अख्तर, नागमनी उराँव, ओमप्रकाश साहु, गुहा उराँव उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### आचार संहिता लागू के पश्चात वाहन जांच अभियान प्रारम्भ



**सेन्हा-लोहरदगा।** विधानसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता घोषित होते ही दंडाधिकारी की मजूदगी में पुलिस बल द्वारा वाहन जांच अभियान प्रारम्भ कर दिया गया। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा में निर्मित अस्थायी चेक पोस्ट के समीप आदर्श अचार संहिता लागू होते ही चुनाव आयोग के निर्देश पर दण्डाधिकारी सह बीपीओ रघुनाथ मुंडा की मौजूदगी में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आर्दश अचार संहिता लागू होते बुधवार को वाहनों का जांच प्रारम्भ किया गया। वाहन जांच एसआई मनीष कुमार महतो के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। वही वाहन जांच के दौरान राजनीतिक पार्टीका पोस्टर झंडा, अवैध हथियार तथा गांजा, ब्राउन शुगर, चरस, शराब सहित अन्य नशीले पदार्थ एवं पैसे की जांच कि गई तथा वाहन जांच के दौरान वाहन में रखे बैग थैला डिक्की सहित अन्य चीजों का भी बारीकी से जांच करते हुए तलाशी ली गई। साथ ही चेक पोस्ट में तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा संदेशात्मक व्यक्तियों पर तथा बाहर से या दूसरे जिले से आने जाने वाले लोगों पर पैनी नजर रखी जा रही है। जिससे अपराध पर अंकुश लगा रहे और भयमुक्त शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न हो सके। मौके पर दण्डाधिकारी रघुनाथ मुंडा एवं एसआई मनीष कुमार महतो दल बल के साथ मौजूद थे।

### शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों व शस्त्रो का सत्यापन / निरीक्षण 23 तक होगा


**लोहरदगा।** आसन्न विधानसभा चुनाव 2024 को शान्तिपूर्ण, भयमुक्त एवं स्वच्छ बनाने हेतु लोहरदगा जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों एवं शस्त्रो का सत्यापन / निरीक्षण किया जाना है। शस्त्रों को संबंधित थाना, पुलिस केन्द्र, लोहरदगा, वैध शस्त्र दुकान में जमा करना है। शस्त्रों का सत्यापन / निरीक्षण हेतु थानावार कार्यक्रम इस कार्यालय के आदेश ज्ञापांक 696/सा०, दिनांक 01.10.2024 द्वारा निर्धारित किया गया है, जिसे दिनांक 23.10.2024 तक विस्तारित किया जा रहा है।लोहरदगा जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को निदेश दिया जाता है कि अपने-अपने थाना में अपना शस्त्र सत्यापित कराते हुए संबंधित थाना, पुलिस केन्द्र, लोहरदगा, वैध शस्त्र दुकान में शस्त्र जमा कराना सुनिश्चित करेंगें। लोहरदगा जिला में आवासित वैसे सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों जिनकी अनुज्ञप्ति झारखण्ड राज्य के अन्य जिले या अन्य राज्य से निर्गत है परंतु लोहरदगा जिला में पंजीकृत नहीं है एवं वैसे सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी जिनकी अनुज्ञप्ति लोहरदगा जिला से निर्गत है परन्तु वर्तमान में वे अन्य जिले या अन्य राज्यों में आवासित है, निर्धारित तिथि के अन्दर नजदीकी/ओ०पी० अथवा वैध शस्त्र एवं कारतूस विक्रेता दूकान में अपने शस्त्र को जमा करना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित समयावधि में शस्त्र जमा नहीं करने पर शस्त्र नियमावली के तहत शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्द/निलम्बन संबंधी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### नियमित एएनसी जांच कराएं व संस्थागत प्रसव पर विशेष ध्यान दें : रानी देवी



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को सहिया दिवस के अवसर पर बैठक आयोजित कर सहियाओं को एनीमिया, एएनसी जांच, संस्थागत प्रसव, कुष्ठ जांच, मलेरिया जांच,परिवार नियोजन सहित अन्य बीमारियों की जानकारी व बचाव के बारे में बताया गया। वही जिला के स्वास्थ्य प्रभारी शैलेन्द्र एक्का ने सहियाओं को निर्देश देते हुए कहा कि एनीमिया से बचाव के लिये नियमित रूप से जांच कराने व अंकुर चना, फल, दूध तथा हरा साग सब्जी खाने का सलाह दिया गया। वही बिटीटी रानी देवी ने कहा कि नियमित एएनसी जांच कराने और सिविल सर्जन के निर्देशसानुसार संस्थागत प्रसव बताते हुए कहा गया। स्थानीय स्तर पर गर्भवती महिलाओं का प्रसव कराने के लिये निर्देश दिया गया। साथ ही परिवार नियोजन के लिये बंध्याकरण कराने और अस्थाई रूप से कंडोम का इस्तेमाल करने के बारे में बताया गया। साथ ही क्षेत्र में सर्दी बुखार होने पर मलेरिया जांच कराने और टीबी बीमारी के लिये खखार जांच के लिये भी सभी को निर्देश दिया गया। मौके पर बिटीटी सुनील महतो, उषा किरण के अलावे शकुन्तला देवी, मरियम टोप्पो, अंजुम बीबी, शिला उराँव, सरिता कुमारी, रेणु देवी, नीलम माधुरी, प्रमिला देवी, सुशीला उराँव, साहिना परवीन, सिमा देवी, शोभा देवी, खैरुन खातून सहित अन्य सहिया उपस्थित थे।

### अंडर 16 स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में 3 मैच खेला



**लोहरदगा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में चल रहे अंडर 16 स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान बुधवार को तीन मैच खेला गया। पहला मैच एसएस पब्लिक स्कूल कुटुमु वर्सेस सीटीसी ए के बीच हुआ। इस मैच में एसएस पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 57 रन ही बना सकी। टीम के तरफ से शीर्ष ने 30 रन बनाए वहीं सीटीसी ए टीम के तरफ से प्रिंस ने तीन विकेट अनिरुद्ध ने दो विकेट तथा आर्यन सिंह ने तीन विकेट लिए जवाबी पारी खेलने उतरी सीटीसी ए की टीम 9 ओवर में 60 रन एक विकेट के नुकसान पर बना लिए। टीम के तरफ से अर्जुन ने 22 तथा सुशांत ने नाबाद। 19 रन बनाएं इस मैच को सीटीसी एक की टीम 9 विकेट से जीत ली। इस टूर्नामेंट का दूसरा मैच चुन्नीलाल हाई स्कूल वर्सेस जीटीपी एस स्कूल के बीच हुआ जिसमें जीटी पीएस की टीम टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का फैसला किया। चुन्नीलाल हाई स्कूल 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 150 रन बनाएं टीम के तरफ से सोनू ने 42 इरफान ने 24 तथा कुणाल साहू ने 13 रन बनाए वहीं जीटी पीएस की टीम के तरफ से बोलिंग में आयुष ने दो विकेट जैभम खान ने एक विकेट लिए जवाबी पारी खेलने उतरी जीटी पीएस की टीम 16 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 154 रन बना लिया। टीम के तरफ से जागृत ने 42 रन तथा आयुष और जैगम ने 16-16 रन बनाए चुन्नीलाल हाई स्कूल की टीम के तरफ से बोलिंग में वंश ने दो विकेट तथा आयुष और सुमित ने एक विकेट लिए। इस मैच को जीटी पीएस की टीम ने तीन विकेट से जीत लिया आज का तीसरा मैच नदिया हाई स्कूल वर्सेस डीएवी स्कूल के बीच हुआ।

## एक नजर

### पेड़ से गिरकर युवक की मौत

**सेन्हा-लोहरदगा।** मेढ़ो ग्राम में पेड़ से गिर कर युवक की मौत हो गई। विदित हो कि घटना देर शाम की है। वही देर से सूचना मिलने के पश्चात देर शाम पहुंची पुलिस शव को कब्जे में ले अग्रतर कारवाई में जुटी गई। सेन्हा थाना क्षेत्र के मेढ़ो निवासी स्व0 पचुवा उरांव के 37 वर्षीय पुत्र महावीर उरांव की मौत पेड़ से गिरने से हो गई।जानकारी के अनुसार बताता जाता है। महावीर उरांव नौर बाड़ी धान की खेत देखने गया था। जिसे रास्ता में पेड़ पर सूखा लकड़ी देख कर तोड़ने पेड़ पर चढ़ रहा था। पैर फिसलने गिर गया। जिसे गिरने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मौत की खबर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा परिजन को मिलने के पश्चात घटना स्थल में भीड़ जुटने लगी तथा देर शाम घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार को ग्रामीणों द्वारा प्राप्त हुआ। जिसे सूचना सत्यापन के आदेश पर एएसआई अलबिना लकड़ा दलबल के साथ मृतक के घर पहुंच घटना का जायजा लेते शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल लोहरदगा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### किस्को में अलिना जांच घर का उद्घाटन



**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक के सामने अलिना जांच घर का उद्घाटन बुधवार को प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार ओड़या ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद जांच घर के प्रोपराइटर सद्दाम अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया की किस्को प्रखंड क्षेत्र में पहलीबार जांच घर का शुभारंभ हुआ है। उन्होने बताया की उनके लैब मे सुगर, मियादी, मलेरिया, स्टील, सीबीसी, प्लेटलेट्स, एलर्जी, लीवर, किडनी, कोलेस्ट्राल, पेशाब, इलेक्ट्रोलाइट, इंफेक्शन व थायरॉइड सहित अनेक प्रकार की जांच की सुविधा आधुनिक कंप्यूटर मशीन से करने की सूविधा है।

## सेक्स रैकेट का पुलिस ने किया खुलासा

# महिला सहित 3 गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** देह व्यापार मामले में पुलिस द्वारा कारवाई के दौरान महिला सहित दो पुरुष को गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेज दिया गया। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र में देह व्यापार का धंधा फल फूल रहा था। जिसकी सूचना पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां को मिलते ही उनके निर्देश पर मुख्यालय डीएसपी समीर कुमार तिर्की के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। पुलिस द्वारा चलाई गई देह व्यापार निवारण अभियान के तहत सीठीयो ग्राम में लोहरदगा भंडरा पथ के किनारे संचालित बाबा लाइन होटल के एक कमरे से महिला एवं पुरुष को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जिस दौरान देह व्यापार मामला का खुलासा होने के पश्चात होटल संचालक को गिरफ्तार किया गया। साथ ही एक महिला एवं एक पुरुष को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है। होटल संचालक श्याम साहू के द्वारा बाबा लाइन होटल में व्यापार को बढ़ावा देने का कार्य किया जाता था। जिसकी सुचना गुप्तचर के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को मिलते ही एसपी द्वारा कारवाई करने का निर्देश दिया गया था। सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देशानुसार सेन्हा थाना कांड संख्या 92/24 दर्ज कर देह व्यापार निवारण अधिनियम 1956 के आलोक में नामजद श्याम साहू, ग्राहक मोइन अंसारी तथा एक महिला के विरुद्ध नियम संगत कारवाई करते हुए तीनो को जेल भेज दिया गया।

# जनवितरण प्रणाली की दुकानों पर आयोजित हुआ स्वीप कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत स्पीप कोषांग की ओर से विभिन्न प्रखण्डों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। ये कार्यक्रम प्रखण्डों के विभिन्न गांवों के जनवितरण प्रणाली की दुकानों में आयोजित किये गये। भण्डरा प्रखण्ड के बलसोता गांव और बड़ अंबेरा में स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी सीता पुष्पा के नेतृत्व में नये मतदाताओं को जोड़ने के लिए फार्म-6 की जानकारी दी गई। साथ ही अपील की गई कि आगामी विधानसभा आम निर्वाचन में 13 नवंबर को अपने मतदान केंद्र पर पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। मौके पर मौजूद सभी मतदाताओं को मतदाता प्रतिज्ञा भी दिलायी गई। कुडू प्रखण्ड के ननतीलो, लावागाई, कुडू बाजारटांड़ में मतदाताओं को जागरूकता किया गया। इसमें जनवितरण प्रणाली वितरण दुकानदार, बीएलओ, आंगनवाड़ी सेविका द्वारा मतदाताओं 13 नवंबर 2024 विधानसभा आम निर्वाचन अंतर्गत होनेवाले मतदान की तिथि से अवगत कराते हुए मतदान की अपील की गई। कैरो प्रखण्ड में भी जनवितरण प्रणाली दुकान के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया। किस्को प्रखंड के परहेपाट गांव में भी स्वीप कार्यक्रम किया गया।

# झारखंड में पुर्ण बहुमत की सरकार बनायगी भाजपा : अनिमा सोनकर



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** आरक्षण को कोई नही खत्म कर सकता है। झारखंड में भीमराव अंबेडकर आवास योजना का शुभारंभ वर्ष 2016 में किया गया। इस योजना के माध्यम से अनुसूचित जाति के गरीब परिवारों को पक्के मकान प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे उनकी जीवनस्तर में सुधार हो सके। उक्त बातें भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी अनिमा सोनकर ने कही। श्रीमती सोनकर लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में जिला कार्यालय में आयोजित जिला एवं मंडल की संगठनात्मक बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि झारखंड के लिए भाजपा ने 'पंच प्रण' लिया है। जिसके तहत भाजपा 'गोगो दीदी योजना' शुरू करेगी, जिसके तहत झारखंड की हर महिला के बैंक खाते में हर महीने की 11 तारीख को 2,100 रुपये तक की वित्तीय सहायता हस्तांतरित की जाएगी। भाजपा राज्य में 'लक्ष्मी जोहार' शुरू करेगी, जिसके तहत के सभी घरों में 500 रुपये में एलपीजी गैस सिलेंडर और साल में दो मुफ्त सिलेंडर उपलब्ध कराएगी। भाजपा राज्य में सुनिश्चित रोजगार शुरू करेगी, जिसके तहत झारखंड में युवाओं के लिए 5 साल में 5 लाख स्वरोजगार के अवसर पैदा करेगी। इसके अलावा, 2.87 लाख खाली सरकारी पदों के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती की जाएगी। इसे सुनिश्चित करने के लिए, पहली कैबिनेट बैठक में ही भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जिससे नवंबर 2025 तक 1.5 लाख भर्तियां पूरी हो जाएंगी। इसके अलावा, एक वार्षिक कैलेंडर पेश किया जाएगा, जिसमें सभी मौजूदा परीक्षाओं को एक ही परीक्षा में शामिल किया जाएगा। हर स्नातक और सातकोत्तर युवा को दो साल के लिए 2,000 रुपये प्रति माह का युवा साथी भत्ता देगी। 2027 तक जल जीवन मिशन के माध्यम से 59 लाख घरों को नल के पानी का कनेक्शन प्रदान किया जाएगा। बैठक में जिला अध्यक्ष भाजपा मनीर उरांव, जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा, प्रकाश नायक,, मोर्चा के प्रदेश मंत्री राजीव राज लाल, प्रमंडल प्रभारी राजू रजक, रामखेलावन राम, बबीरेन्द्र भुईया बजरंग करूवा, फलिन्दर राम, रानी कुमारी, मुशकान नायक, बीनोद अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विधानसभा चुनाव को लेकर हाताबारी में भाजपा की बैठक

# प्रखंड के सभी 37 बूथों में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति तय



**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो।** बुधवार को प्रखंड भाजपा की बैठक प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र महतो की अध्यक्षता में कैरो सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के समीप हाताबारी में की गई। इस बैठक में पार्टी के द्वारा पिछ्ले दिनो बूथ स्तर पर किये गये कार्यो की समीक्षा की गई वहीं आगामी विधानसभा चुनाव में प्रखंड के सभी 37 बूथों में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने हेतू आवश्यक रणनीति तय की गई। बैठक में प्रखंड के सभी 6 शक्तिकेंद्र के संयोजक, सह संयोजक,शक्ति केंद्र प्रभारी इत्यादि के गठन पर भी आवश्यक चर्चा की गई।मौके पर जिला उपाध्यक्ष बैठक प्रभारी नवीन कुमार टिंकु ने कहा कि संथाली में 'गोगो' का मतलब माँ होता है भाजपा झारखंड के माता बहनों के सम्मान व सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रदेश नेतृत्व ने अपनी घोषणा में पंचप्रण लाया है। इस पंचप्रण के अंतर्गत पहला 500 रुपये में गैस सैलेन्डर एवं साल में 02 मुफ्त, दुसरा 21 लाख झारखण्ड वासियों को पक्का घर,और मुफ्त मे बालू व जल कनेक्सन, तिसरा स्नातक व स्नातकोत्तर बेरोजगारों को प्रतिमाह 2000 रुपये प्रोत्साहन राशि, चौथा 2.87 लाख सरकारी रिक्त पदों पर भर्ती एवं 5 लाख रोजगार का सृजन, और पांचवां महिलाओं के शसक्तिकरण के लिए गोगो दीदी योजना के अंतर्गत प्रत्येक महिने के 11 तारीख को माता बहनो के खाते मे 2100/- अर्थात सलाना 25000/-रुपया भेजी जायेगी।

उन्होने कहा कि भाजपा जो कहती वह करती है। इसलिये इस पार्टी में प्रतिदिन सैकड़ो हजारों नेता कार्यकर्ता दुसरे दल छोड़-छोड़ कर भाजपा से जुड़ रहे हैं। आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बन गई है। इस बैठक में जिला कार्यसमिति सदस्य श्रवण मुंडा, विशेश्वर प्रसाद दीन, कैला शमहतो, प्रखंड के सुखन उराँव, विवेक प्रजापति, नसीर आलम, कुंवर मुंडा, राजेश सोनी, जगलाल राम, सुजीत प्रसाद, विनोद पांडे, दीपक साहु, इत्यादि बैठक में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अरेया पंचायत के निरहु गांव के ग्रामीणों ने श्रमदान कर सड़क बनाई, ग्रामीणों ने कहा

# स्थानीय विधायक सह मंत्री, जिला परिषद, मुखिया सभी ने ठगा है



**नवीन मेल संवाददाता**

**किस्को / लोहरदगा।** किस्को प्रखंड के अरेया पंचायत के निरहु गाँव के ग्रामीणों ने श्रमदान कर चलने लायक सड़क बनाई है जिसकी वाहवाही हर जगह हो रही है तो वही सरकार की नाकामी भी नजर आ रही है। ग्रामीण सड़क बनाने के लिए आवेदन देकर थक गए लेकिन सड़क नही बनी। थक हार कर स्वयं से अपने गाँव में सड़क बनाने की सोची। बरसात मे गांव में टापू बन जाता था।

ग्रामीणों ने मिलजुलकर सड़क बना डाला। इस कार्य में सुरेश उरांव, जलहा टाना भगत, राजकुमार उरांव, अजीत उरांव, रामनाथ, रामेश्वर, राममजीत, सतीश महावीर, रिजु, सलिंदर, प्रताप, गोपाल, अशोक, संदीप, अमित, मनिजर, सुखराम, बुधराम, बासुआ, रामू उराँव, छेदु उराँव, समित उराँव आदि ग्रामीण का सहयोग प्राप्त हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि जब बरसात पहुंचती थी तो यह गांव टापू के समान हो जाता था। जहाँ चलने में दिक्कत होता था। रोड को बनवाने के लिए हमारे विधायक मंत्री को भी तीन-तीन बार आवेदन दिया गया है। इसमें किसी तरह का कोई पहल नहीं हुआ और हमारे जिला परिषद अध्यक्ष उपाध्यक्ष को भी जानकारी दिया गया है लेकिन अभी तक पहल नहीं हो पा रहा है।

उनका कहना है कि रोड पास हो गया है। यह कह कर गांव ग्रामीणों को 2 साल से तर्क देकर ठगने का कार्य कर रहे हैं। मुखिया को भी पीसीसी सड़क के लिए बोला गया है। लेकिन किसी तरह से पहल नहीं हो पाया। इसीलिए ग्रामीणों ने मन बनाया और घर-घर से पैसा इकट्ठा करके रोड को बनवाने के लिए मोरमिकरण के लिए मोरम गिराया जा रहा है और श्रमदान से रोड को ग्रामीणों द्वारा बनवाया जा रहा है।

# भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2024 की घोषणा 15 अक्टूबर को कर दी गई है। भारत निर्वाचन आयोग की घोषणा की तिथि से ही सम्पूर्ण क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। इस अवधि में विभिन्न राजनैतिक दलों तथा प्रत्याशियों के द्वारा चुनाव प्रचार हेतु जन-सभा/जुलूस का आयोजन किया जाएगा। जनसभा एवं जुलूस में राजनैतिक प्रतिद्वंदिता एवं प्रतिस्पर्धा के कारण शस्त्र एवं शक्ति प्रदर्शन कर मतदाताओं को प्रभावित/आतंकित किये जाने तथा विधि-व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना बनी रहती है। इसके अतिरिक्त मतदाताओं को डराने, धमकाने, जातीय साम्प्रदायिक तथा धार्मिक विद्वेष की भावना फैलाने के लिए अवांछित/असामाजिक तत्वों के सक्रिय होने के कारण विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है, जिसके कारण लोक शांति भंग हो सकती है। एसडीओ अमित कुमार, ने निष्पक्ष चुनाव के आचरण एवं अनुकूल, स्वस्थ और शांतिपूर्ण माहौल बनाये रखने के लिए संतुष्ट होकर चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति होने तक अथवा अधिकत्तम 60 दिनों तक जो भी पहले हो। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लोहरदगा अनुमण्डल के सम्पूर्ण क्षेत्र में निषेधाज्ञा आदेश जारी किया है।

# आदिवासियों के संरक्षण के लिए पेसा कानून बेहद जरूरी : अशोक भगत



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

विकास भारती बिशुनपुर के सचिव अशोक भगत ने आदिवासी समुदायों के संरक्षण और सशक्तिकरण के लिए पेसा (पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) कानून) के प्रभावी क्रियान्वयन की जरूरत पर जोर दिया है। उनका मानना है कि आदिवासी समुदायों को स्वायत्तता और उनके पारंपरिक संसाधनों पर अधिकार प्रदान करने वाला यह कानून आदिवासियों के विकास और उनके भूमि, जंगल और जल पर अधिकार को संरक्षित करता है। अशोक भगत ने कहा कि 1996 में सांसद दिलीप सिंह भूरिया समिति की सिफारिश पर पारित किया गया पेसा कानून ग्राम सभाओं को अपनी पारंपरिक पंचायती संस्थाओं के माध्यम से स्वायत्त निर्णय लेने की शक्ति प्रदान करता है। इसके तहत ग्राम सभा को स्थानीय विकास, भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास, और उप-वन उत्पादों के प्रबंधन का अधिकार दिया गया है। पेसा आदिवासी समुदायों को बांस, तेंदू पत्तों और अन्य वन उत्पादों का विपणन और प्रबंधन करने की स्वतंत्रता देता है, जिससे उनके आर्थिक सशक्तिकरण में वृद्धि होती है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि पेसा के लगभग 27 वर्षों बाद भी झारखंड जैसे राज्यों में इसका समुचित क्रियान्वयन नहीं हो सका है। झारखंड के 24 में से 13 जिलों और तीन अन्य जिलों के कुछ हिस्से अनुसूचित क्षेत्र में आते हैं, लेकिन अब तक राज्य में पेसा की नियमावली नहीं बनाई गई है। आदिवासी समुदाय की परंपराओं और समझ के अनुरूप 'गांव' की परिभाषा का निर्धारण और ग्राम सभा को वास्तविक सशक्तिकरण प्रदान करने की दिशा में राज्य सरकार की उदासीनता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। अशोक भगत का मानना है कि अगर आदिवासियों का सही मायने में संरक्षण करना है तो पेसा कानून को उस रूप में लागू करना जरूरी है, जैसा इसे पारित किया गया था। पेसा न केवल आदिवासियों को उनके पारंपरिक संसाधनों पर स्वायत्तता देता है, बल्कि उन्हें विस्थापन और विकास परियोजनाओं के दुष्प्रभावों से भी बचाता है। उन्होंने राज्य की पंचायती राज प्रणाली की कमजोरियों को भी रेखांकित किया, यह बताते हुए कि झारखंड में पंचायती राज का चुनाव 32 वर्षों बाद 2010 में हुआ, लेकिन आज भी पंचायती राज संस्थाएं सशक्त नहीं हो पाई हैं।

# झामुमो की प्रखंड कमेटी ने निकोलस सुरीन को किया निष्कासित, पार्टी में उठे विवाद

**नवीन मेल संवाददाता। बसिया**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की प्रखंड कमिटी की बैठक में बुधवार को पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता और पूर्व जिला उपाध्यक्ष निकोलस सुरीन को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण निष्कासित करने का निर्णय लिया गया। इस फैसले की पुष्टि करते हुए प्रखंड सचिव सुकरात उराँव ने कहा कि सुरीन पिछले लोकसभा चुनावों से ही पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे हैं। उन्होंने इंडिया गठबंधन के खिलाफ एक निर्दलीय उम्मीदवार के समर्थन में काम किया था और अब जिग्गा सुसरण होरो के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं, जो स्थानीय विधानसभा की लोकप्रियता को प्रभावित करने का प्रयास है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए निकोलस सुरीन ने कहा कि उन्होंने झामुमो के संकल्प के अनुसार जल, जंगल, जमीन और खतियानी उम्मीदवार की मांग की है। लेकिन वर्तमान विधायक की जनविरोधी और सामंती मानसिकता के कारण उनकी मांगें अस्वीकार्य हो गई हैं। सुरीन ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों द्वारा असंवैधानिक निर्णय लेकर पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने प्रखंड कमिटी द्वारा लिए गए इस निर्णय को चुनौती देते हुए कहा कि पार्टी संविधान के अनुसार किसी वरिष्ठ कार्यकर्ता को निष्कासित करने का अधिकार प्रखंड कमिटी के पास नहीं है। यह घटना झामुमो के भीतर के आंतरिक विवादों को उजागर करती है और पार्टी के अनुशासन के सवाल को उठाती है। आगे देखना होगा कि इस मामले में झामुमो की उच्च नेतृत्व क्या कदम उठाता है।

> *असंवैधानिक निर्णय लेकर पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है*

## गुमला में आदर्श आचार संहिता लागू, सोशल मीडिया और रात्रि प्रचार पर प्रतिबंध

**गुमला।** विधानसभा चुनाव 2024 की घोषणा के साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता गुमला जिले में पूरी तरह प्रभावी हो गई है। इसके तहत भारतीय दंड संहिता के तहत जिले में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है, जिसमें कई नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। निषेधाज्ञा के अनुसार, कोई भी व्यक्ति, राजनीतिक दल, या संगठन आपत्तिजनक, भ्रामक, या विधि-विरुद्ध संदेशों को सोशल मीडिया (वॉट्सएप, एसएमएस, फेसबुक, ट्विटर आदि) या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के जरिए आदान-प्रदान नहीं कर सकेगा। इसके अलावा, रात 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे के बीच सोशल मीडिया और डोर-टू-डोर प्रचार-प्रसार पर भी प्रतिबंध रहेगा। इस समय के दौरान कोई भी चुनाव प्रचार गतिविधि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मानी जाएगी। आदेश के उल्लंघन पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा सख्ती से निगरानी रखने और नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

# कार्यकर्ताओं ने हेमंत सरकार की योजनाओं की जमकर की तारीफ

**नवीन मेल संवाददाता। बसिया (गुमला)**

बसिया अनुमंडल मुख्यालय में आज झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। चुनाव की घोषणा से पहले खोले गए इस कार्यालय के माध्यम से झामुमो कार्यकर्ताओं ने सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों की जमकर तारीफ की और एक तरह से चुनावी एजेंडा सेट करने का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार, बसिया बाईपास रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास एक सादे समारोह में झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अलीम खान, सचिव सुकरात उराँव, जसिंता बारला, उमेश नाग, सतीश नायक आदि पार्टी पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं को हेमंत सरकार की मइया सम्मान योजना सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। बैठक में झामुमो नेताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि वह एक झूठे केस के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजने और चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने यह संकल्प लिया कि झारखंड में सबसे ज्यादा शासन करने के बावजूद भाजपा आज मइया योजना को देखकर डर रही है। बसिया कामडारा सिसई विधानसभा के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण क्षेत्र माना जाता है, जहां झामुमो का विधायक पदासीन है। इस कार्यक्रम की ओर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। उद्घाटन समारोह में प्रखंड अध्यक्ष अलीम खान, प्रखंड सचिव सह बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुकरात उराँव, कामडारा जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष विमल केरकेट्टा, विधायक प्रतिनिधि जसिंता बारला, जयमसीह टोपनो आदि ने संबोधित करते हुए राजनीतिक बढ़त हासिल करने के अपने मंसूबे को जाहिर किया।

## आदर्श आचार संहिता के तहत चैनपुर में पोस्टर-बैनर हटाने का अभियान शुरू

**चैनपुर।** झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद जिला प्रशासन ने आदर्श आचार संहिता को सख्ती से लागू करना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में चैनपुर बीडीओ यादव बैठा, अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता और थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम ने सार्वजनिक स्थानों से सभी राजनीतिक दलों के पोस्टर, बैनर और झंडों को हटाने का अभियान चलाया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देशानुसार यह कार्रवाई 24 घंटे के भीतर पूरी की गई। चैनपुर प्रखंड मुख्यालय, ब्लॉक चौक, बस स्टैंड और खेल मैदान जैसी जगहों पर लगे सभी राजनीतिक प्रचार सामग्री को हटाया गया। टीम ने घूम-घूमकर इलाके में लगे पोस्टर और बैनर को हटाया और यह सुनिश्चित किया कि आचार संहिता का पूरी तरह पालन हो। अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी राजनीतिक दल द्वारा बिना अनुमति के झंडे या पोस्टर नहीं लगाए जा सकते हैं।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई शरद पूर्णिमा



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा बुधवार को शरद पूर्णिमा का भव्य आयोजन गुमला के जवाहर नगर बस्ती स्थित सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुरली बगीचा, गोकुल नगर, लक्ष्मण नगर, सरना टोली, विंध्याचल नगर, तर्री और डीएसपी रोड सहित विभिन्न क्षेत्रों से संघ के स्वयंसेवकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत शाम 7 बजे पारंपरिक तरीके से की गई, जहां स्वयंसेवकों ने एकत्र होकर शरद पूर्णिमा का स्वागत किया। इस पावन अवसर पर संघ के वरिष्ठ सदस्यों ने शरद पूर्णिमा के धार्मिक, आध्यात्मिक, और सांस्कृतिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शरद पूर्णिमा हिंदू कैलेंडर के अनुसार अत्यंत शुभ दिन है, जिसे चंद्रमा की पूर्णता और उसकी दिव्यता से जोड़ा जाता है। यह दिन आरोग्यता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सामूहिक भजन-कीर्तन और गीत प्रस्तुत किए गए, जिनमें संघ के सिद्धांतों और समाजसेवा के प्रति निष्ठा को समर्पित गीत शामिल थे। इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें उपस्थित स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सामूहिक प्रार्थना के बाद कार्यक्रम में शरद पूर्णिमा की रात में खीर खाने की परंपरा निभाई गई, जिसे विशेष रूप से सभी उपस्थित सदस्यों के बीच वितरित किया गया। संघ के इस आयोजन ने न केवल सांस्कृतिक और धार्मिक आस्था को प्रकट किया बल्कि समाज में समरसता और भाईचारे का संदेश भी दिया।

## अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने तक आदर्श आचार संहिता रहेगा प्रभावी

**चैनपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा करने के उपरांत आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है ऐसे में गुमला जिला के चैनपुर अनुमंडल पदाधिकारी ने चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने तक अथवा अधिकतम 60 दिनों तक जो भी पहले हो, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए संपूर्ण चैनपुर अनुमण्डल के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू करने का आदेश जारी किया है। उन्होंने अपने आदेश में बताया है कि विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा चुनाव प्रचार-प्रसार कार्यक्रम की अवधि में जन सभा/जुलूस का आयोजन किया जायेगा। जन सभा एवं जुलूस में राजनैतिक प्रतिद्वंदिता एवं प्रतिस्पर्धा के कारण शस्त्र एवं शक्ति प्रदर्शन कर मतदाताओं को प्रभावित / आतंकित किये जाने तथा विधि-व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना बनी रहती है। इसके अतिरिक्त मतदाताओं को डराने, धमकाने, जातीय, संप्रादायिक तथा धार्मिक विद्वेष की भावना फैलाने के लिए अवांछित / असमाजिक तत्वों के सक्रिय होने के कारण विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है.

# करम पूजा पर्व धूमधाम से मनाया गया, दक्षिणा देकर करम राजा डाली को किया विदा



**नवीन मेल संवाददाता। डुमरी**

सरना समाज डुमरी के द्वारा गांव में करम पूजा पर्व धूमधाम से मनाया गया दूसरे दिन सुबह करम डाली को नाच गाना करते हुए घर घर घुमाया गया अंत में बैगिन के घर में ले जाया गया जहां बैगिन ने पूजा पाठ, दान दक्षिणा देकर करम राजा डाली को विदा किया गया उसके बाद महिला पुरुष द्वारा नाच गाना करते हुए करम राजा डाली को बासानदी में विसर्जन कर दिया गया इसके पूर्व में छोटकु बैगा द्वारा करम पेड़ से डाली काट कर अखरा लाया गया जिसको बाद में बैगा द्वारा अखरा में स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया उसके बाद बैगा द्वारा करमा धर्मा की कहानी सुनाई गई बैगा ने बताया कि करम धर्मा ने करम डाली को अखरा से उखाड़कर फेकने से कैसे कैसे विपत्तियों का सामना करना पड़ा था विपत्तियों से छुटकारा पाने के लिए फिर से करम डाली को स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया तब सभी पीड़ित परिवार को विपत्तियों से छुटकारा मिला इसके लिए करम डाली की पूजा अर्चना कर सेवा करना चाहिए ताकि सभी परिवार, जीव जंतु, फसल आदि को रोगों से छुटकारा और सभी लोग सुख शांति से रहे उसके बाद परवर्तियों ने करम राजा की पूजा अर्चना कर अपने और परिवार की सुख शान्ति के लिए कामना की गई गांव के महिला पुरुष रात भर मंदार,नगाड़े की थाप नाचते गाते रहे उसके बाद शाम तक खान पान और मेहमान नवाजी का दौर चलता रहा।

# खेल के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावना : शोभा देवी



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

युवा संघ आनंदपुर के तत्वावधान में लुथरान मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच बीएफसी बनाम अल्बर्ट एक्का चौक के बीच खेला गया। जिसमें बीएफसी की टीम 1-0 गोल कर चैंपियन बनी। वहि बालिका वर्ग में क्रिसचन गर्ल बनाम डहुडरगांव के बीच खेला गया। जिसमें क्रिसचन गर्ल 1-0 से जीत हासिल की। विजेता टीम को मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित चैनपुर मुखिया शोभा देवी ने पुरस्कार स्वरुप बालक वर्ग को पच्चीस हजार रुपए नगद वा बालिका टीम को खस्सी देकर सम्मानित किया। उन्होंने उपविजेता टीम को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर चैनपुर मुखिया शोभा देवी ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय खेल के क्षेत्र में भी रोजगार की अपार संभावना है। खिलाड़ी कड़ी मेहनत और लगन के साथ अपनी खेल प्रतिभा में निखार लाएं और खेल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाएं। मुखिया ने कहा कि खिलाडियों को बेहतर कैरियर देने का भी काम करेगी ताकि खेल प्रतिभा को भी प्रोत्साहन मिले।

## भाकपा माले अनुसूचित जाति मोर्चा सह सोशल मीडिया प्रभारी की बैठक का हुआ आयोजन

**गावां गिरिडीह।** गावां प्रखंड स्थित बिश्नीतिकर में भाकपा माले अनुसूचित जाति मोर्चा, दलित संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यरुप से धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव पर चर्चा की गई। वहीं चुनाव को ले कार्यकताओं को दिशा निर्देश दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि अभी से सभी कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। प्रखंड के सभी पंचायतों में पार्टी का मजबूत जनाधार है। उन्होंने कहा कि भाजपा बाबा साहेब अंबेडकर का लिखा संविधान और देश की आरक्षण व्यवस्था खत्म करना चाहती है। पूरे विधानसभा जनता के साथ विश्वासघात किया गया है। कार्यकर्ता भाकपा माले के सिद्धांतों को जन जन तक पहुँचाने का कार्य करें। बैठक में जिप सदस्य पवन कुमार चौधरी, जयनारायण यादव, मुन्ना राणा, सुरेश रविदास समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आदर्श आचार संहिता को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी की बैठक

# आचार संहिता के सख्त अनुपालन का निर्देश दिया

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

आगामी झारखंड विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आज नए समाहरणालय भवन में सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों (अध्यक्ष, सचिव) के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य राजनीतिक दलों को चुनाव प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक निर्देश और आदर्श आचार संहिता की जानकारी प्रदान करना था। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों को झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए लागू की गई आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान आचार संहिता के सख्त अनुपालन का निर्देश दिया गया है और इसके उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदान केंद्रों की संख्या, उनके स्थान, और न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं से भी अवगत कराया गया, ताकि चुनाव प्रक्रिया सुचारू और निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके। साथ ही, प्रत्याशियों के नामांकन प्रक्रिया, नामांकन की स्क्रूटनी, नाम वापसी की अंतिम तिथि, मतदान की तिथि, और मतगणना की तिथियों की भी जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी दलों से चुनाव प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग की अपील की, ताकि चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके।


**समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**
(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के लिए आयोग द्वारा प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 15/10/2024 को जारी कर दी गई है। प्रेस विज्ञप्ति निर्गत तिथि से ही पूरे गढ़वा जिला में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। आम जनता के लाभ के निमित्त् चुनाव की प्रकिया के दौरान प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मिडिया में चुनाव खर्च की निगरानी के लिए रिश्वत और निर्वाचनों असम्यक असर डालने के संदर्भ में BNS Section 170 और 171 पूर्ववर्ती IPC की धारा 171बी और 171सी गढ़वा जिला में लागू रहेगा।

**BNS Section 170 पूर्ववर्ती IPC की धारा 171बी – रिश्वत –**

1. जो कोई –
(i) किसी व्यक्ति को इस उद्देश्य से परितोशण देता है कि उस व्यक्ति को या किसी अन्य व्यक्ति को किसी निर्वाचन अधिकार का प्रयोग करने के लिए उत्प्रेरित करे या किसी व्यक्ति को इसलिए इनाम दे कि उसने ऐसे अधिकार का प्रयोग किया हैय अथवा
(ii) स्वयं अपने लिए या किसी अन्य व्यक्ति के लिए कोई परितोशण ऐसे किसी अधिकार में प्रयोग में लाने के लिए या किसी अन्य व्यक्ति को ऐसे किसी अधिकार को प्रयोग में लाने के लिए उत्प्रेरित करने या उत्प्रेरित करने का प्रयत्न करने के लिए इनाम के रूप में प्रतिगृहित करता है, वह रिश्वत का अपराध करता है:
**परन्तु** लोक नीति की घोषणा या लोक कार्यवाही का वचन इस धारा के अधीन अपराध न होगा।
2. जो व्यक्ति परितोषण देने की प्रस्थापना करता है या देने को सहमत होता है या उपाप्त करने की प्रस्थापना या प्रयत्न करता है, यह समझा जाएगा कि वह परितोशण देता है।
3. जो व्यक्ति परितोषण अभिप्राप्त करता है या प्रतिगृहित करने को सहमत होता है या अभिप्राप्त करने का प्रयत्न करता है, यह समझा जाएगा कि वह परितोषण प्रतिगृहित करता है और जो व्यक्ति वह बात करने के लिए जिसे करने का उसका आशय नहीं है, हेतु स्वरूप, या जो बात उसने नहीं की है उसे करने के लिए इनाम के रूप में परितोषण प्रतिगृहित करता है, यह समझा जाएगा कि उसने परितोशण को इनाम के रूप में प्रतिगृहित किया है।

**BNS Section 171 पूर्ववर्ती IPC की धारा 171सी – निर्वाचनों में असम्यक असर डालना –**

1. जो कोई किसी निर्वाचन अधिकार के निर्बाध प्रयोग में स्वच्छया हस्तक्षेप करता है या हस्तक्षेप करने का प्रयत्न करता है, वह निर्वाचन में असम्यक् असर डालने का अपराध करता है।
2. उपधारा (1) के उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना जो कोई–
(क) किसी अभ्यर्थी या मतदाता को, या किसी ऐसे व्यक्ति को जिससे अभ्यर्थी या मतदाता हितबद्ध है, किसी प्रकार की क्षति की धमकी देता है, अथवा
(ख) किसी अभ्यर्थी या मतदाता को यह विश्वास करने के लिए उत्प्रेरित करता है या उत्प्रेरित करने का प्रयत्न करता है कि वह या कोई ऐसा व्यक्ति, जिससे वह हितबद्ध है, दैवीय अप्रसाद या आध्यात्मिक परिनिन्दा का भाजन हो जाएगा, या बना दिया जाएगा,
यह समझा जाएगा कि वह उपधारा (1) के अर्थ के अन्तर्गत ऐसे अभ्यर्थी या मतदाता के निर्वाचन अधिकार के निर्बाध प्रयोग में हस्तक्षेप करता है।
3. लोकनीति की घोषणा या लोक कार्यवाही का वचन या किसी वैध अधिकार का प्रयोग मात्र, जो किसी निर्वाचन अधिकार में हस्तक्षेप करने के आशय के बिना है, इस धारा के अर्थ के अन्तर्गत हस्तक्षेप करना नहीं समझा जाएगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 339132 (Election) 24-25 (D)


# निर्वाची पदाधिकारी ने सभी रोजनीतक दलों से आदर्श आचार संहिता का सख्ती से अनुपालन करने का निर्देश दिया



**नवीन मेल संवाददाता। डुमरी गिरिडीह**

अनुमंडल कार्यालय के सभागार में बुधवार को निर्वाची पदाधिकारी 33 डुमरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी मो शहजाद परवेज की अध्यक्षता में आम विधानसभा चुनाव की तिथियों की घोषणा उपरान्त से प्रभावी आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराने व चुनाव से संबंधित अन्य विषयों पर चर्चा के लिए एक बैठक सभी राजनीतिक दलों के प्रखंड अध्यक्षों/ प्रतिनिधियों के साथ की गई। बैठक में सीडीपीओ सुमित प्रसाद सीओ सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी डुमरी शशिभूषण वर्मा बीडीओ डुमरी सह सहायक निवार्ची पदाधिकारी अन्वेषा ओना बीडीओ पीरटांड़ मनोज मरांडी उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित सभी विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों/ प्रखंड अध्यक्षों को आदर्श आचार संहिता का अनुपालन पूरी सख्ती से करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बताया गया कि चुनाव से संबंधित सभी प्रकार के अनुमति को ऑनलाईन सुविधा पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किए जाऐंगे व ऑफलाईन मोड में अनुमति निर्गत किये जाऐंगें। आचार संहिता के नियमों का यदि उल्लंघन किया जाता है तो कार्रवाई भी की जाएगी।बताया कि मतदान के दिन सुबह 5:30 बजे से मॉक पोल शुरू हो जाएगा।

## अर्धवार्षिक परीक्षा 2024 का परीक्षाफल घोषित

**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखंड में संचालित रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर, कुदरा में अर्धवार्षिक परीक्षा 2024 के परिणाम की घोषणा समारोह के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय प्रबंधन समिति के संरक्षक श्री अरुण नारायण सिंह, उपाध्यक्ष रविंद्र नाथ अधिकारी एवं प्रधानाचार्य देवेंद्र वर्मा ने दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विज्ञान की आचार्या श्रीमती ममता कुमारी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए। कार्यक्रम की भूमिका रखी। इसके पश्चात परीक्षा प्रमुख आचार्य श्री कमल सिंह द्वारा परीक्षा के परिणामों की घोषणा की गई। परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी कक्षा के भैया- बहनों को सम्मान पूर्वक परीक्षा फल दिया गया। इस परीक्षा में सर्वाधिक अंक कक्षा अष्टम के भैया गौरव राज ने 97% अंक प्राप्त किया। छात्रों का उत्साह बढ़ाते हुए विद्यालय के उपाध्यक्ष महोदय ने कहा कि आप सबों ने अपने विषयों की उत्तर पुस्तिकाएं देखी होंगी।


**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा**
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**–:रद्द संबंधि सूचना:–**

कार्यालय पत्रांक 1288/जि0प0, दिनांक 27.09.2024 द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–13/24–25 (PR No. 338092 District (24-25) # D) में वर्णित कार्यों को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा

PR 339156 District(24-25)#D



**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।**
**(समाज कल्याण शाखा)**
Email ID - dswopalamau@gmail.com

**गर्म पोशाक (पैजामा) क्रय हेतु अति अल्पकालीन निविदा रद्द संबंधी सूचना**

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT, पलामू के आदेशानुसार पलामू जिला अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत 03–06 वर्ष तक के बच्चों के लिए गर्म पोशाक (पैजामा) का क्रय/आपूर्ति हेतु अति अल्पकालीन निविदा इस कार्यालय के ज्ञापांक 1708/जि0स0क0, दिनांक 08.10.2024 PR No. 338400 के द्वारा आमंत्रित किया गया था।

अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा को अगले आदेश तक के लिए रद्द किया जाता है।

उप विकास आयुक्त,
पलामू।

PR 339146 (District) 24-25 (D)



**"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता"**
**समाहरणालय, लातेहार (निर्वाचन शाखा)**

**आदेश**

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में चुनाव प्रचार सामग्रियों के मुद्रण/प्रकाशन के संबंध में निम्नलिखित प्रावधान अभिलिखित हैं :–

**धारा–127 "(क) पुस्तिकाओं, पोस्टरों आदि के मुद्रणों पर निबंधन**
(1) कोई भी व्यक्ति कोई ऐसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर जिसके मुख्य पृष्ठ पर उस के मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पता न हो, मुद्रित या प्रकाशित न करेगा और न मुद्रित या प्रकाशित कराऐगा।
**(2) कोई भी व्यक्ति किसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर को**
(क) उस दशा में के सिवाय न तो मुद्रित करेगा और न मुद्रित कराएगा, जिसमें वह उस के प्रकाशक की अनन्यता के बारे में अपने द्वारा हस्ताक्षरित और ऐसे दो व्यक्तियों द्वारा जो उसे स्वयं जानते हैं, अनुप्राणिता द्विप्रतीक घोषणा मुद्रक को परिदत्त कर देता है, तथा
(ख) उस दशा के सिवाय न तो मुद्रित करेगा और न तो मुद्रित कराएगा, जिसमें कि मुद्रक घोषणा की एक प्रति दस्तावेज की एक प्रति के सहित–
(i) उस दशा में जिसमें कि वह राज्य की राजधानी में मुद्रित की जाती है, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को, तथा
(ii) किसी अन्य दशा में उस जिले के जिसमें कि वह मुद्रित की जाती है, जिला मजिस्ट्रेट को दस्तावेज के मुद्रण के पश्चात युक्ति युक्त समय के भीतर भेज देता है।
**(3) इस धारा के प्रयोजनों के लिए –**
(क) दस्तावेज की अनेकानेक प्रतियां बनाने की किसी ऐसी प्रक्रिया की बाबत जो हाथ से नकल करके ऐसी प्रतियां बनाने से भिन्नहै, यह समझा जायेगा कि वह मुद्रण है और "मुद्रक" पद का अर्थ तद्नुसार लगाया जायेगा, तथा
(ख) निर्वाचन पुस्तिका या "पोस्टर" से किसी अभ्यर्थी या अभ्यर्थियों के समूह के निर्वाचन को सम्परिवर्तित या प्रति कूलतः प्रभावित करने के प्रयोजन के लिए वितरित को ईमुद्रित पुस्तिका, पर्चा या अन्य दस्तावेज या निर्वाचन के प्रति निर्देश करने वाले कोई प्ले कार्ड या पोस्टर अभिप्रेत है, किन्तु किसी निर्वाचन सभा की तारीख, समय, स्थान और अन्य विशिष्टयों को केवल आख्यापित करने वाला या निर्वाचन अभिकर्त्ताओं या कार्यकर्त्ताओं को चर्चा संबंधी अनुदेश देने वाला कोई पर्चा, प्लेकार्ड या पोस्टर इसके अतिरिक्त नहीं आता।
**(4)** जो कोई व्यक्ति उपधारा (1) या उपधारा (2) के उपबंधों में से किसी का उल्लंघन करेगा वह कारावास से, जिसकी अवधि 6 (छः) मास तक की हो सकेगी या जुर्मान से, जो दो हजार रूपये तक का हो सकेगा, या दोनों से दण्डनीय होगा।"

उपर्युक्त आलोक में मुद्रक द्वारा प्रिंट सामग्री प्रिटिंग के तीनदिनों के भीतर चार प्रतियों में प्रकाशक के घोषणापत्र के साथ नोडल पदाधिकारी, निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग (लोकसभा चुनाव, 2024) तथा जिला निर्वाचन कार्यालय, लातेहार को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। अधिनियम की धारा 77 (1) के तहत प्रत्याशियों द्वारा मुद्रित चुनाव सामग्री के व्यय का विवरण निर्वाचन लेखा व्यय में अनिवार्य रूप से शामिल किया जायगा।

किसी प्रत्याशी/व्यक्ति के द्वारा उपर्युक्त प्रावधान का उल्लंघन करते हुए पाये जाने पर अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए विहितदण्ड अधिरोपित किया जाएगा एवं भारतीय दण्डसंहिता की सुसंगत धाराओं के अधीन भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार।

PR.NO.339120 Election(24-25):D

सुप्रभात

बुराई की अपनी शक्ति होती है। यदि तुम इसका पक्ष लोगे तो यह तुम्हें पकड़ लेगी। जब तुम कोई गलत कदम उठाते हो तो तुरन्त सदाचार के पथ पर लौट जाओ। - श्री श्री परमहंस योगानंद, 'परमहंस योगानंद के वचनामृत'

## संपादकीय

### भूख जो राजनीतिक मुद्दा नहीं

झारखंड में चुनावी दाव पेंच और घोषणाएं शुरू हो गई हैं जहां गरीबी और पिछड़ेपन की मार्केटिंग कर सरकारी नीतियां बनती रही हैं और उसमें भ्रष्टाचार को उछाला जा रहा है पर पिछड़ती खेती विमुख किसान और पलायन मुद्दे नहीं हैं। नौकरी देने की बात हो रही मुफ्त सुविधाएं देने के अलावा नगद देने की होड़ है पर भूख और कृषि प्रधान झारखंड राजनीतिक मुद्दे नहीं हैं। राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य है कि भूख, कुपोषण और खाद्य असुरक्षा की स्थिति निरंतर अपना विश्वव्यापी वर्चस्व बढ़ा रही है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स (जीएचआई) 2023 की रिपोर्ट कहती है कि विश्व के अनेक क्षेत्रों में भूख की स्थिति विकट रूप ले चुकी है। कोविड-19 महामारी, जलवायु संकट और कई देशों में छिड़े युद्धों को इसका मुख्य कारण बताया गया है। इसकी पुष्टि खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) की रिपोर्ट भी करती है, जिसके अनुसार वर्ष 2022 में वैश्विक स्तर पर लगभग 82.8 करोड़ लोग भूख से पीड़ित थे, जो दुनिया की लगभग 9.2 प्रतिशत आबादी के बराबर है। इसी रिपोर्ट के अनुसार, यह संख्या 2015 से निरंतर बढ़ रही है, जिसका मुख्य कारण वैश्विक संकटों के चलते खाद्य प्रणालियों की अस्थिरता है। कृषि और प्रौद्योगिकी में प्रगति के नए-नए मानक प्राप्त करने के बाद भी भूख, कुपोषण और खाद्य असुरक्षा वैश्विक चुनौती बनी हुई है। जनसंख्या की अनवरत वृद्धि, आर्थिक असमानताओं, आतंकवाद, भू-राजनीतिक संघर्षों व युद्धों तथा जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक खाद्य प्रणाली और उस पर निर्भर मानवता की खाद्य सुरक्षा संकट में है। दुनिया के गरीब क्षेत्रों और पिछड़े मानव समूहों से लेकर विकासशील क्षेत्रों और यहां तक कि संपन्न क्षेत्रों में भी खाद्य सुरक्षा एक गंभीर और अंतहीन मुद्दा बना हुआ है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित 17 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में से एसडीजी-2 द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार, वर्ष 2030 तक विश्व को शून्य भूख (जीरो हंगर) स्थिति में होना चाहिए। लेकिन इसकी जड़ें इतनी गहरी हैं कि शून्य भूख का लक्ष्य एक मृग मरीचिका-सा ही प्रतीत होता है। अनुमान है कि 2030 तक दुनिया में 67 करोड़ लोग भूख से बिलबिला रहे होंगे।भुखमरी के साथ कुपोषण भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की एक नई रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2023 में पांच साल से कम आयु के लगभग 14 करोड़ 90 लाख बच्चे अविकसित और चार करोड़ 50 लाख कमजोर थे। वैश्विक स्तर पर दो अरब से अधिक लोग सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से ग्रस्त हैं। कुपोषण का दूसरा रूप है मोटापा। वर्ष 2020 में विश्व भर में पांच वर्ष से कम आयु के तीन करोड़ 90 लाख से अधिक बच्चे मोटापे से ग्रस्त थे।लगभग एक अरब चालीस करोड़ लोगों का घर, हमारा भारत वैश्विक खाद्य सुरक्षा चचाओं में एक कुशल खिलाड़ी की भूमिका में रहता है। कहीं किसी क्षेत्र में कोई खाद्यान्न संकट आता है, तो विश्व भारत से खाद्य आपूर्ति की आस लगाए रहता है। लेकिन खाद्योत्पादन में अग्रणी भारत भूख और कुपोषण से सर्वथा मुक्त नहीं है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 के अनुसार, भारत 212 देशों में से 107वें स्थान पर है, जो भूख के गंभीर होने का सूचक है।

> राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य है कि भूख, कुपोषण और खाद्य असुरक्षा की स्थिति निरंतर अपना विश्वव्यापी वर्चस्व बढ़ा रही है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स (जीएचआई) 2023 की रिपोर्ट कहती है कि विश्व के अनेक क्षेत्रों में भूख की स्थिति विकट रूप ले चुकी है।

# अभिधम्म का सम्मान : पाली साहित्य का एक शास्त्रीय रत्न



**प्रो. रविन्द्र पंथ**
निदेशक- अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ - पूर्व कुलपति, नव नालंदा महाविहार।


भा अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी), भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से, 17 अक्टूबर 2024 को अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली की मान्यता का आयोजन कर रहा है। अभिधम्म पिटक, पाली कैनन का तीसरा भाग, बुद्ध की नैतिक मनोविज्ञान और दर्शन में गहराई से उतरता है, जो मन, उसके मानसिक कारकों और वास्तविकता को समझने के लिए एक जटिल ढांचा प्रस्तुत करता है। थेरवाद परंपरा के अनुसार, ये शिक्षाएं तावतींसा आकाश में दी गई थीं, जहाँ बुद्ध ने वर्षा ऋतु के दौरान तीन महीने बिताए, देवताओं और अपनी माता को अभिधम्म का उपदेश दिया। भाषाशास्त्रीय दृष्टि से, 'अभिधम्म' दो शब्दों 'अभि' (की ओर) और 'धम्म' (धारण करने के लिए) से मिलकर बना है, जिसे बुद्ध के उन्नत शिक्षाओं की ओर ले जाने के रूप में समझा जाता है। प्रसिद्ध पाली टिप्पणीकार वें. बुद्धघोष ने अभिधम्म को सबसे उन्नत या विशिष्ट सिद्धांत के रूप में वर्णित किया है, जो सुत्त पिटक की अधिक पारंपरिक शिक्षाओं से इसे अलग करता है।

अभिधम्म चार प्रकार के परमार्थ धम्म (अंतिम वास्तविकताएँ) का कठोर विश्लेषण प्रस्तुत करता है : चित्त (चेतना), चेतसिका (मानसिक कारक), रूप (पदार्थ), और निब्बाना (अंतिम मुक्ति)। यह ढांचा साधकों को मानव अस्तित्व की जटिलताओं का अध्ययन करने की अनुमति देता है—मन और पदार्थ के अंतःक्रिया, दुःख की प्रकृति, और निब्बाना की प्राप्ति के लिए मार्ग, या दुःख के अवसान को समझने में।

अभिधम्म पिटक सात ग्रंथों से मिलकर बना है, प्रत्येक बुद्ध की शिक्षाओं के विभिन्न पहलुओं का विस्तृत अध्ययन करता है। 'धम्मसंगणि' पहला ग्रंथ है, जो अनुभव की दुनिया को बनाने वाली अंतिम वास्तविकताओं की गणना और परिभाषा करता है। 'विभंग' इन वास्तविकताओं का और विश्लेषण करता है, जबकि 'धातुकथा' और 'पुग्गलपञ्ञत्ति' क्रमशः घटनाओं और व्यक्तियों के प्रकारों का वर्गीकरण प्रदान करते हैं। 'कथावत्थु' विभिन्न दार्शनिक दृष्टिकोणों और विवादों को संबोधित करता है, जबकि 'यामक' और 'पट्ठान' उन जटिल शर्तीय संबंधों की गहराई में जाते हैं जो सभी घटनाओं के उत्पत्ति और निष्कर्ष को नियंत्रित करते हैं। 'पट्ठान' को अभिधम्म का शिखर माना जाता है, यह एक विशाल ग्रंथ है जो मन और पदार्थ की पूरी दुनिया को नियंत्रित करने वाले चौबीस प्रकार के शर्तीय संबंधों का विस्तृत अध्ययन करता है। अभिधम्म में एक केंद्रीय अवधारणा शर्तीयता का सिद्धांत है, जो यह स्पष्ट करता है कि सभी घटनाएँ कैसे एक जटिल कारणों और परिस्थितियों के अंतःक्रिया के कारण उत्पन्न होती हैं और समाप्त होती हैं। हालांकि अभिधम्म अत्यधिक तकनीकी और सैद्धांतिक लग सकता है, इसका अंतिम उद्देश्य साधकों को वास्तविकता की सच्ची प्रकृति को समझने में सहायता करना है, जो पारंपरिक धारणाओं और अवधारणाओं के विकृतियों से मुक्त हो। सभी घटनाओं की अस्थायी, असंतोषजनक और निरात्मा स्वभाव को समझकर, व्यक्ति धीरे-धीरे आसक्तियों और लिप्तता को छोड़ सकता है, जिससे वह दुःख से मुक्ति के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है। हाल ही में, पाली को मराठी, प्राकृत, असमिया और बांग्ला के साथ क्लासिकल भाषा का दर्जा दिया गया है। यह प्राचीन मध्य इंडो-आर्यन भाषा भारतीय उपमहाद्वीप की है, जो बुद्ध धर्म की समृद्ध दार्शनिक और आध्यात्मिक परंपराओं के द्वार खोलती है। यह बौद्ध ग्रंथों और दर्शन की नींव है। अभिधम्म पिटक, पाली कैनन (त्रिपिटक) का एक प्रमुख खंड है, जो मन, चेतना और वास्तविकता की प्रकृति की जटिलताओं का अन्वेषण करता है। यह ग्रंथ बुद्ध धर्म के मनोवैज्ञानिक और दार्शनिक आधारों को समझने के लिए आवश्यक है। पाली का प्रभाव भारत से परे फैला हुआ है, खासकर दक्षिण-पूर्व एशिया में, जहां श्रीलंका, थाईलैंड, म्यांमार, लाओस और कंबोडिया जैसे देशों ने थेरवाद बौद्ध धर्म को अपनाया है। इन देशों में, पाली केवल एक धार्मिक भाषा नहीं है, बल्कि एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक संपत्ति भी है। अभिधम्म दिवस पाली की समृद्ध विरासत और भारत की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक परिदृश्य में इसकी रणनीतिक महत्वता को याद दिलाने का एक अवसर है। जब आईबीसी पाली भाषा का जश्न मनाता है, तो यह भारत के लिए आर्थिक और कूटनीतिक अवसर भी प्रस्तुत करता है। आईबीसी को अपने एशियाई भागीदारों से मिले उत्साहजनक प्रतिक्रिया, जो भारत सरकार द्वारा पाली को क्लासिकल भाषा के रूप में मान्यता मिलने के बारे में उत्साहित हैं, इस बात का पर्याप्त प्रमाण है कि इस भाषा का भविष्य उज्ज्वल है।

पाली को अपनाने और बढ़ावा देने के माध्यम से, भारत इस गहन भाषा के जन्मस्थान के रूप में अपनी भूमिका को फिर से हासिल कर सकता है, जबकि दक्षिण-पूर्व एशिया में अपने प्रभाव का विस्तार भी कर सकता है। क्ब्इ का यह प्रयास न केवल बुद्ध की शिक्षाओं का सम्मान करता है, बल्कि यह सुनिश्चित करता है कि पाली में संचित ज्ञान फलता-फूलता रहे और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहे। इसके अलावा, जैसे-जैसे दक्षिण-पूर्व एशियाई देश अपने बौद्धिक जड़ों के साथ फिर से जुड़ने की कोशिश कर रहे हैं, भारत पाली अध्ययन में संसाधन, विशेषज्ञता और नेतृत्व प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यह न केवल भारत की भाषा पर अधिपत्य को मजबूत करता है, बल्कि पड़ोसी देशों के साथ कूटनीतिक संबंधों को भी मजबूत करता है।

*एक वास्तविक अर्थ में, अभिधम्म में चार उल्लिखित श्रेणियाँ होती हैं : i. चेतना ii. मानसिक अवस्थाएँ, iii. भौतिक गुण, और iv. निब्बाना या अंतिम मुक्ति। अभिधम्मत्थसंगहो, वयोवृद्ध अनुरुद्ध द्वारा।*



## आपकी बात

### बीएसएनएल कहीं भीतरघात का शिकार तो नहीं?



**निर्मल रानी**

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) भारत सरकार के केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) का एक प्रमुख एवं लोकप्रिय उपक्रम है। बीएसएनएल का स्वामित्व दूरसंचार विभाग के पास है और दूरसंचार विभाग संचार मंत्रालय का एक हिस्सा है। भारत सरकार ही बीएसएनएल की 100% शेयर पूंजी का मालिक भी है। इस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में संचार मंत्रालय का कामकाज अश्विनी वैष्णव देख रहे हैं जोकि भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री हैं। हालाँकि भारतीय संचार क्षेत्र में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल तथा वोडाफोन आइडिया जैसे और भी कई छोटी व क्षेत्रीय निजी कम्पनीज सक्रिय हैं परन्तु इन सबसे प्रतिस्पर्धा होने के बावजूद आज भी बीएसएनएल को देश में सबसे अधिक उपभोक्ता रखने का गौरव हासिल है। आंकड़ों के मुताबिक जुलाई 2024 तक बीएसएनएल के पास देश में लगभग 88.512 मिलियन मोबाइल फोन के ग्राहक थे। इसका मुख्य कारण यह भी था कि देश की प्रमुख टेलीकॉम कंपनियों ने जून 24 में ही अपने अपने मोबाइल टैरिफ बढ़ा दिये थे। इनमें रिलायंस जियो ने जहां 27 जून को अपने टैरिफ में 12 से 27 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी वहीं भारती एयरटेल ने 8 जून को अपना टैरिफ 11 से 21 प्रतिशत तक बढ़ा दिया था। इसी तरह वोडाफोन आइडिया ने भी 29 जून,24 को अपना टैरिफ 10 से 24 प्रतिशत तक बढ़ा दिया। इसी बढ़ोतरी के फौरन बाद ही बीएसएनएल में 2.93 मिलियन ग्राहकों की वृद्धि हुई। जबकि निजी दूरसंचार कंपनियों को अपने करोड़ों ग्राहकों से हाथ धोना पड़ा। उस समय बीएसएनएल ने पहली बार ग्राहकों की इतनी वृद्धि दर्ज की थी। जून- जुलाई 24 में बीएसएनएल ने लगभग 2.9 मिलियन उपयोगकर्ता अपने साथ जोड़े। बीएसएनएल को ऐसा ही एक अवसर उस समय भी हाथ लगा था जबकि 2020-2021 में हुये किसान आंदोलन के समय पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के किसानों द्वारा 2020 में भारतीय संसद द्वारा पारित तीन कृषि अधिनियमों के विरुद्ध आंदोलन चलाया जा रहा था। उस समय किसान, अंबानी - अडानी द्वारा संचालित उद्यमों व उपक्रमों का भी विरोध कर रहे थे। किसानों का कहना था कि मोदी सरकार अंबानी - अडानी जैसे निजी उद्योगपतियों को फायदा पहुँचाने के लिये ही तीन कृषि अधिनियम लाई है। इसलिये किसानों द्वारा पंजाब, हरियाणा में रिलायंस जियो का भी बड़े पैमाने पर विरोध यहां तक कि बहिष्कार किया जा रहा था। रिलायंस जियो के तो कई मोबाईल टावर्स में भी उस समय तोड़ फोड़ की खबरें आई थीं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## महर्षि वाल्मीकि जयंती

### डाकू से ऋषि बने वाल्मीकि ने रामायण रची



**ललित गर्ग**

महापुरुषों की कीर्ति किसी एक युग तक सीमित नहीं रहती। उनका लोकहितकारी चिन्तन, कर्म एवं उपलब्धि कालजयी होती है और युगों-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करती है। महर्षि वाल्मीकि हमारे ऐसे ही एक प्रकाश-स्तंभ हैं, जिनकी जयंती का सनातन धर्म में बहुत ही खास महत्व है। डाकू से ऋषि बने वाल्मीकि ने हिन्दू धर्म के महा-रामायण जैसे महाकाव्य की रचना की थी। ऋषि वाल्मीकि सबसे महान संस्कृत कवियों में से एक थे। उन्हें आदिकवि के नाम से भी जाना जाता है। ऋषि वाल्मीकि ने जिस रामायण की रचना की वो वाल्मीकि रामायण के नाम से जानी जाती है। ऐसा माना जाता है कि अपने वनवास के समय भगवान श्रीराम वाल्मीकि के आश्रम भी गए थे। वाल्मीकिजी को भगवान श्रीराम के जीवन में घटित घटनाओं की जानकारी थी। कहा जाता है कि ऋषि वाल्मीकि को तीनों कालों सतयुग, त्रेता और द्वापर का ज्ञान था। महाभारत काल में भी वाल्मीकिजी का उल्लेख मिलता है। वाल्मीकि जयंती हर साल आश्विन महीने की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि के दिन मनायी जाती है। उनकी जन्मतिथि आज भी विवादों में ही है, क्योकि उनके जन्म के बारें मे कोई पुख्ता सबूत नहीं मिला है जिससे



उनकी सही जन्म तिथि के बारे मे कुछ भी कहा जा सके। लेकिन रामायण के समयकाल को शामिल करते हुए यह कहा जाता है, कि वह पहली शताब्दी से लेकर पांचवीं शताब्दी के बीच के रहे होगें। वे एक संत थे और वो एक साधारण जीवन और उच्च विचार रखने वाले व्यक्ति थे। वे बहुत ज्ञानी होने के साथ-साथ एक महान व्यक्तित्व थे। हिंन्दू पौराणिक कथाओं अनुसार, वाल्मिकी ऋषि ही वह अलौकिक एवं दिव्य व्यक्ति थे, जिन्होंने देवी सीता को तब आश्रय दिया था, जब वो अयोध्या राज्य छोड़कर वन में चली गई थीं। यही नहीं मां ने उन्हीं के आश्रम में लव कुश को जन्म दिया था। महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में ही लव कुश ने भगवान श्रीराम का अश्वमेध यज्ञ बांध लिया था। जिसकी वजह से श्रीराम को वाल्मीकि आश्रम में आना पड़ा था। यहीं पर पहली बार लव कुश अपने पिता श्रीराम से मिले थे। बाद में महर्षि वाल्मीकि ने श्रीराम को लव कुश से परिचय करवाया। देवी सीता के पृथ्वी माता की गोद में समा जाने पर वाल्मीकि ने लव कुश को भगवान श्रीराम को सौंप दिया। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

जब आप ईश्वर के मातृ रूप से अनुनय-विनय करते हैं तो कोई डाँट नहीं पड़ती, आप तो केवल जगन्माता के हृदय को पिघला देते हैं। परन्तु यदि आप निरन्तर गलत कार्य करते जाएँगे तो ईश्वर आपकी सहायता नहीं करेंगे।

### पूर्व बुरे कर्मों के प्रति सही दृष्टिकोण



**श्री श्री परमहंस योगानंद**

जब अपराध हो जाए तो आप सोचते हैं, कि आपका दोष बहुत ही बड़ा है, इससे बचा नहीं जा सकता और जब संसार आपको अयोग्य घोषित करता है और कहता है कि आप किसी काम के योग्य नहीं रहे, एक क्षण के लिए रुकें और जगन्माता का ध्यान करें। उनसे कहें, जगन्माता, मैं आपका बच्चा हूँ, आपका नटखट बच्चा। कृपया मुझे क्षमा कर दें। जब आप ईश्वर के मातृ रूप से अनुनय-विनय करते हैं तो कोई डाँट नहीं पड़ती, आप तो केवल जगन्माता के हृदय को पिघला देते हैं। परन्तु यदि आप निरन्तर गलत कार्य करते जाएँगे तो ईश्वर आपकी सहायता नहीं करेंगे। ज्यों ही आप प्रार्थना करते हैं आपको बुरे कार्यों को त्याग देना चाहिए। सन्त ऐसे पापी हैं जिन्होंने अपना प्रयास करना नहीं छोड़ा। आपकी कठिनाइयाँ चाहे कैसी भी हों, यदि आप प्रयास नहीं छोड़ते तो आप अपने संघर्ष की धारा के विरुद्ध प्रगति कर रहे हैं। संघर्ष करने का अर्थ है ईश्वर की कृपा को जीत लेना। क्या हीरा कीचड़ से ढक जाने से कम मूल्यवान हो जाता है? ईश्वर हमारी आत्मा के निर्विकार सौन्दर्य को देखते हैं। वे जानते हैं कि हम अपनी कमजोरियाँ नहीं हैं। आप कुछ ही जन्मों से मानव रहे हैं, परन्तु अनन्तकाल से आप ईश्वर की सन्तान रहे हैं। कभी भी स्वयं को पापी मत सोचें। क्योंकि पाप और अज्ञान केवल नश्वर दुःस्वप्न हैं। जब हम ईश्वर में जागृत होंगे, तब हमें पता चलेगा कि हमने - एक आत्मा, एक शुद्ध चेतना के रूप में-कभी भी कुछ गलत काम नहीं किया।

## फेसबुक वॉल से

Surendra Kishore
20h ·


R.K. Jain · Follow
6d ·




78 · 12 comments 4 shares

## X से

Abhishek Prem · Follow
2d ·




14.6K · 252 comments 2K shares

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

## आज का दोहा

घटनाओं के घाट पर, घड़ी घड़ी घडियाल।
मुंह निकाल कर ताकते, खाने को तत्काल।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## देश की बात

### भारत-अमेरिकी रक्षा डील व चीन-पाक की सांसें सील



**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत की चारों दिशाओं से सीमाओं को सुरक्षित करने की दृष्टि से एक अच्छी खबर आई है। अमेरिका के साथ 31 एमक्यू -9इ ड्रोन (प्रीडेटर ड्रोन) खरीदने की डील साइन कर ली गई है। वस्तुतः एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन को लेकर भारत-अमेरिका का यह अनुबंध इसलिए खास है क्योंकि इसके जरिए टारगेट को दूर से ही खत्म किया जा सकता है । इस ड्रोन को बनाने वाली कंपनी जनरल एटॉमिक्स, इसके मल्टीटैलेंटेड होने का दावा करती है। उसका कहना है कि जासूसी, सर्विलांस, इन्फॉर्मेशन कलेक्शन के अलावा एयर सपोर्ट बंद करने, राहत-बचाव अभियान और हमला करने के लिए इसका इस्तेमाल हो सकता है। ड्रोन 2177 किलोग्राम का पेलोड अपने साथ ले जा सकते हैं। इनमें लेजर गाइडेड मिसाइल, एंटी टैंक मिसाइल और एंटी शिप मिसाइलें लगी हैं। ये मानवरहित ड्रोन रिमोट से संचालित किए जाते हैं। एक साथ जमीन से लेकर आसमान और समंदर से लॉन्च किए जा सकते हैं। यह एक बार उड़ान भरने के बाद 1900 किलोमीटर क्षेत्र की निगरानी कर सकता है। हालांकि भारत के पास पहले से ही चार ताकतवर ड्रोन मौजूद हैं, किंतु इनसे भारतीय बेड़े में शामिल होने से सेना की ताकत हवा में बहुत बढ़ जाएगी। अभी भारत के पास जो ड्रोन हैं, उनमें स्वार्म ड्रोन की यह खासियत है कि वह छोटे-छोटे ड्रोन्स में एक साथ मिलकर हमले को अंजाम देते हैं। इसी तरह से दूसरा हरोप ड्रोन एक इजराइली ड्रोन है। अभी भारतीय सेना के पास यह 150 से ज्यादा हैं। तीसरा, हेरॉन ड्रोन और चौथा सर्चर भी इजराइली ड्रोन हैं, जिसमें कि भारतीय सेना में हेरॉन ड्रोन की तैनाती लद्दाख क्षेत्र की नगरानी करने के लिए की गई है। वहीं, सर्चर ड्रोन को भारतीय सेना लंबी दूरी की सर्विलांस के लिए इस्तेमाल कर रही है। अब इस नए ड्रोन एमक्यू-9बी के सेना में शामिल होने के बाद भारत की सीमाओं की चौकसी करना और अधिक आसान होगा। इसकी सबसे बड़ी खासियतों में बिना आवाज किए काम करने की है। यह जमीन से 250 मीटर की ऊंचाई पर उड़ सकता है। इसके बाद भी टारगेट को इसकी भनक नहीं लगती। यह 442 किलोमीटर की दूरी पर सिर्फ एक घंटे में पहुंच जाता है। पाकिस्तान-चीन या अन्य किसी सीमा पर ड्रोन को बहुत अधिक ऊंचाई पर उड़ाया जाएगा तो वह भारत की सीमा में रहते हुए भी यह जान लेगा कि उनकी सीमाओं के अंदर क्या चल रहा है। साथ ही ये ड्रोन हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस की कैटेगरी में आते हैं यानी कि यह 40 घंटे से अधिक समय तक किसी भी प्रकार के मौसम से प्रभावित हुए बिना उड़ान भर सकते हैं। ड्रोन की रेंज 1850 किलोमीटर तक है। एक तरीके से भारत के हाथ में ये ड्रोन आने के बाद इस्लामाबाद से लेकर पाकिस्तान से ज्यादातर शहर नई दिल्ली की जद में होंगे। यही स्थिति भारत की दूसरी सीमाओं से सटे देशों की है। यह सवाल महत्वपूर्ण है कि आखिर भारत सरकार ने अमेरिका से इसी ड्रोन को खरीदने में अपनी सबसे ज्यादा रुचि क्यों दिखाई? जब इस प्रश्न का जवाब खोजने का प्रयत्न किया गया, तब अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट की वेबसाइट के अध्ययन से ध्यान में आया कि ये सर्च और रेस्क्यू से लेकर लॉ एनफोर्समेंट, बॉर्डर एनफोर्समेंट, काउंटर अटैक जैसे मिशन के लिए बेहद कारगर साबित होते रहे हैं और हर बार अपने को सिद्ध करते रहे हैं। अमेरिका ने जहां भी इनका प्रयोग किया, इसके जरिए वह जमीन से लेकर हवा तक अपने दुश्मनों को समाप्त करने के बहुत हद तक सफल रहा। साल 2022 में अमेरिका ने अलकायदा के खूंखार आतंकवादी अयमान-अल-जवाहिरी को काबुल में इन्हीं ड्रोन्स के जरिए ही मार गिराया। वह बालकनी में टहलने के लिए निकला तभी उस पर रीपर ड्रोन से दो हेलफायर मिसाइलें दागी गईं। इस तरह से अमेरिका ने 9/11 हमले का बदला ले लिया इतना ही नहीं अमेरिका ने इस ड्रोन की ताकत को देखते हुए ही इन्हें सोमालिया, यमन और लीबिया में इस्तेमाल किया और अभी भी निगरानी के तौर पर इनका इस्तेमाल पुरी दुनिया में अमेरिका द्वारा किया जा रहा है। वह अमेरिका का रीपर ड्रोन ही था, जिससे अलकायदा के ओसामा बिन लादेन की निगरानी की और उसे नेवी सील्स द्वारा 2011 में पाकिस्तान के ऐबटाबाद में मार गिराने में सफलता हासिल हुई। इस ड्रोन की मारक क्षमता और ताकत को देखते हुए ही मोदी सरकार पिछले एक साल से अमेरिका के पीछे पड़ी थी कि इन्हें भारत को मुहैया कराया जाए। **(ये इनके निजी विचार हैं)**


स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# उमर अब्दुल्ला ने ली जम्मू और कश्मीर के सीएम पद की शपथ

## सुरिंदर बने उपमुख्यमंत्री, सकीना, जावेद, जावेद डार बने कैबिनेट मंत्री

एजेंसी

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में उन्हें और उनके चुने हुए सदस्यों को पद की शपथ दिलाई। वरिष्ठ एनसी नेता सुरिंदर चौधरी ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। गठबंधन करके चुनाव में उतरी कांग्रेस ने सरकार में न शामिल होने का फैसला लिया है, इसलिए कांग्रेस के किसी भी विधायक को शपथ नहीं दिलाई गई है। केंद्र सरकार की ओर से 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद उमर अब्दुल्ला का मुख्यमंत्री के रूप में पहला कार्यकाल होगा। मुख्यमंत्री के तौर पर उमर अब्दुल्ला के अलावा नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता सकीना इट्टू, जावेद राणा, जावेद अहमद डार और सतीश शर्मा ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। सुरिंदर चौधरी ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इस अवसर पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा, जेकेएनसी प्रमुख फारूक अब्दुल्ला, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, सीपीआई नेता डी राजा सहित इंडिया गठबंधन के अन्य नेता भी मौजूद रहे। कांग्रेस नेता गुलाम अहमद मीर ने कहा कि लोगों ने राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए जनादेश दिया था। हम चाहेंगे कि प्रधानमंत्री जल्द से जल्द लोगों के जनादेश का जवाब दें और राज्य का दर्जा बहाल करें।



### पीएम नरेंद्र मोदी ने उमर अब्दुल्ला को बधाई दी




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर उमर अब्दुल्ला को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा, उमर अब्दुल्ला को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई। लोगों की सेवा करने के उनके प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं। केंद्र जम्मू-कश्मीर की प्रगति के लिए उनके और उनकी टीम के साथ मिलकर काम करेगा।

# सैनी ने सरकार बनाने का दावा पेश किया, शपथ ग्रहण आज



**चंडीगढ़।** हरियाणा भाजपा विधायक दल के नेता नायब सैनी ने बुधवार की दोपहर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात करके सरकार बनाने का दावा पेश किया। राज्यपाल ने नायब सैनी को हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण का निमंत्रण दे दिया है। गृहमंत्री अमित शाह तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की मौजूदगी में आज ही नायब सैनी को विधायक दल का नेता चुना गया। गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में नायब सैनी ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात करके हरियाणा में सरकार बनाने का दावा पेश किया। सैनी ने भाजपा के 48 विधायकों तथा तीन निर्दलीय विधायकों के हस्ताक्षरों वाला समर्थन पत्र राज्यपाल को सौंपा। इसके बाद राज्यपाल ने नायब सैनी के दावे को स्वीकार करते हुए गुरुवार को उन्हें शपथ ग्रहण करने का निमंत्रण दिया। अब राज्यपाल को उन विधायकों के नाम की सूची भेजी जाएगी, जिन्हें कैबिनेट तथा राज्य मंत्री बनाया जाना है।

### देशभर में गया है हरियाणा में भाजपा की जीत का संदेश : शाह



**चंडीगढ़।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली जीत का संदेश देशभर में गया है। हरियाणा से शुरू हुआ भाजपा का विजय रथ अब कहीं नहीं रुकेगा। केन्द्रीय मंत्री शाह बुधवार को पंचकूला में भाजपा विधायक दल की बैठक के बाद प्रदेशभर के विधायकों को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, कृष्णपाल गुर्जर, राव इंद्रजीत समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में अमित शाह ने कहा कि इस जीत का हरियाणा के लिए विशेष महत्व है। वर्ष 1966 से लेकर आजतक किसी भी दल की तीसरी बार हरियाणा में सरकार नहीं बनी है।

# कांडला में दम घुटने से 5 लोगों की मौत मृतकों के परिजनों को मुआवजे का ऐलान

## वाटर टैंक के ड्रेनेज सिस्टम में जांच के दौरान हुआ हादसा

एजेंसी

**भुज।** गुजरात के कच्छ जिले के कांडला की औद्योगिक इकाई में बीती रात दम घुटने से 5 लोगों की मौत हो गई। बताया गया कि कांडला की इमामी एग्रोटेक कंपनी में सुपरवाइजर वाटर टैंक का ड्रेनेज सिस्टम देखने गया था। सुपरवाइजर के अंदर जाने के बाद उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर 4 अन्य लोग भी अंदर गए इन सभी की ड्रेनेज सिस्टम के अंदर दम घुटने से मौत हो गई। कंपनी की ओर से सभी मृतकों के परिजनों को 10-10 रुपये देने की घोषणा की गई है। कांडला मरीन पुलिस के अनुसार इस घटना में सिद्धार्थ तिवारी, अजमत खान, आशीष



गुप्ता, आशीष कुमार और संजय ठाकोर नामक श्रमिकों की मौत हो गई। सभी के शवों को पोस्टमार्टम के लिए रामबाग सरकारी हॉस्पिटल ले जाया गया है।

कंपनी के एचआर सुनील यादव के अनुसार बीती रात 12.30 बजे के आसपास इन्चार्ज-सुपरवाइजर सिद्धार्थ तिवारी वाटर टैंक का ड्रेनेज सिस्टम जांच करने गया था। इस दौरान वह दुर्घटनावश टंकी में गिर गया। टंकी के अंदर घुटन होने पर वह चिल्लाने लगा, उसकी आवाज सुनकर 4 अन्य श्रमिक भी उसे बचाने को टंकी के अंदर गए। लेकिन टंकी के अंदर गैस होने की वजह से सभी घुटन के कारण बेहोश हो गए। मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की। बाद में रात 1 बजे कंपनी के वरिष्ठ लोगों को जानकारी दी गई। फायर ब्रिगेड के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया। टंकी से निकालने के बाद सभी 5 लोगों को आदिपुर सरकारी रामबाग हॉस्पिटल ले जाया गया। यहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने इन सभी को मृत घोषित कर दिया। कंपनी की ओर से सभी मृतकों के परिजनों को 10-10 रुपये देने की घोषणा की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

# इलाज की आड़ में धर्म परिवर्तन का खेल, 4 गिरफ्तार

- विश्व हिंदू महासंघ के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह ने इस पूरे मामले में कोठी पुलिस को सूचना दी।

एजेंसी

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में इलाज के नाम पर धर्म परिवर्तन का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कोठी थाना क्षेत्र के नरोत्तामऊ घाट मजरे असौरी गांव में झाड़-फूंक और प्रार्थना सभा के माध्यम से कैंसर के मरीजों का इलाज करने का दावा किया जा रहा था।

इस घटना का एक वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना राजेंद्र प्रसाद के घर के बाहर हुई, जहां तिरपाल बिछाकर लगभग तीन दर्जन से अधिक महिलाएं, बच्चे और पुरुष बैठे हुए थे। जब स्थानीय लोगों ने पूछताछ की तो पता चला कि तीन लोग प्रार्थना सभा और झाड़-फूंक के जरिए कैंसर के इलाज की जानकारी दे रहे थे। जबकि, मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि ये लोग ईसाई धर्म के प्रभु यीशु का गुणगान कर रहे थे। विश्व हिंदू महासंघ के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह ने इस पूरे मामले में कोठी पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए लोगों में श्यामू, मैहर कश्यप, मेघरानी और बादल गौतम शामिल हैं, जो कि ईसा मसीह की महिमा का बखान कर रहे थे।

# भारत-बांग्लादेश सीमा पर 2.75 किलो सोना जब्त किया, 3 किसान गिरफ्तार

- तीन किसानों की साइकिलों के फ्रेम में 15 सोने के बिस्किट और 8 सोने के टुकड़े मिले।



**कोलकाता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा (आईबीबी) के पास साइकिलों के फ्रेम में छिपाए गए 2.75 किलोग्राम सोने को जब्त कर तीन किसानों को गिरफ्तार किया है। बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के डीआईजी एवं प्रवक्ता नीलोत्पल कुमार पांडे ने बताया कि सोने की कीमत करीब 1.98 करोड़ रुपये है।

डीआईजी पांडे ने बताया, सूचना के आधार पर जवानों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास अपने खेतों से काम करके लौट रहे आरोपी किसानों की तलाशी लेनी शुरू कर दी। उनकी साइकिलों की भी तलाशी ली गई। आखिरकार, तीन किसानों की साइकिलों के फ्रेम में 15 सोने के बिस्किट और 8 सोने के टुकड़े मिले। तीनों को तुरंत हिरासत में ले लिया गया।

# बहराइच हिंसा में क्षेत्राधिकारी रूपेंद्र गौड़ हटाए गए, रवी खोखर को मिला चार्ज


**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में हालात ?अब धीरे-धीरे सामान्य होने लगे हैं। शासन ने इस मामले में अपने स्तर से कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में महसी पुलिस क्षेत्राधिकारी रूपेंद्र गौड़ को हटा दिया गया है। उनकी जगह पर रामपुर के सीओ रवी खोखर को चार्ज सौंपा गया है। इससे पहले चौकी इंचार्ज महसी और एसओ हरदी को निलंबित किया गया था। पता चला है कि सीओ महसी रूपेंद्र गौड़ के भी निलंबन की तैयारी चल रही है। महाराजगंज में रविवार को देवी प्रतिमा विसर्जन के दौरान भड़की संप्रदायिक हिंसा के मामले में पुलिस अब उपद्रवियों को चिह्नित करने में जुटी हुई है। इस हिंसा से जुड़े अब तक 52 उपद्रवियों को जेल भेजा गया है। प्रभावित क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से वरिष्ठ अधिकारी दो शिफ्टों में चौबीस घंटे पल-पल की निगरानी कर रहे हैं। इन इलाकों को नौ सेक्टर में बांटा गया है, जहां पुलिस और जिला प्रशासन के लोग गश्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं अधिकारियों से जिले की ताजा स्थिति की रिपोर्ट ले रहे हैं। पुलिस अराजक तत्वों पर शिकंजा कस रही है। वीडियो फुटेज के आधार पर उपद्रवी चिह्नित किये जा रहे हैं। अभी तक जो उपद्रवी पकड़े गये हैं, उनकी आपराधिक हिस्ट्री और मुकदमों की डिटेल जुटाई जा रही है।

# प्रमुख नेताओं की सुरक्षा अगले महीने से सीआरपीएफ के हवाले

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एनएसजी सुरक्षा पर बहुत ज्यादा खर्चा आने के कारण अगले महीने से अधिकतर नेताओं की सुरक्षा सीआरपीएफ करेगी। इसमें योगी आदित्यनाथ, चंद्रबाबू नायडू, राजनाथ सिंह, सोनोवाल, मायावती, रमन सिंह, गुलाम नबी आजाद, फारूक अब्दुल्ला व लालकृष्ण आडवाणी जैसे प्रमुख नेता शामिल हैं। इसके लिए गृह मंत्रालय ने विशेष रूप से प्रशिक्षित जवानों की एक नई बटालियन को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के वीआईपी सुरक्षा प्रकोष्ठ के साथ जोड़ने की





स्वीकृति दी है। सीआरपीएफ जिसमें छह वीआईपी सुरक्षा बटालियन हैं, से इस काम के लिए एक और सातवीं बटालियन को शामिल करने को कहा गया है। नई बटालियन वह होगी जो कुछ महीने पहले तक संसद की सुरक्षा में लगी थी। अधिकारी ने बताया कि संसद में पिछले साल सुरक्षा में चूक का मामला सामने आने के बाद संसद की सुरक्षा सीआरपीएफ से सीआईएसएफ को सौंप दी गई थी। नया कार्यभार संभालने की प्रक्रिया के तहत आंध्र प्रदेश पुलिस की एक टीम हाल में अपने मुख्यमंत्री की सुरक्षा को एनएसजी से बदलकर सीआरपीएफ को सौंपने के मद्देनजर दिल्ली में थी। इन नौ वीआईपी में से दो को सीआरपीएफ द्वारा दिया जाने वाला उन्नत सुरक्षा संपर्क (एएसएल) प्रोटोकॉल भी प्रदान किया जाएगा। इनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ हैं। एएसएल में वीआईपी के आगामी दौरे वाले स्थान की पहले से जांच की जाती है। सीआरपीएफ देश में पांच वीआईपी के लिए इस तरह का प्रोटोकॉल अपनाता है, जिनमें गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और गांधी परिवार के तीन कांग्रेस नेता शामिल हैं। केंद्र सरकार ने एनएसजी को पुनर्गठित करने और अयोध्या में राम मंदिर के पास और देश के दक्षिणी हिस्से में स्थित कुछ महत्वपूर्ण संपत्तियों के आसपास कुछ उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में कमांडो की स्ट्राइक टीम को बढ़ाने और तैनात करने के लिए अपनी श्रम शक्ति का उपयोग करने का फैसला किया है।

## आज का राशिफल

**मेष :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**वृष :** व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है।

**मिथुन :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**कर्क :** रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेहमानों का आगमन होगा।

**सिंह :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**कन्या :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुला :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

**वृश्चिक :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है।

**धनु :** चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, इक्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें।

**मकर :** थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किये गए कार्यों का प्रतिफल मिलेगा।

**कुंभ :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है।

**मीन :** प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

# पड़ोसी राज्य हरियाणा और यूपी के कारण दिल्ली में वायु प्रदूषण : आप

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार का मानना है कि राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण का एक कारण पड़ोसी राज्य हरियाणा और उत्तर प्रदेश हैं। आम आदमी पार्टी (आप) के मुताबिक केंद्र सरकार की एजेंसी इंडियन एग्रीकल्चर रिसर्च इंस्टीट्यूट के आंकड़ों से भी यह खुलासा हुआ है। आप के मुताबिक पिछले साल के मुकाबले एक से 14 अक्टूबर तक पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में 27 फीसद की कमी आई है, जबकि हरियाणा में 23 और उत्तर प्रदेश में 71 फीसद की वृद्धि हुई है। पड़ोसी राज्य प्रदूषण कम करने को लेकर गंभीर नहीं हैं। इसलिए, वहां धूल प्रदूषण को कम करने के लिए भी कोई विंटर एक्शन प्लान नहीं बनाया गया है। पिछले तीन दिनों से दिल्ली का एक्यूआई 200 के पार गया है जोकि खराब श्रेणी है। इसका एक मुख्य कारण पराली भी है। पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में पराली जलाए जाने के कारण उसका प्रदूषण दिल्ली में भी आता है। पार्टी ने कहा कि केंद्र सरकार के इंडियन एग्रीकल्चर रिसर्च इंस्टीट्यूट (आईएआरआई) के 1 से 14 अक्टूबर तक के आंकड़ों के अनुसार, 2023 में पंजाब में 1,105 पराली जलाने की घटनाएं सामने आईं। लेकिन, 2024 में ये घटनाएं घटकर 811 हो गई हैं। यानी पंजाब में पराली जलाए जाने की घटनाओं में करीब 27 फीसद की गिरावट आई है। वहीं, हरियाणा में 2023 में 1 से 14 अक्टूबर के बीच पराली जलाए जाने की 341 घटनाएं हुई थीं, जो इस साल बढ़कर 417 हो गईं। यानी हरियाणा में पराली जलाए जाने की घटनाओं में करीब 23 फीसद की वृद्धि हुई है। उत्तर प्रदेश में पिछले साल 1 अक्टूबर से 14 अक्टूबर के बीच पराली जलाए जाने की 244 घटनाएं हुई थीं, जो इस साल बढ़कर 417 हो गई हैं। मतलब, पराली जलाए जाने की घटनाएं 71 फीसदी बढ़ी हैं।

आप का कहना है कि पिछले दस सालों में दिल्ली सरकार ने प्रदूषण कम करने के लिए कई काम किए हैं। सरकार ने दिल्ली में 2,000 के करीब इलेक्ट्रिक बसें चलाई, जो पूरे देश में सर्वाधिक है। हरियाणा और उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या शून्य है। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण के कारण अपने सारे थर्मल पावर प्लांट बंद कर दिए हैं। हरियाणा और उत्तर प्रदेश ने ऐसा कोई कदम नहीं उठाया है। दिल्ली के पड़ोसी राज्यों में कई ऐसी सोसायटी हैं, जहां जनरेटर डीजल से चलते हैं। सरकार की रिपोर्ट कहती है कि करीब एक तिहाई प्रदूषण कंस्ट्रक्शन से आता है। इसे लेकर मंगलवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने एक प्लान शेयर किया है। जिसमें बताया गया है कि दिल्ली की सड़कों पर कुल 99 टीमें कंस्ट्रक्शन डस्ट और कंस्ट्रक्शन रूल को लागू करने के लिए तैनात हैं।

# बिहार के सीवान में जहरीली के शराब पीने से पांच लोगों की हुई दर्दनाक मौत

एजेंसी

**पटना।** बिहार के सीवान और सारण जिलों में जहरीली शराब पीने से पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य अस्पताल में भर्ती हैं। सीवान के जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने बताया कि मंगलवार शाम कौड़िया वैसी टोला गांव में उल्टी, सिरदर्द और पेट दर्द जैसे लक्षणों के साथ लोगों को इलाज के लिए भगवानपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। गुप्ता ने कहा, जब उनकी हालत पहले से और ज्यादा बिगड़ गई तो उन्हें सीवान के सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां से कुछ को बेहतर इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) रेफर कर दिया गया। गुप्ता ने बताया, इलाज के दौरान चार लोगों की मौत हो गई तथा सात अन्य लोगों का इलाज सदर अस्पताल सीवान और पीएमसीएच पटना में चल रहा है। मृतकों की पहचान कौड़िया वैसी टोला के अरविंद सिंह (40) और रामेंद्र सिंह (30), माधव पोखरा गांव के संतोष साहनी (35) और मुन्ना (32) के रूप में हुई है।

# महिला का आधा जला हुआ अर्धनग्न शव मिलने से पश्चिम बंगाल में तनाव

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के कृष्णानगर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पास महिला का आधा जला हुआ और अर्धनग्न शव बरामद किया गया है, जिसके बाद इलाके में तनाव फैल गया। शव को देखने वाले स्थानीय लोगों ने बताया कि पीड़िता का चेहरा इतना जला हुआ था कि उसकी पहचान नहीं हो पा रही थी। शव को देखने के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि पीड़िता के साथ पहले बलात्कार किया गया और सबूत मिटाने के लिए उसके शव को जला दिया गया। इसकी सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा, शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# मुडा घोटाला : प्राधिकरण के अध्यक्ष मैरीगौड़ा ने दिया इस्तीफा

एजेंसी

**बेंगलुरु।** मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) की ओर से जमीन आवंटन में कथित अनियमितताओं के आरोपों के बीच प्राधिकरण के अध्यक्ष के. मैरीगौड़ा ने बुधवार को अपना इस्तीफा दे दिया है। वह कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया के विश्वासपात्र माने जाते हैं। मैरीगौड़ा ने बेंगलुरु के विकास सौध में शहरी विकास विभाग की सचिव दीपा चोलन को अपना इस्तीफा सौंप दिया। कथित तौर पर सीएम सिद्दारमैया के निर्देश पर इस्तीफा सौंपा गया है। इस्तीफा देने से पहले मैरीगौड़ा ने मुख्यमंत्री से उनके कावेरी स्थित आवास पर मुलाकात की। इस्तीफा देने के बाद मैरीगौड़ा



ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, मेरा स्वास्थ्य ठीक नहीं है, मैंने इस्तीफा दे दिया है। मुडा की जांच चल रही है और इसे जारी रहने दीजिए। मैं इस पर टिप्पणी नहीं करूंगा कि यह घोटाला है या नहीं। जांच चल रही है और सच्चाई सामने आ जाएगी। हाल ही में सीएम सिद्दारमैया की पत्नी पार्वती ने मुडा से उन्हें आवंटित 14 प्लॉट को अपनी इच्छा से वापस कर दिया था।

# कर्नाटक के एसटी फंड घोटाले पर भाजपा हमलावर सीएम सिद्धारमैया से तत्काल इस्तीफा देने की मांग

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड फंड घोटाला सामने आने पर राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस पर हमला बोला है। भाजपा ने आरोप लगाया कि अनुसूचित जाति और जनजाति के कल्याण के लिए उनपर खर्च किया जाने वाला फंड राजनीतिक लाभ लने के लिए खर्च किया गया। इसलिए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को इस्तीफा देना चाहिए। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया कि कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित



जनजाति विकास निगम के फंड को बेल्लारी लोकसभा चुनाव में खर्च किया गया। इस फंड से लगभग 60 लाख से अधिक लोगों को वोट देने के लिए 200-200 रुपये बांटे गए। महर्षी वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम के खाते से 187 करोड़ रुपये के फंड को राजनीतिक लाभ लेने के लिए खर्च किया गया। उन्होंने कहा कि इस फंड से गाड़ी खरीदी गई, हवाई टिकट बुक किए गए, निजी कर्मचारियों को सैलरी दी गई, घूमने पर खर्च किया गया। इस प्रकार मुख्यमंत्री को बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। सिद्धारमैया का विधानसभा सदन के पटल पर खड़े हो कर यह स्वीकारना कि घोटाला हुआ है, यह शर्मनाक है। उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।

# हरमनप्रीत सिंह और उदिता हॉकी इंडिया लीग की शुरुआत से उत्साहित

## हरमनप्रीत-उदिता नीलामी में बने सबसे महंगे खिलाड़ी



एजेंसी

**नई दिल्ली।** तीन दिनों तक चली बोली-प्रक्रिया के बाद, आठ पुरुष और चार महिला टीमें दिसंबर में होने वाली हॉकी इंडिया लीग 2024-25 में एक-दूसरे से भिड़ने के लिए तैयार हैं। हॉकी इंडिया लीग की बहुप्रतीक्षित वापसी की नीलामी में भारतीय हॉकी टीम के डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह और उदिता सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। उदिता को श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने 32 लाख में खरीदा, जबकि सूरमा हॉकी क्लब ने हरमनप्रीत सिंह को 78 लाख में खरीदा। हैदराबाद तूफान, सूरमा हॉकी क्लब, श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स, दिल्ली एसजी पाइपर्स, तमिलनाडु ड्रैगन्स, यूपी रुद्रास, कलिंगा लांसर्स और टीम गोनासिका पुरुष फ्रेंचाइजी थीं, जिन्होंने 13 और 14 अक्टूबर को पुरुषों की नीलामी में एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश की। 15 अक्टूबर को महिलाओं की नीलामी में, सूरमा हॉकी क्लब, श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स, दिल्ली एसजी पाइपर्स और ओडिशा वॉरियर्स के बीच लीग में 24 खिलाड़ियों की सबसे मजबूत टीम बनाने के लिए मुकाबला हुआ। हॉकी इंडिया लीग सात साल के अंतराल के बाद फिर से शुरू हो रही है, लेकिन लीग की वापसी के साथ ही महिला हॉकी इंडिया लीग की शुरुआत भी हो रही है, जो भारत में अपनी तरह की पहली लीग होगी। महिला हॉकी इंडिया लीग पुरुषों की लीग के साथ-साथ चलेगी और इसका फाइनल 26 जनवरी को रांची में होगा। भारतीय महिला हॉकी टीम की डिफेंडर उदिता कई मशहूर अंतरराष्ट्रीय हॉकी सितारों को पछाड़कर 32 लाख रुपये में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स की नीलामी में सबसे ज्यादा कीमत पर बिकीं। नीलामी के अंत में, उनकी कुछ उल्लेखनीय साथी नीदरलैंड की ट्रिपल ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता ईवा रोमा मारिया ड्रमंड और भारतीय महिला हॉकी के इतिहास में सबसे ज़्यादा मैच खेलने वाली खिलाड़ी वंदना कटारिया थीं।

उदिता ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, "हॉकी इंडिया पुरुष हॉकी इंडिया लीग के साथ-साथ महिला हॉकी इंडिया लीग आयोजित करके बाधाओं को तोड़ रहा है और नए मानक स्थापित कर रहा है। यह पहली बार था जब हममें से अधिकांश ने नीलामी के लिए पंजीकरण कराया और पूरी टीम इसका हिस्सा बनने के लिए उत्साहित थी। यह हमारे कौशल को दिखाने और विभिन्न राष्ट्रीयताओं के खिलाड़ियों के साथ खेलकर एथलीट के रूप में विकसित होने का एक अच्छा अवसर होगा। हम सभी लीग को अपना 100 प्रतिशत देने के लिए उत्सुक हैं। मैं हॉकी इंडिया लीग की सबसे बड़ी खरीद बनकर खुश हूं और मैं श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स को मुझ पर अपना विश्वास दिखाने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। उन्होंने एक प्रभावशाली टीम बनाई है और मैं मैदान पर उतरने और लीग जीतने का लक्ष्य रखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती।

### मैं बहुत खुश हूं कि हॉकी इंडिया लीग वापस आ गई है

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान और दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता हरमनप्रीत सिंह के लिए सभी आठ पुरुष टीमों ने कड़ी बोली लगाई। सूरमा हॉकी क्लब ने आखिरकार बाजी मार ली और नीलामी में कुल 4 करोड़ की राशि में से 78 लाख की बड़ी राशि खर्च की। हरियाणा-पंजाब स्थित इस टीम ने ओलंपिक कांस्य पदक विजेता विवेक सागर प्रसाद और गुरजंत सिंह तथा अन्य बड़े नामों को अपने साथ जोड़कर एक मजबूत टीम बनाई है। हरमनप्रीत सिंह ने कहा, "मैं बहुत खुश हूं कि हॉकी इंडिया लीग वापस आ गई है और वह भी शानदार अंदाज में। जब नीलामी के दौरान मेरा नाम आया तो मैं अपनी सीट के किनारे पर बैठा हुआ था और मन ही मन सरदार सिंह से उम्मीद कर रहा था कि वे मेरे लिए बोली लगाएं और मैं हरियाणा-पंजाब क्षेत्र के लिए खेलूं।

# एडी टी10 लीग में पदार्पण के लिए तैयार यूपी नवाब

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एडी टी10 लीग में नई फ्रेंचाइजी यूपी नवाब अपना पदार्पण करने के लिए तैयार है। टीम के मालिक वेंचर कैपिटलिस्ट लविश चौधरी हैं। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले चौधरी की गाजियाबाद और मुजफ्फरनगर से यात्रा उनकी जड़ों से उनके गहरे जुड़ाव और क्रिकेट के प्रति आजीवन जुनून को दर्शाती है।

यह नया उद्यम उन्हें खेल के प्रति अपने प्यार को अपने रणनीतिक निवेश दृष्टिकोण के साथ जोड़कर एक ऐसी टीम बनाने का मौका देता है जो उत्तर प्रदेश की भावना और लचीलेपन का प्रतिनिधित्व करती है। लविश चौधरी ने टीम के लिए अपनी




आकांक्षाओं को साझा करते हुए एक बयान में कहा, "क्रिकेट मेरे जीवन का एक मूलभूत हिस्सा रहा है, और एडी टी10 लीग में एक फ्रैंचाइज़ी का मालिक होना एक सपने के सच होने जैसा है। यूपी नवाबों के साथ, मेरा लक्ष्य उत्तर प्रदेश के गौरव को वैश्विक मंच पर लाना और लीग में एक मजबूत दावेदार के रूप में अपनी उपस्थिति स्थापित करना है। यूपी नवाब एडी टी10 लीग के आगामी 8वें सीजन में दमदार शुरुआत करने के लिए तैयार है। टीम में विस्फोटक विकेटकीपर-बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज, गतिशील तेज गेंदबाज टाइमल मिल्स, पावर-हिटिंग बल्लेबाज आंद्रे फ्लेचर, कुशल लेग स्पिनर आदिल राशिद और शीर्ष क्रम के कुशल बल्लेबाज डेविड मालन सहित कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल हैं। एडी टी10 लीग का 8वां सीजन अबू धाबी के जायद क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जो टी10 क्रिकेट का नया घर बन गया है।



# बीसीसीआई ने हरमनप्रीत को कप्तानी से हटाने की मांग की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आईसीसी इवेंट में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए ऑस्ट्रेलिया सबसे बड़ी परेशानी का सबब बन चुकी है। पिछले कुछ वर्षों से भारत और ट्रॉफी के बीच यह टीम एक ऐसी दीवार बन गई है, जिसे लांघना हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम के लिए नामुमकिन बन गया। अब महिला टी20 विश्व कप 2024 के ग्रुप स्टेज से बाहर होने के बाद टीम की कप्तान पर एक्शन लिया जा सकता है। बीसीसीआई जल्द ही उन्हें हटाकर एक नई कप्तान चुन सकती है। इसके लिए दो खिलाड़ी सबसे बड़ी दावेदार मानी जा रही हैं। हरमनप्रीत कौर की उत्तराधिकारी वैसे तो स्मृति मंधाना हैं, लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स को उनसे भी बड़ा दावेदार माना जा रहा है। मिताली राज ने इस नाम को सपोर्ट कर क्रिकेट जगत में हलचल तेज कर दी है।

महिला टी20 विश्व कप 2024 में भारतीय टीम के बाहर होने के बाद पूर्व कप्तान मिताली राज ने कहा कि अगर भारतीय टीम नए कप्तान की ओर देख रही है, तो निर्णय लेने का यही सही समय है।

# पर्थ में खेला जायेगा एशेज का पहला टेस्ट, वर्षों बाद गाबा को मेजबानी नहीं

एजेंसी

**मेलबर्न।** पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया का पर्थ स्टेडियम एशेज 2025-26 के पहले टेस्ट की मेजबानी करेगा। चार दशक से भी अधिक समय में यह पहली बार है जब ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी में खेले जाने वाले एशेज की शुरुआत गाबा के अलावा किसी अन्य मैदान पर होगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। पर्थ स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया में एशेज मैच की मेजबानी करने वाला आठवां स्थल बन जाएगा।

पहला टेस्ट 21 नवंबर से शुरू होने वाला है। पर्थ में होने वाले इस मैच के बाद, ब्रिस्बेन के गाबा में 4 दिसंबर से दिन-रात्रि टेस्ट खेला जाएगा होगा। गाबा में दूसरा टेस्ट ब्रिस्बेन का तीसरा दिन-रात्रि पुरुष टेस्ट होगा, इससे पहले पाकिस्तान (2016) और श्रीलंका (2019) की मेजबानी की जा चुकी है। तीसरा टेस्ट एडिलेड ओवल में होगा, उसके बाद मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में बॉक्सिंग डे टेस्ट और सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में नए साल में पहला और आखिरी का टेस्ट होगा।




# इंडी बनाम न्यूज़ी : दूसरे दिन मैच के समय में बदलाव

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट सीरीज का आगाज अभी तक नहीं हो पाया है। वैसे तो ये मैच आज यानी 16 अक्टूबर से होना था, लेकिन लगातार होती रही बारिश ने खेल होने ही नहीं दिया। हालांकि बीच बीच में बारिश रुकी भी, लेकिन इतनी देर के लिए नहीं कि मैदान को सुखा कर मैच कराया जा सके। अंपायर ने भी दो तीन बार मैदान का निरीक्षण किया, लेकिन हाथ कुछ नहीं आया। इस बीच अब पता चला है कि मैच के दूसरे दिन यानी गुरुवार को टाइम बदल दिया गया है। ताकि पहले दिन जो ओवर्स का नुकसान हुआ है, उसे कुछ हद तक कम किया जा सके। भारत बनाम न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज के पहले दिन यानी बुधवार को सुबह नौ बजे टॉस होना था और साढ़े नौ बजे से मुकाबला शुरू हो जाना था। लेकिन दूसरे दिन इसमें बदलाव है। गुरुवार को सुबह सवा नौ बजे से पहला सेशन खेला जाएगा। जो साढ़े 11 बजे तक चलेगा। इसे बाद दूसरा सेशन यानी लंच के बाद 12 बजकर 10 मिनट पर फिर से मैच शुरू होगा। ये सेशन दोपहर बाद दो बजकर 25 मिनट तक चलेगा। इसके बाद दिन का तीसरा और आखिरी सेशन दो बजकर 45 मिनट से शुरू होगा और चार बजकर 45 मिनट तक चलेगा।

**दूसरे दिन होगी कम से कम 98 ओवर कराने की कोशिश :** मैच को लेकर फैसला किया गया है कि मैच 15 मिनट पहले शुरू होगा और इसके बाद हर सेशन में 15 मिनट जोड़े जाएंगे। एक दिन में वैसे टेस्ट क्रिकेट में करीब 90 ओवर का खेल होता है। लेकिन भारत बनाम न्यूजीलैंड सीरीज के पहले मैच में कोशिश होगी कि हर सेशन में थोड़ा बहुत वक्त जोड़कर कम से कम 98 ओवर कराएं जाएं। हालांकि इससे पूरी भरपाई तो नहीं होगी, लेकिन कुछ ओवर को जरूर कवर किया जा सकता है।



## बेंगलुरु में अभी भी मौसम साफ नहीं

हालांकि एक बात यहां पर जोड़ देना जरूरी है। वो ये है कि ये सब कुछ तभी हो पाएगा, जब गुरुवार को मौसम साफ रहेगा और पूरे दिन का खेल हो पाए। अभी की बात करें तो इस बात संभावना काफी कम है कि पूरे दिन खेल हो पाए। लेकिन बेंगलुरु के मौसम को लेकर कोई गारंटी नहीं दे सकता। लिहाजा रात भर में बारिश की संभावना पर कुछ असर पड़ जाए तो कोई बड़ी बात नहीं होगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि दूसरे दिन मौसम साफ रहेगा और कम से कम मैच शुरू तो हो ही पाएगा।

### दूसरे दिन का संशोधित समय

| सुबह का सत्र | दोपहर का सत्र | शाम का सत्र |
|---|---|---|
| 9:15 -11:30 बजे तक | 12:10 - 14:25 बजे तक | 14:45 - 16:45 बजे तक |

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# हमें विकसित राष्ट्र बनने के लिए 100 मिलियन नौकरियां पैदा करने की जरूरत : एन चंद्रशेखरन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की राह में नई नौकरियों को लाए जाने की बात कही है। चंद्रशेखरन ने जोर देकर कहा है कि भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है और देश को बढ़ते कार्यबल की रोजगार जरूरतों को पूरा करने के लिए 10 करोड़ नौकरियों का सृजन करने की जरूरत है। टाटा समूह देश में अधिक से अधिक विनिर्माण नौकरियां बनाने पर भी ध्यान दे रहा है, क्योंकि पूरा इकोसिस्टम भारतीय कंपनियों, विशेषकर 500,000 छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) के लिए कई अवसरों से भरा हुआ है। चंद्रशेखरन के अनुसार, टाटा समूह सेमीकंडक्टर, प्रिसिशन मैन्युफैक्चरिंग, असेंबली, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी और संबंधित उद्योगों में निवेश कर रहा है, इसलिए वह अगले पांच वर्षों में पांच लाख विनिर्माण नौकरियां पैदा कर सकता है। सेमीकंडक्टर विनिर्माण जैसे क्षेत्र कई अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा कर सकते हैं। भारतीय गुणवत्ता प्रबंधन फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा, "हमें विकसित राष्ट्र बनने के लिए 100 मिलियन नौकरियां पैदा करने की जरूरत है। देश में हर महीने लगभग दस लाख लोग कार्यबल में शामिल होते हैं, जिससे देश के भविष्य के विकास के लिए विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन आवश्यक हो जाता है।

पिछले महीने, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टाटा संस और ताइवान की पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कारपोरेशन (पीएसएमसी) की नेतृत्व टीम से मुलाकात की, जो गुजरात के धोलेरा में 91,000 करोड़ रुपये की लागत से मेगा सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन फैसिलिटी का निर्माण कर रहे हैं। मार्च में, प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात में टाटा-पीएसएमसी चिप प्लांट की आधारशिला रखी थी। फैब निर्माण से क्षेत्र में 20,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कुशल नौकरियां पैदा होंगी। असम में टाटा समूह का सेमीकंडक्टर प्लांट प्रतिदिन 4.83 करोड़ सेमीकंडक्टर चिप्स का उत्पादन करेगा, साथ ही चालू होने पर 15,000 प्रत्यक्ष और 13,000 तक अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा करेगा।

### भारत के विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार में 7.4% की वृद्धि देखी गई



वित्त वर्ष 2024 में नौकरियों में वृद्धि हुई है, भारत के विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जिसमें 1.3 मिलियन नई नौकरियां पैदा हुईं - जो वित्त वर्ष 2022 में 1.1 मिलियन थीं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में वित्त वर्ष 23 में विनिर्माण क्षेत्र की नौकरियों और श्रमिकों के वेतन में उल्लेखनीय वृद्धि का श्रेय पीएम मोदी को दिया, जहां इनमें क्रमशः 7.6 प्रतिशत और 5.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# भारत का कॉफी निर्यात 55 प्रतिशत बढ़ा, वैश्विक मांग में वृद्धि का मिला फायदा

**नई दिल्ली।** भारत का कॉफी निर्यात चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में सालाना आधार पर 55 प्रतिशत



बढ़कर 7,771.88 करोड़ रुपये हो गया है, यह पिछले वित्त वर्ष की सामन अवधि में 4,956 करोड़ रुपये पर था। इसमें बढ़त की वजह दुनिया में भारतीय कॉफी की मांग में इजाफा होना है। कॉफी बोर्ड ऑफ इंडिया की ओर से जारी किए गए डेटा में बताया गया कि अप्रैल से सितंबर की अवधि में भारत द्वारा 2.2 लाख टन कॉफी का निर्यात किया गया है। बीते वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 1.91 लाख टन था, जो दिखाता है पिछले एक वर्ष में वॉल्यूम में 15 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। प्रत्याशित यूरोपीय निर्यात नियमों के बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉफी की कीमत में तेज वृद्धि हुई है। कॉफी खरीदार भारतीय कॉफी के लिए औसतन 352 रुपये प्रति किलोग्राम का भुगतान कर रहे हैं, जो पहले 259 रुपये प्रति किलोग्राम था। भारत की ओर से कॉफी का सबसे ज्यादा निर्यात इटली को किया है। देश के कॉफी निर्यात में इटली की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत है। इसके बाद जर्मनी, रूस, यूएई और बेल्जियम की संयुक्त हिस्सेदारी 45 प्रतिशत है।

# इलेक्ट्रिक फ्लाइंग टैक्सियों के जरिए भारत में क्रांति लाएगा सरला एविएशन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत में ट्रैफिक एक बड़ी समस्या है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए सरला एविएशन अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेक-ऑफ और लैंडिंग (ईवीटीओएल) विमान विकसित करने पर काम कर रहा है, जो शहरी यातायात परिवर्तन के लिए एक क्रांतिकारी कदम साबित होगा। एड्रियन शिमट द्वारा सह-संस्थापक कंपनी का उद्देश्य बेंगलुरु, मुंबई, दिल्ली और पुणे सहित भारत के सबसे भीड़भाड़ वाले शहरों में तेज, स्वच्छ और अधिक कुशल परिवहन प्रदान करना है। सरला एविएशन की प्रमुख पहल में सात सीटों वाली इलेक्ट्रिक फ्लाइंग टैक्सियां शामिल हैं, जो यात्रा के समय में कटौती का वादा करती हैं। उदाहरण के तौर पर बेंगलुरु एयरपोर्ट से इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी तक की यात्रा में आमतौर पर सड़क मार्ग से 150 मिनट से अधिक का समय लगता है, लेकिन इलेक्ट्रिक फ्लाइंग टैक्सी के शुरू होने से मात्र 19 मिनट का समय लगेगा और इसका किराया 1,700 रुपये से शुरू होगा। सरला एविएशन ने हाल ही में बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड



(बीआईएएल) के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी ने सरला के ईवीटीओएल विमान के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) को स्थापित किया है, जिसका उद्देश्य शहर के ट्रैफिक जाम को कम करना है। हालांकि, इसके शुरू होने में अभी भी दो से तीन साल का समय है, लेकिन सरला एविएशन पहले से ही कदम उठा रहा है। कंपनी यातायात से प्रभावित अन्य शहरों में अपनी सेवाओं का विस्तार करने के लिए तैयारी में जुटी हुई है, एक स्वच्छ, शांत और अधिक किफायती हवाई यात्रा विकल्प प्रदान करती है। भारत में शहरीकरण लगातार बढ़ रहा है।



# भारत में दूसरी तिमाही में दोपहिया वाहनों की धड़ाधड़ हुई बिक्री

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में दोपहिया और तिपहिया वाहनों की बिक्री में वृद्धि दर्ज हुई है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर दोपहिया वाहनों की बिक्री में मजबूत दोहरे अंकों की वृद्धि देखी गई। दूसरी ओर, तिपहिया वाहनों की बिक्री में एक अंक में वृद्धि दर्ज हुई। थोक मात्रा का रुझान मिश्रित रहा। जुलाई से सितंबर के बीच, ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स (ओईएम) के राजस्व और मुनाफे में अलग-अलग वृद्धि हुई। दोपहिया वाहनों ने अन्य वाहनों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया। बीएनपी पारिबा इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, "हम अभी भी सेक्टर की अनुकूल परिस्थितियों को देखते हुए यात्री वाहनों (पीवी) के प्रति दीर्घकालिक रूप से सकारात्मक हैं और वाणिज्यिक वाहनों (सीवी) में कमजोरी को एक अस्थायी बाधा के रूप में देखते हैं। यात्री वाहनों की मात्रा में मामूली गिरावट आई और वाणिज्यिक वाहनों की मात्रा भी कमजोर रही, जो लम्बे समय तक मानसून रहने और बुनियादी ढांचे की गतिविधियों में मंदी के कारण प्रभावित हुई।

# भारत की जेन जेड आबादी 2035 तक 1.8 ट्रिलियन डॉलर करेगी खर्च

**नई दिल्ली।** भारत को एक युवा राष्ट्र माना जाता है। देश की 377 मिलियन आबादी जनरेशन जेड से आती है। जनरेशन जेड देश की कंजप्शन ग्रोथ को लेकर एक बड़े योगदानकर्ता होंगे। बुधवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, जेन जेड 2025 तक 1.8 ट्रिलियन डॉलर का प्रत्यक्ष खर्च लाने में सक्षम होंगे। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) के साथ साझेदारी में स्नैप इंक की रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में, जनरेशन जेड का प्रत्यक्ष खर्च 250 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। इस समय तक हर दूसरा जनरेशन जेड कमाई कर रहा होगा। जेन जेड की सामूहिक व्यय क्षमता 860 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है, जो 2035 तक 2 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ जाएगी। जनरेशन जेड, मिलेनियल्स के बराबर ही खरीदारी करता है। वे अपने खर्च पर 1.5 गुना ज्यादा रिसर्च करते हैं। स्नैप इंक के भारत में प्रबंध निदेशक पुलकित त्रिवेदी ने कहा, "भारत एक युवा राष्ट्र है, जिसकी 377 मिलियन जनरेशन जेड आबादी है, जो अगले दो दशकों में भारत के विकास के भविष्य को आकार देगी।

# आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन आवश्यक, नहीं तो होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बुधवार को मान्यता प्राप्त पार्टियों के साथ बैठक में चुनाव आयोग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों और नियम-कानूनों की जानकारी दी। उन्होंने पार्टियों के प्रतिनिधियों से कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन हर हाल में सुनिश्चित कराया जाएगा। इनका उल्लंघन करने की सूरत में सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बैठक में बताया कि निर्वाचन आयोग की ओर से ह्यसुविधाह्व ऐप बनाया गया है, जिसका इस्तेमाल करते हुए प्रत्याशी नामांकन प्रक्रिया के तहत सभी प्रपत्र और आवेदन भर सकते हैं। इसके जरिए नामांकन के दिन के लिए आरओ ऑफिस में अपॉइंटमेंट भी ली जा सकती है। इसके साथ इस माध्यम से प्रत्याशियों का ब्योरा भरने एवं एफिडेविट बनाने में भी सहायता प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि सी-विजिल ऐप के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामलों पर त्वरित शिकायत भी दर्ज कराई जा सकती है। पार्टी प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई कि निर्वाचन प्रक्रिया में सभी के लिए समान अवसर प्राप्त हो, इस उद्देश्य से प्रत्येक प्रत्याशी के लिए 40 लाख रुपए खर्च सीमा तय की गई है। प्रत्याशियों को खर्च के ब्योरा की पंजी जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में जमा करानी होगी। इस पंजी को जिला निर्वाचन पदाधिकारी वेबसाइट पर सार्वजनिक करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी प्रत्याशियों से अपेक्षा की जाती है कि निर्वाचन संबंधित सभी निदेर्शों को समझते हुए अपने कार्यकतार्ओं को भी अवगत कराएं। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से ह्यक्या करें, क्या नहीं करें की निर्देशिका जारी की गई है। इसका अनुपालन कर किसी प्रकार के संशय से बचा जा सकता है। इस अवसर पर सिस्टम एनालिस्ट एसएन जमील ने निर्वाचन में उपयोग आने वाले ऑनलाइन एप्लीकेशन के बारे में जानकारी दी। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ डीसी ने की बैठक

रांची। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त वरुण रंजन ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि के साथ बैठक की। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि को चुनाव की घोषणा से पहले 72 घंटो के लिए एमसीसी-एसओपी के बारे जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त वरुण रंजन ने बैठक में आए हुए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि से कहा की भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए सभी दिशा-निर्देश का पालन सुनिश्चित करें। इसके लिए सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल को दिशा निर्देश का पालन करना अतिआवश्यक है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा की कोई भी चुनावी सभा के लिए प्रशासन से परमिशन लेना जरुरी होगा। ताकि बड़े नेता जिन्हें उच्च श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है, उनके लिए सुरक्षा के इंतजाम किए जा सकें ताकि किसी भी अप्रिय घटना को होने से रोका जा सकें। कोई भी चुनावी सभा का खर्च पार्टी को स्वयं कराना है, इसमें प्रशासन किसी प्रकार का खर्चा नही करेगी। उन्होंने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि से कहा की चुनावी सभा, चुनावी रैली के लिए ऑनलाइन के माध्यम से परमिशन लिया जा सकता है।

# हुंडरू फॉल में डूबे बंगाल के छात्र का शव दूसरे दिन निकाला गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हुंडरू फॉल में नहाने के दौरान डूब गए बंगाल के छात्र 18 वर्षीय अनिमेष दास का शव बुधवार को चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया। सिकिदिरी थाना की पुलिस और पर्यटन सुरक्षा समिति के संरक्षक बालेश्वर बेदिया के नेतृत्व में पर्यटनकर्मी रंजन बेदिया, बुधराम बेदिया, विष्णु कुमार बेदिया, पवन भोगता, सूरज बेदिया, मोहित बेदिया, सोनू बेदिया और महेशवर बेदिया ने अपनी जान जोखिम में डालकर शव को खोह से निकाला। सुबह साढ़े आठ बजे सभी पर्यटनकर्मी पानी के नीचे उतरे और चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद साहेब चिपुआ दह की चट्टानों के बीच फंसे एक खोह से शव को रस्सी के सहारे पानी से बाहर निकाला गया। पानी में गिरने और चट्टानों से टकराकर मृतक के शरीर के कई हिस्सों में जख्म के निशान थे। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। वहीं मृतक के पिता खोखन चंद्र दास और उसके मामा अपने अन्य रिश्तेदारों के साथ बुधवार की सुबह हुंडरू फॉल पहुंचे। जवान बेटे का शव देखते ही पिता और मामा फफक पड़े। ज्ञात हो कि पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर जिले के सबंग थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव निवासी अनिमेष दास मंगलवार को एक कोचिंग संस्थान आइडियल कोचिंग से 10 शिक्षकों और 78 दोस्तों के साथ हुंडरू फॉल घूमने आया था। नहाने के दौरान वह पानी के तेज बहाव में चट्टानों के बीच एक खोह में फंस गया था। घटना के बाद से पर्यटक मित्र और सिकिदिरी थाना की पुलिस शव को बाहर निकालने में जुटे थे, परंतु पानी की तेज धार होने के कारण मंगलवार को शव को बाहर नहीं निकाला जा सका था। पानी के प्रवाह को कम करने के लिए तिरपाल और बांस का उपयोग कर पानी की दिशा बदलकर शव निकाला गया।

# झारखंड में पहली बार ऑनलाइन नामांकन की सुविधा : भाजपा

**रांची।** राज्य के सभी राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधियों के साथ मुख्य चुनाव पदाधिकारी के रवि कुमार ने बैठक की और चुनाव घोषणा की जानकारी दी। बैठक में भाजपा की ओर से सुधीर श्रीवास्तव मौजूद थे।

श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक में बताया गया कि पहली बार झारखंड में ऑनलाइन नामांकन का प्रयोग किया जाएगा, ऑनलाइन नामांकन भरने के बाद यदि उसमें कोई त्रुटि हो तो उसको आरओ के पास सुधारा जा सकता है। चुनाव घोषणा के 24 घंटा के अंदर सभी होर्डिंग/बोर्डिंग हटाने का आदेश जारी हो गया है। घोषणा के 72 घंटा के अंदर घरों से झंडा, बैनर, दीवार लेखन आदि हटाएं जाएं। ऑनलाइन नामांकन का यह पहला प्रयोग है।

# न्यूज बॉक्स

## भाजपा में जाने की बात महज अफवाह : अजय नाथ शाहदेव



**रांची।** झारखंड के तीन नेताओं के बारे में कई तरह की खबरे चल रही है। एक तो अजय नाथ शाहदेव का बीजेपी में जाने का, दूसरा उमाकांत रजक का आजसू छोड़ जेएमएम में जाने का और तीसरा नवीन जायसवाल का रांची विधानसभा से चुनाव लड़ने का। इस संबंध में अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि यह अफवाह है। वहीं उमाकांत रजक ने कहा कि टिकट देने के लिए गुरुजी और हेमंत सोरेन को धन्यवाद। अभी जेएमएम ज्वाइन नहीं किए है, बहुत जल्द ज्वाइन करेंगे। कुछ मीडिया में खबर चल रही है कि नवीन जायसवाल हटिया विधानसभा सीट छोड़ना नहीं चाहते है।

## जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में आर्ट-81 महोत्सव का आयोजन



**रांची।** नगर निगम रांची के उप प्रशासक गौतम प्रसाद ने आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर बैठक की। इसमें सभी वार्ड सुपरवाइजर को स्वीप से संबंधित निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि 18 व 19 अक्टूबरको जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में आर्ट-81 महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कला के माध्यम से मतदाताओं को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इस कार्यक्रम में लाइव पेंटिंग, स्टेज परफॉरमेंस, फूड कोर्ट, क्विज इत्यादि का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने सभी सुपरवाइजर को उक्त कार्यक्रम से संबंधित वृहद प्रचार-प्रसार भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसमें आम नागरिक भी अपनी चुनाव-थीम वाली पेंटिंग, नारे, कविता या चित्रकारी साझा कर सकेंगे।

## अपना बाजार मेले में नजर आयेगी महिला उद्यमियों की प्रतिभा



**रांची।** 18 और 19 अक्टूबर को कांके रोड स्थित वसंत विहार कालोनी में दो दिवसीय 'अपना बाजार' दिवाली मेले का आयोजन किया गया है। आयोजककर्ता राधा रोल ड्रोलिया ने बताया कि महिला सशक्तीकरण के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं उनके व्यापार को प्रोत्साहन देने के लिए यह प्रयास किया जा रहा है। इसमें हर वर्ग की महिलाएं यहां अपने व्यापार के समानों का प्रदर्शन करेंगी। करवा चौथ ,दिवाली , सूर्यदेव की उपासना का पर्व छठ ,साथ साथ अन्य नजदीकी त्योहार एवं आने वाले शादी विवाह के सीजन को ध्यान में रखते हुए इस मेले में सभी महिला उद्यमियों ने अपने समान का प्रदर्शन करने का विचार किया है। अपना बाजार अपने लिए, अपनों के द्वारा बेहतरीन सामान कम दाम का एक अनूठा प्रदर्शन स्थल है। यहां महिला परिधान,डिजाइनर कपड़े, जेवर ,आर्टिफिशियल गहने, गिफ़्ट आइटम ,हाथ से बने गहने ,बच्चों के कपड़े ,खिलौने,दिवाली के दीपक बंदरवार,तोरन,फुटवेयर,बेडशीट,स्टेशनरी का सामान, कुशन कवर ,दोहड़, होम डेकोर, घर के बने खाने के सामान, कुकीज ,केक,बिस्कुट,ऑर्गेनिक पास्ता नूडल,भगवान के कपड़े,लक्ष्मी गणेश की मूर्ति पूरे सजावट, बाकी सभी भगवान के वस्त्र ,अचार ,पापड़ सहित कई उत्पाद उपलब्ध होंगे।

## जदयू झारखंड में गैस सिलिंडर चिन्ह लड़ेगी चुनाव

**रांची।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) झारखंड में गैस सिलेंडर के सिंबल पर चुनाव लड़ेगी। चुनाव आयोग की ओर से इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। विधानसभा चुनाव के तारीखों का एलान हो चुका है। बता दें कि झारखंड में जदयू एनडीए गठबंधन का हिस्सा है। एनडीए की ओर से जल्द प्रत्याशियों की सूचि जारी कर दी जाएगी। एनडीए गठबंधन में जदयू के साथ सीट शेयरिंग का फामूर्ला लगभग तय माना जा रहा है। झारखंड चुनाव प्रभारी खीरु महतो के बयानों के मुताबिक जदयू आलाकमान 9-10 सीटों पर चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी। हालांकि, सूत्रों के अनुसार जदयू को 2 सीटें ही मिलने जा रही है और इसपर केंद्रीय नेतृत्व की सहमति बनने की संभावना है।

## सदर अस्पताल में लेड जांच का आधुनिक मशीन लगाया गया



**रांची।** सदर अस्पताल रांची के डीपीएच लैब स्थित जिला शीशा विषाक्तता केंद्र का सुचारू रूप से संचालन किया गया। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि लेड विषाक्तता ज्यादा बढ़ जाने से किडनी, हार्ट, लीवर इत्यादि पर बहुत बुरा असर पड़ता है। शीशा विषाक्तता की जांच के लिए आधुनिक मशीन सदर अस्पताल में लगने से इससे संबंधित मरीजों की जांच और ससमय रिपोर्ट आसानी से मिल पाएगी। सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने सबसे पहले अपनी जांच कराकर इसकी शुरूआत की।

# झारखंड के संपूर्ण विकास के लिए डलब इंजन की सरकार जरूरी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची/धनबाद।** केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा झारखंड के संपूर्ण विकास के लिए यहां डलब इंजन की सरकार जरूरी है। यदि झारखंड में डलब इंजन की सरकार बनी, तो राज्य में कोयला चोरी रुकेगी और कायले का उत्पादन बढ़ने के साथ ही प्रदूषण पर भी रोक लगेगी। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक व प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन में भाग लेने बुधवार को धनबाद पहुंचे मेघवाल पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सम्मेलन का आयोजन अग्रसेन भवन में हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा का चुनावी एजेंडा गुड गवर्नेन्स और विकास होता है। क्योंकि पार्टी सुशासन में विश्वास रखती है और विकास को प्राथमिकता देती है। जिस राज्य में भी डबल इंजन की सरकार है, वहां तेजी से विकास हो रहा है। गुड गवर्नेन्स भी तेजी से आता है। इसलिए झारडंड वासियों को अगर सही मायने में राज्य का संपूर्ण विकास चाहिए तो भाजपा की सरकार बनाएं। उन्होंने कहा कि केंद्र से मिलने वाले फंड का दूसरे दलों के मुख्यमंत्री अपने नाम से योजना चलाने के लिए डायवर्सन शुरू कर देते हैं। झारखंड में यही हो रहा है। यहां की गठबंधन सरकार केंद्र से मिलने वाली पेंशन की सारी योजनाओं को बंद कर मंईयां सम्मान योजना ले आई। यह गवर्नेंस मॉडल नहीं है।गवर्नेंस मॉडल का मतलब जो सारी योजनाएं चल रही हैं, वह चलें। राज्य सरकार ने जो नई योजनाएं शुरू की है, उसके लिए पहले सही रूप में वित्तीय पबंधन होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से नरेंद्र मोदी की सरकार ने झारखंड को फंड देने में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया है।

# कैश सीजर मामलों में व्यापारियों को राहत दिया जाय : चैंबर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**


चुनावी आचार संहिता प्रभावी होने के कारण इस दौरान आर्थिक गतिविधियां प्रभावित न हों, इस मुद्दे पर चैम्बर भवन में पदाधिकारियों की एक बैठक हुई। इस बात पर चिंता जताई गई कि चुनावी मौसम के बीच त्यौहार का समय भी नजदीक है। प्रदेश के कई जिलों से व्यापारी राजधानी रांची खरीदारी करने के लिए आवागमन करते हैं। आचार संहिता के कारण कई बार व्यापारियों की कैश जब्त कर ली जाती है जिससे अनावश्यक कठिनाई होती है। झारखण्ड चैंबर कैश सीजर मामलों में व्यापारी वर्ग को रियायत देने की मांग राज्य निर्वाचन आयोग से करता है और आग्रह करता है कि कैश की बरामदगी होने पर उचित दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने पर संबंधित लोगों की रकम वापस लौटा दी जाय। चचार्ओं के क्रम में सदस्यों ने कहा कि दस्तावेज के साथ 5 लाख रुपए तक आपसी लेन-देन करनेवाले व्यापारियों को छूट दी जानी चाहिए। चैम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि उच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार कैश सीजर मामले में वीडियोग्राफी भी कराये जाने का प्रावधान है। आयोग द्वारा इसका अनुपालन भी अवश्य किया जाना चाहिए। फिलहाल दिवाली, छठ पूजा के साथ ही शादी-विवाह का सीजन भी है जिससे लोग पूरे राज्य से अपने जरूरत के सामान की खरीदारी करने आते हैं। ऐसे में आवश्यक है कि उचित दस्तावेज प्रस्तुत करने पर लोगों को रियायत दी जाय। चुनाव के कारण आर्थिक गतिविधियां प्रभावित न हों, इस हेतु निर्वाचन आयोग को इस मामले में उचित कार्रवाई करनी चाहिए। मौके पर चैम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, नवजोत अलग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल और कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण लोहिया आदि उपस्थित थे।



# दीपावली व छठ महापर्व को लेकर रांची नगर निगम ने की बैठक

- दिवाली व छठ महापर्व में सफाई पर दें विशेष ध्यान : उप प्रशासक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



दीपावली व छठ महापर्व को लेकर रांची नगर निगम के उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू की अध्यक्षता में स्वच्छता शाखा के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक हुई। मौके पर उप प्रशासक ने कहा कि जिस मुस्तैदी के साथ दुर्गा पूजा के दौरान कार्य किए गए। उसी प्रकार दिवाली व छठ महापर्व के दौरान कार्य करना सुनिश्चित करे। दीपावली में हर घर में साफ-सफाई होती है और यह निगम की जिम्मेदारी है कि त्योहारों के दौरान एक स्वच्छ और सुंदर वातावरण नागरिकों को प्रदान करे। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि सभी टीम समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करे। इसके मद्देनजर सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाए। उन्होंने निर्देश दिया कि नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत कुल 72 छठ घाट चिन्हित किए गए है, सभी घाटों तथा उनके संपर्क पथों पर प्रतिदिन सुचारू रूप से झाड़ू, कूड़े का उठाव, झाड़ियों की कटाई इत्यादि कार्य सुनिश्चित करें। इसके साथ ही बड़े घाटों में वीड हार्वेस्टिंग मशीन का उपयोग आवश्यकतानुसार करे। इसके अलावा उन्होंने निगम के फॉगिंग से संबंधित टीम को शहर के सभी 53 वार्डों में नियमित फॉगिंग व एंटी लार्वा दवा का छिड़काव करने का निर्देश दिया। मौके पर सहायक प्रशासक निहारिका तिर्की, निकेश कुमार, गोपेश कुंभकार, नगर प्रबंधक, जोनल सुपरवाइजर, वॉर्ड सुपरवाइजर एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## पोक्सो एक्ट में दर्ज कांडों का समय पर हो निष्पादन : एडीजी

**रांची।** पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज कांडों का निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का एडीजी अभियान संजय आनन्द लाठकर ने निर्देश दिया है। बुधवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित किया था। इस दौरान एडीजी ने जिले के एसपी को यह निर्देश दिए। इस बैठक में रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी भी शामिल हुए थे। इस बैठक में एडीजी अभियान ने महिलाओं के के खिलाफ होने वाले लैंगिक और पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज कांडों के निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादन की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिन जिलों के निष्पादन स्तर में कमी पाया गया, उन जिलों के एसपी को कांड के निष्पादन के कई बिन्दुओं पर निर्देश देते हुए।

## आधा सच आधा फसाना

# एनडीए में सबको चाहिए टूंडी भाजपा देने के पक्ष में नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड में चुनाव की घोषणा हो गयी है। एनडीए में सीट शेयरिंग की घोषणा अभी तक नहीं हुई है। इस बीच चौक चौराहों पर चर्चा हो रही है कि एनडीए घटक दलों के बीच बात नहीं बनी है। सूत्र बताते हैं कि एनडीए में सबसे डिमांडिंग सीट टूंडी है। इस सीट को जदयू, लोजपा और आजसू तीनों ने डिमांड किया है। वहीं बीजेपी इस सीट को किसी और को देना नहीं चाहती है। जानकारी के अनुसार एनडीए के घटक दलों ने आधे से अधिक सीट का डिमांड किया है जो बीजेपी देना नहीं चाहती है। इस लिए अब तक सीट शेयरिंग की घोषणा नहीं हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीजेपी की ओर से राजीव ओझा का नाम तय कर लिया गया है। चर्चा यह भी है कि आजसू से दो बार चुनाव लड़ चुके रोशन लाल चौधरी बीजेपी से चुनाव लड़ सकते है। सीट शेयरिग में बड़कागांव सीट बीजेपी के हिस्से जा रही है और रोशन लाल चौधरी बीजेपी में शामिल हो कर बड़कागांव से चुनाव लड़ सकते है।

# गोमिया, सिल्ली और रामगढ़ विधानसभा चुनाव क्षेत्र में होगा दिलचस्प मुकाबला

**रजनीश**



योगेंद्र प्रसाद | ममता देवी | अमित महतो

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा हो गई है। 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में चुनाव होना है। झारखंड में सबसे ज्यादा दिलचस्प मुकाबला रामगढ़, सिल्ली और गोमिया विधानसभा सीट पर होगा। दरअसल गोमिया विधानसभा सीट से वर्तमान विधायक डॉ लम्बोदर महतो और पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद के बीच मुकाबला होने की संभावना है। रामगढ़ विधानसभा सीट से वर्तमान विधायक सुनीता चौधरी और पूर्व विधायक ममता देवी के बीच मुकाबला हो सकती है। सिल्ली विधानसभा से वर्तमान विधायक सुदेश महतो और पूर्व विधायक अमित महतो के बीच मुकाबला होने की संभावना है। योगेंद्र प्रसाद, ममता देवी और अमित महतो में संयोग यह बन रहा है कि तीनो विधायकों ने अपने कार्यकाल को पूरा नहीं किया था। अमित महतो और योगेंद्र प्रसाद को 2018 में किसी मामले में लोअर कोर्ट ने सजा सुनाई थी। वहीं ममता देवी को दो मामलों में 2022 और 2023 में सजा सुनाई गयी थी, जिसके बाद ममता देवी की सदस्यता चली गई। अमित महतो ने 2023 में निचली अदालत के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी और हाईकोर्ट ने उनके 2 साल की सजा को एक साल कर दिया। इसके बाद वह चुनाव लड़ने के योग्य हो गए। ममता देवी ने भी निचली अदालत के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट गई। हाईकोर्ट ने ममता देवी के सजा पर रोक लगा दिया, अब ममता देवी भी चुनाव लड़ने के योग्य हो गई हैं। 2018 में जब योगेंद्र प्रसाद की सदस्यता चली गई तो गोमिया विधानसभा उपचुनाव में योगेद्र प्रसाद की पत्नी बबीता देवी ने जेएमएम के टिकट पर चुनाव लड़ी जो आजसू से चुनाव लड़ रहे डॉ लम्बोदर महतो को हरा कर विधायक बनीं। वहीं अमित महतो की पत्नी सीमा महतो जेएमएम की टिकट से चुनाव लड़ी और सुदेश महतो को हरा कर विधायक बनीं। ममता देवी को सजा होने के बाद उनके पति बजरंग महतो कांग्रेस के टिकट से चुनाव लडे, लेकिन सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता चौधरी ने यहां से जीत हासिल की। इन तीनों विधानसभा में दिलचस्प बात यह होगी कि यदि ममता देवी, योगेद्र प्रसाद और अमित महतो चुनाव लड़ते हैं तो ये तीनों पूर्व विधायक आजसू उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ेंगें। ममता देवी, योगेंद्र प्रसाद और अमित महतो को चुनाव लड़ने की संभावना है। ऐसी संभावना इस लिए जताई जा रही है कि तीनों लोग अपने -अपने विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय हैं।

## आर्ट 81 महोत्सव को लेकर डीसी ने की बैठक

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त वरुण रंजन आर्ट 81 महोत्सव को लेकर बैठक की। इस महोत्सव के माध्यम से मतदाताओं को जोड़ने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, कार्यालय द्वारा 18-19 अक्टूबर को जयपाल सिंह स्टेडियम में आयोजित होने वालें महोत्सव के सफल संचालन को लेकर बैठक आयोजित करते हुए सभी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस बैठक में उप विकास आयुक्त सह स्वीप नोडल पदाधिकारी दिनेश कुमार यादव, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-संयुक्त सचिव सुबोध कुमार सहायक समाहर्त्ता-सह-सहायक दंडाधिकारी आदित्य पांडेय एवं स्वीप टीम उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### झारखंड में सभी सरकारों ने आदिवासियों...

का अवसर नहीं मिलता है, तो पार्टी सभी 81 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। व्यास जी गोंड ने भाजपा और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड में अब तक जितनी भी सरकारें बनीं, उन्होंने आदिवासियों को छलने का काम किया है। आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बावजूद, आदिवासियों का बड़े पैमाने पर शोषण हो रहा है और वे आज भी पलायन और गरीबी की मार झेल रहे हैं। उन्होंने पलामू प्रमंडल में भाजपा के सभी विधायकों की स्थिति पर बात करते हुए कहा कि इस बार बदलाव निश्चित है और समाजवादी पार्टी यहां जीतने आई है।

### गठबंधन की स्थिति...

भरोसा जताया कि कम से कम पांच विधायक इस बार जीतकर आएंगे, जिससे पार्टी की स्थिति और मजबूत होगी। प्रेस वार्ता में समाजवादी पार्टी युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अभिनव कुमार भी उपस्थित थे।

### केंद्र सरकार ने रबी फसलों के लिए...

की वृद्धि हुई है। बताया गया कि गेहूं के लिए एमएसपी 2275 रुपये से बढ़ाकर 2425 रुपये प्रति क्विंटल, जौ का एमएसपी 1850 रुपये से बढ़ाकर 1980 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। चने पर एमएसपी 5440 रुपये से बढ़ाकर 5650 रुपये प्रति क्विंटल की गई है। दाल (मसूर) पर एमएसपी 6425 रुपये से बढ़ाकर 6700 रुपये प्रति क्विंटल की गई है। सरसों पर एमएसपी 5650 रुपये से बढ़ाकर 5950 रुपये प्रति क्विंटल की गई। वहीं, सूरजमुखी पर एमएसपी 5800 रुपये से बढ़ाकर 5940 रुपये प्रति क्विंटल की गई है। सरकार की ओ से कहा जा रहा है कि रबी फसलों के लिए एमएसपी में यह बढ़ोतरी केंद्र सरकार के 2018-19 के बजट में की गई घोषणा के अनुरूप है, जिसमें एमएसपी को उत्पादन की कुल लागत से कम से कम डेढ़ गुना तय करने की बात की गई थी। सरकार कह रही है कि इस बढ़ोत्तरी से किसानों की आय में सुधार होगा। सरकार के अनुसार, अखिल भारतीय औसत उत्पादन लागत पर अनुमानित मार्जिन गेहूं के लिए 105 प्रतिशत है, इसके बाद सरसों के लिए 98 प्रतिशत है, दाल के लिए 89 प्रतिशत, चने के लिए 60 प्रतिशत, जौ के लिए 60 प्रतिशत और कुसुम के लिए 50 प्रतिशत है। सरकार ने कहा कि रबी फसलों की बढ़ी हुई एमएसपी यह सुनिश्चित करेगी कि किसानों के लिए उनकी फसल लाभाकारी हो।

**डॉ. स्वामीनाथन ने 2006 में सौंपी थी रिपोर्ट :** मालूम हो कि डॉ. एमएस स्वामीनाथन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय किसान आयोग ने 2006 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। आयोग ने कहा था कि एमएसपी, कृषि उपज यानी खेती की औसत लागत से कम से कम 50 प्रतिशत अधिक होनी चाहिए। लेकिन इस सिफारिश को लागू नहीं किया गया। इसके लिए किसान अभी भी दिल्ली-हरियाणा बोर्डर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकार की घोषणा के अनुसार कई उत्पादों में इससे बेहतर मार्जिन दिया जा रहा है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## नाइजीरिया में ईंधन से भरे टैंकर में विस्फोट, 90 लोगों की मौत

**अबुजा (नाइजीरिया)** । नाइजीरिया में ईंधन टैंकर में विस्फोट होने से कम से कम 90 लोगों की जान चली गई। यह वाकया मंगलवार रात उत्तर-पश्चिम नाइजीरिया के जिगावा राज्य में हुआ। जिगावा पुलिस के प्रवक्ता शिइसू एडम ने बुधवार को कहा कि यह दुर्घटना जिगावा राज्य के तौरा स्थानीय सरकारी क्षेत्र के माजिया टाउन में हुई। अधिकांश पीड़ित दुर्घटनास्थल को घेरने के बाद हुए विस्फोट में मारे गए। एडम ने कहा कि विस्फोट में 50 अन्य लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि रात करीब 11:30 बजे माजिया टाउन में खदीजा विश्वविद्यालय के पास टैंकर चालक ने नियंत्रण खो दिया और उसमें विस्फोट हो गया। इसके बाद उसमें आग लग गई। उन्होंने कहा कि नाइजीरिया में आमतौर पर नागरिक ईंधन टैंकर हादसे के वक्त दुर्घटनास्थल को घेर लेते हैं। उनका मकसद ईंधन निकालना होता है। इस दुर्घटना में भी ऐसा ही हुआ। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि चेतावनी के बावजूद लोग बाज नहीं आते और दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि नाइजीरिया के विभिन्न हिस्सों में टैंकर दुर्घटनाओं में सैकड़ों लोग जान गंवा चुके हैं।

## इजराइल के राजदूत पहुंचे अयोध्या रामलला के दर्शनकर हुए भावविभोर




**अयोध्या।** भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने आज यहां श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलाल के दर्शन किए। उनके साथ श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय भी रहे। प्रभु श्रीराम के दर्शन कर भावविभोर हुए अजार ने कहा कि वह अयोध्या में भगवान राम के इस भव्य मंदिर के दर्शन कर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह यहां पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों की अपार संख्या को देखकर प्रभावित हैं। यह हिंदू आस्था के लिए इस स्थान के महत्व का प्रमाण है। रूवेन अजार ने कहा भारत की तरह इजराइल की भी अपनी प्राचीन धार्मिक विरासत है। सचमुच भक्ति से ताकत मिलती है। वह प्रभु राम के प्रति तीर्थयात्रियों की भक्ति देखकर प्रभावित हैं। श्रीराम जन्मभूमि पहुंचने पर रूवेन अजार का ट्रस्ट ने स्वागत कर स्मृति चिह्न और प्रसाद भेंट किया। इस अवसर पर ट्रस्टी डॉक्टर अनिल मिश्र भी उपस्थित रहे।

### पाकिस्तान में एससीओ की बैठक

# विदेश मंत्री बोले आतंक और व्यापार साथ-साथ नहीं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने बुधवार को इस्लामाबाद में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शिखरवार्ता में याद दिलाया कि संगठन के चार्टर में आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद को स्पष्ट रूप से चुनौती माना गया है। ऐसे में सीमा पार से इस तरह की गतिविधियां होती रहेंगी तो सहयोग विशेषकर क्षेत्रीय सहयोग संभव नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि सहयोग आपसी सम्मान और संप्रभुता पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने कहा, यदि सीमा पार की गतिविधियां- आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद होंगी तो समानांतर रूप से व्यापार, ऊर्जा प्रवाह, कनेक्टिविटी और लोगों से लोगों के बीच आदान-प्रदान के प्रोत्साहन की संभावना नहीं होंगी। एससीओ के शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक में संगठन में शामिल देशों के शीर्ष नेता शामिल होते हैं। विदेश मंत्री जयशंकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्थान पर बैठक में शिरकत करने पहुंचे कल यहां पहुंचे थे। बुधवार को एससीओ की बैठक में विदेश मंत्री ने कहा कि सहयोग एकतरफा एजेंडे पर नहीं बल्कि वास्तविक साझेदारियों पर बनाया जाना चाहिए। हमारे प्रयास तभी आगे बढ़ेंगे जब चार्टर के प्रति हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ रहेगी। यह स्वयंसिद्ध है कि विकास और प्रगति के लिए शांति और स्थिरता की आवश्यकता होती है। और जैसा कि चार्टर में कहा गया है, इसका मतलब है 'तीन बुराइयों' का मुकाबला करने में दृढ़ता से करना और इनसे समझौता न करना। उन्होंने कहा कि वैश्विक संघर्षों की बीच जलवायु परिवर्तन की गंभीर समस्या, आपूर्ति श्रृंखला की अनिश्चितता और वित्तीय अस्थिरता वृद्धि और विकास को प्रभावित कर रहे हैं। यह एक चुनौतीपूर्ण समय है।



### जयशंकर मंगोलिया के प्रधानमंत्री से मिले

**इस्लामाबाद।** भारत के विदेशमंत्री एस जयशंकर की यहां शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन से इतर मंगोलिया के प्रधानमंत्री लुव्सन्नामस्रेन ओयुन-एर्डीन से मुलाकात हुई। जयशंकर ने एक्स हैंडल इस मुलाकात का सचित्र विवरण पोस्ट किया है। उन्होंने हम दोनों ने द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा की। मंगोलिया के प्रधानमंत्री से मिलकर खुशी हुई। विदेशमंत्री जयशंकर एससीओ शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने मंगलवार को पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पहुंचे।

### स्वदेश रवाना हुए विदेश मंत्री जयशंकर

**इस्लामाबाद।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में शामिल होने के लिए पाकिस्तान दौरे पर गए भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और विदेश मंत्री इशाक डार का आभार जताया। उन्होंने एक दिवसीय दौरे के समापन के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करते हुए उनको धन्यवाद कहा। रावलपिंडी के नूर खान एयरबेस पर भारतीय वायुसेना के विमान में सवार होने के बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट किया। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत ने बुधवार को इस्लामाबाद में एससीओ सरकार के प्रमुखों की बैठक में सकारात्मक और रचनात्मक योगदान दिया।

**प्रौद्योगिकी में बड़ी संभावनाएं :** जय शंकर ने कहा कि प्रौद्योगिकी बड़ी संभावनाएं रखती है, लेकिन साथ ही नई चिंताओं को भी जन्म देती है। एससीओ के सदस्यों को इन चुनौतियों पर कैसे प्रतिक्रिया देनी चाहिए इसपर विचार करना होगा। विदेश मंत्री ने इस दौरान वैश्विक संस्थाओं में बदलाव की मांग को दोहराया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी और गैर-स्थायी दोनों श्रेणियों में व्यापक सुधार आवश्यक है।

## पीएम मोदी बने भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य

एजेंसी



पार्टी के सदस्यता अभियान का शुभारंभ


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा के देशभर में चलाए जाने वाले सक्रिय सदस्यता अभियान का बुधवार को शुभारंभ किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के सदस्यता अभियान के संयोजक विनोद तावड़े की मौजूदगी में प्रधानमंत्री मोदी पार्टी के पहले सक्रिय सदस्य बने। इसी के साथ उन्होंने पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ भी कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में कहा कि विकसित भारत बनाने के हमारे प्रयास को गति देते हुए भाजपा का प्रथम सक्रिय सदस्य बनने पर वे गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ कर रहे हैं। यह एक ऐसा आंदोलन है जो जमीनी स्तर पर हमारी पार्टी को और मजबूत करेगा तथा राष्ट्रीय प्रगति के लिए हमारे पार्टी कार्यकतार्ओं का प्रभावी योगदान सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि सक्रिय सदस्य बनने के लिए एक कार्यकर्ता को एक बूथ या एक विधानसभा क्षेत्र में 50 सदस्यों को पंजीकृत करना होगा। ऐसे कार्यकर्ता मंडल समिति और उससे ऊपर के पदों के लिए चुनाव लड़ने के पात्र होंगे। साथ ही उन्हें आने वाले समय में पार्टी के लिए काम करने के कई अवसर मिलेंगे। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने इस सदस्यता अभियान को संगठन पर्व सदस्यता अभियान 2024 नाम दिया है।

## कनाडा के वायुसेना के विमान से एयर इंडिया के यात्री शिकागो रवाना

**नई दिल्ली।** कनाडा के इकालुएत एयरपोर्ट पर लैंड कराई गई एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 127 के यात्रियों को आज गंतव्य स्थल शिकागो के लिए रवाना कर दिया गया। एयर इंडिया ने एक्स हैंडल पर जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। एयरलाइन ने लिखा है, ''एयर इंडिया को यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि फ्लाइट एआई 127 के यात्री, जिन्हें 15 अक्टूबर को कनाडा के इकालुएत एयरपोर्ट में उतार दिया गया था, अब गतंव्य शिकागो की उड़ान भर चुके हैं।''एयर इंडिया को 15 अक्टूबर को शिकागो की ओर जाने वाली फ्लाइट एआई 127 को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

## ईडी ने एन. चंद्रबाबू को आंध्र प्रदेश कौशल विकास घोटाला मामले में क्लीन चिट दी

एजेंसी



**हैदराबाद/नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित 371 करोड़ रुपये के कौशल विकास निगम घोटाला मामले में क्लीन चिट दे दी है। इसी मामले में नायडू को 53 दिन जेल में बिताना पड़ा था। जमानत पर रिहा होने के बाद आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में बहुमत मिलने के बाद वे मुख्यमंत्री बने और अब ईडी से क्लीन चिट मिलने के बाद उन्हें बड़ी राहत मिली है। हालांकि, ईडी ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की है लेकिन सूत्रों ने बुधवार को बताया कि एक दिन पहले मंगलवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को कथित तौर पर 371 करोड़ रुपये के कौशल विकास निगम घोटाला मामले में क्लीन चिट दी गई है। नायडू को पिछले साल तत्कालीन जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार में शुरू हुई जांच के दौरान गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में 53 दिन जेल में बिताने के बाद 31 अक्टूबर, 2023 को जमानत मिली थी। सीआईडी टीम ने नायडू को 9 सितंबर, 2023 को सुबह नंद्याल से गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ 2021 में सीआरपीसी की धारा 50(1)(2) के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी।

### एजुकेशन/करियर

**रजनीश ।** झारखंड में अगर आप रह कर पढ़ाई करना चाहते है, तो झारखंड में सभी प्रकार की पढ़ाई के लिए कॉलेज उपलब्ध है। झारखंड को शिक्षा हब कहे तो ये गलत नहीं होगा। यहां आईआईटी (आईएसएम), आईआईएम, सेंट्रलय यूनिवर्सीट से ले कर राज्य स्तर के संस्थान, विश्ववियालय मेडिकल कॉलेज, केद्र स्तर के शैक्षणिक संस्था, रिसर्च सेंटर, निजी विश्वविद्यालय, अनेक प्रकार के निजी, राज्य और केंद्रीय संस्थान है। कुछ ऐसे भी संस्थान है जिसकी पहचान विश्व स्तर पर है। झारखंड से पढ़ाई कर के लोग आज भारत ही बलकी विश्व भर में अपनी पहचान बचाए है। वर्तमान समय में झारखंड के शैक्षणिक संस्थानों में पूरे भारत भर से छात्र-छात्राएं पढने आते है।

**झारखंड है एजुकेशन हब**

# इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, लॉ, कृषि के लिए उपलब्ध है कई संस्थान

### झारखंड के प्रमुख संस्थाए

- आईआईटी आईएसएम, धनबाद
- एम्स, देवघर
- ट्रीपल आईटी, रांची
- आईआईएम, रांची
- एनआईटी, जमशेदपुर
- राष्ट्रीय उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान, रांची
- केंद्रीय मानश्चिकित्सा संस्थान, रांची
- एनयूएसआरएल, रांची
- रिम्स, रांची
- बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची
- झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ
- जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट

### मेडिकल कॉलेज

- राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, रांची
- शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज, धनबाद
- शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, हज़ारीबाग
- दुमका मेडिकल कॉलेज, दुमका
- महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर
- मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर
- मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, मेदिनीनगर

### अनुसंधान संस्थान

- अनुसंधान केन्द्र, रांची
- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (रांची परिसर)
- भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान, रांची
- डॉ राम दयाल मुंडा जनजातीय कल्याण अनुसंधान संस्थान, रांची
- सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, रांची
- बिहार खनन एवं खनन सर्वेक्षण संस्थान, रांची

### भारतीय प्राकृतिक रेजिन और गोंद संस्थान

- राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल), वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद
- केन्द्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान, धनबाद

### पॉलिटेक्निक और एमएसएमई संस्थान

- सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज, रांची
- सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज, आदित्यपुर
- सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज, खरसावां
- पेमिया ऋषिकेश प्रौद्योगिकी संस्थान
- अल कबीर पॉलिटेक्निक, जमशेदपुर
- जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटेक्निक एंड टेक्नोलॉजी, नामकुम
- सुभाष प्रौद्योगिकी संस्थान, गिरिडीह
- गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज
- चांडिल पॉलिटेक्निक स्कूल
- सिल्ली पॉलिटेक्निक
- पाकुड़ पॉलिटेक्निक कॉलेज
- इंडो-डेनिश टूल रूम, जमशेदपुर
- झारखंड एमएसएमई टूल रूम, टाटीसिलवाई (रांची)
- सरकारी टूल रूम एवं प्रशिक्षण केन्द्र, दुमका
- सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,जमशेदपुर
- सरकारी महिला औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, जमशेदपुर
- आरडी टाटा तकनीकी शिक्षा केन्द्र, जमशेदपुर
- टाटा स्टील टेक्निकल इंस्टिट्यूट, जमशेदपुर
- पॉलिटेक्निक विभाग, नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय, जमशेदपुर
- सरकारी महिला पॉलिटेक्निक, बोकारो
- सरकारी महिला पॉलिटेक्निक, गम्हरिया
- सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज, खुटरी, बोकारो
- सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज, धनबाद
- सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज, निरसा
- सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज, भागा (पहले खनन संस्थान भागा)
- विद्या मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी



### कृषि, डेयरी और मत्स्य विज्ञान कॉलेज

- कृषि महाविद्यालय, गढ़वा
- मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, गुमला
- रवीन्द्र नाथ टैगोर कृषि महाविद्यालय, देवघर
- तिफुलो झानो मुर्मू डेयरी टेक्नोलॉजी कॉलेज, दुमका
- लका मांझी कृषि महाविद्यालय, गोड्डा
- बागवानी महाविद्यालय, चाईबासा

### डिग्री कॉलेज

- सेंट कोलंबास कॉलेज, हज़ारीबाग़
- आनंद कॉलेज, हज़ारीबाग
- मार्खम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, हज़ारीबाग़
- सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची
- कतरास कॉलेज, कतरास, धनबाद
- मारवाड़ी कॉलेज, रांची
- डोरंडा कॉलेज, रांची
- गोस्सनर कॉलेज, रांची
- गोस्सनर थियोलॉजिकल कॉलेज, रांची
- जेएन कॉलेज, धुर्वा (रांची)
- मारवाड़ी कॉलेज, रांची
- मौलाना आज़ाद कॉलेज, रांची
- निर्मला कॉलेज, रांची
- रांची महिला महाविद्यालय, रांची
- सेंट पॉल कॉलेज, रांची
- मधुपुर कॉलेज, मधुपुर
- संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज, रांची
- सूरज सिंह मेमोरियल कॉलेज, रांची
- रामलखन सिंह यादव कॉलेज, रांची
- लोयोला कॉलेज ऑफ एजुकेशन, जमशेदपुर
- एबीएम कॉलेज, जमशेदपुर
- ग्रेजुएट स्कूल कॉलेज फॉर वुमेन, जमशेदपुर
- जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज
- जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज
- जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज
- जेकेएस कॉलेज, जमशेदपुर
- करीम सिटी कॉलेज, जमशेदपुर
- लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल कॉलेज, जमशेदपुर
- राजा शिव प्रसाद कॉलेज, झरिया
- एसएसएलएनटी महिला कॉलेज, धनबाद
- गुरू नानक कॉलेज, धनबाद
- भोलाराम सिब्बल खरकिया कॉलेज, मैथन
- पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज, धनबाद
- केएसजीएम कॉलेज निरसा, धनबाद
- सेंट जेवियर्स कॉलेज, दुमका
- बोकारो स्टील सिटी कॉलेज
- ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन, झुमरी तिलैया
- श्री राम कृष्ण महिला कॉलेज, गिरिडीह
- गिरिडीह कॉलेज
- जामताड़ा कॉलेज
- साहेबगंज कॉलेज
- गोड्डा कॉलेज
- देवघर कॉलेज
- एएस कॉलेज, देवघर
- बैद्यनाथ कमल कुमारी संस्कृत महाविद्यालय
- रमा देवी बाजला महिला महाविद्यालय, देवघर
- टाटा कॉलेज, चाईबासा
- सिमडेगा कॉलेज
- सेंट जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा
- जीसी जैन कॉमर्स कॉलेज
- कार्तिक उराँव कॉलेज, गुमला
- गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज, डाल्टनगंज
- योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय
- सुखदेव सहाय मधेश्वर सहाय डिग्री कॉलेज, तरहसी

### इंजीनियरिंग कॉलेज

- केके कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, गोबिंदपुर
- बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, देवघर
- आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, जमशेदपुर
- गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी, कांड्रा (बोकारो)
- दुमका इंजीनियरिंग कॉलेज
- रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज
- चाईबासा इंजीनियरिंग कॉलेज
- यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, हज़ारीबाग़
- बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, जमशेदपुर
- कैम्ब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, रांची
- विद्या मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, रांची
- राम टहल चौधरी प्रौद्योगिकी संस्थान, रांची
- डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मेदिनीनगर
- निलाई ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस
- मैरीलैंड इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, जमशेदपुर
- बोकारो प्रौद्योगिकी संस्थान
- **लॉ कॉलेज :** भीष्म नारायण सिंह लॉ कॉलेज, पलामू
- छोटानागपुर लॉ कॉलेज, रांची
- इमाम-उल-हक खान लॉ कॉलेज, बोकारो स्टील सिटी
- झारखण्ड सहकारी लॉ कॉलेज
- झारखण्ड विधि महाविद्यालय, कोडरमा
- लॉ कॉलेज, धनबाद
- राधा गोविंद लॉ कॉलेज, रामगढ़
- **प्रबंध कॉलेज :** जीडी बागरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, गिरिडीह
- भारतीय कोयला प्रबंधन संस्थान, रांची
- प्रबंधन अध्ययन संस्थान, रांची
- विज्ञान एवं प्रबंधन संस्थान, रांची
- केजरीवाल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, रांची
- वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग, नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय, जमशेदपुर
- **नर्सिंग कॉलेज :** नर्सिंग स्कूल (बोकारो जनरल अस्पताल)
- स्कूल ऑफ नर्सिंग (टाटा मेन हॉस्पिटल), जमशेदपुर
- नर्सिंग कॉलेज, रिम्स, रांची
- नर्सिंग कॉलेज (सेंट्रल हॉस्पिटल), धनबाद
- धनबाद कॉलेज ऑफ नर्सिंग (असरफ़ी हॉस्पिटल)
- फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग, इरबा (रांची)
- पैरामेडिकल विभाग, नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय, जमशेदपुर
- ट्राइबल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, नामकुम (रांची)
- मेटास एडवेंटिस्ट कॉलेज (सेवेंथ-डे एडवेंटिस्ट हॉस्पिटल), रांची
- सेंट बरनबास हॉस्पिटल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रांची
- महादेवी बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड क्लिनिकल टेक्नोलॉजी, महिलोंग (रांची)